


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791





वर्ष : 2, अंक : 349 रांची, गुरुवार, 04 दिसम्बर, 2025 (मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष 14, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## लोकसभा से केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित

एजेंसी



**नई दिल्ली।** लोकसभा ने बुधवार को केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 को पारित कर दिया। यह विधेयक तंबाकू उत्पाद पर मौजूदा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कंपनसेशन सेस की जगह बढ़ी हुई सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी लेगा। इसके साथ ही निचले सदन की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित हो गई। इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा के पटल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 को विचार और पारित करने के लिए रखा। सीतारमण ने सोमवार को निचले सदन में इस विधेयक को 1 दिसंबर को पेश किया था। वित्त मंत्री ने लोकसभा में केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इस विधेयक का मकसद जीएसटी मुआवजा सेस खत्म होने के बाद तंबाकू और उससे जुड़े उत्पादों पर उत्पाद शुल्क को बदलना है। उन्होंने कहा कि भारत में भी वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से पहले तंबाकू के रेट हर साल बढ़ाए जाते थे। यह मुख्य रूप से सेहत से जुड़ी चिंताओं के कारण था, क्योंकि ज्यादा कीमतें या टैक्स लोगों को यह आदत न लगाने के लिए रोकने के लिए थे।

सीतारमण ने कहा कि यहां कई मंत्रियों ने कहा कि यह एक सेस है। उत्पाद शुल्क कोई सेस नहीं है, उन्होंने कहा ये शुल्क जीएसटी से पहले भी थी। कम्पेनसेशन सेस वापस केंद्र के पास आ रहा है, जिसे उत्पाद शुल्क के तौर पर इकट्ठा किया जाएगा, जिसे राज्यों को दिए गए 41 फीसदी हिस्से पर बांटा जाएगा। सीतारमण ने कहा कि 2022 तक जो कंपनसेशन सेस इकट्ठा किया जाता था, वह राज्यों के हाथ में चला गया, इसे राज्यों को दे दिया गया और उस समय जब जीएसटी आया था, तो कानून के हिसाब से कंपनसेशन सेस पूरे 5 साल तक इकट्ठा किया जाना था और यह 2022 में खत्म हो गया। ये विधेयक केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 में बदलाव के लिए लाया गया है। यह एक्ट भारत में बने या बनाए गए सामान पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क को लगाने और वसूलने का प्रावधान करता है।

### राज्यसभा ने मणिपुर के लिए जल प्रदूषण संशोधन अधिनियम को मंजूरी दी

नई दिल्ली। राज्यसभा ने बुधवार को ध्वनिमत से एक प्रस्ताव पारित किया, जिसके तहत जल प्रदूषण रोकथाम और नियंत्रण संशोधन अधिनियम-2024 को मणिपुर में लागू करने की अनुमति दी गई है। वर्तमान में मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है, ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा पारित यह प्रस्ताव राज्य में सीधे प्रभावी होगा। इसके पहले, केंद्रीय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने मणिपुर में जल प्रदूषण रोकथाम और नियंत्रण संशोधन अधिनियम-2024 अपनाने के लिए सदन में एक वैधानिक प्रस्ताव पेश किया था। इस पर चर्चा में भाग लेते हुए वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के अयोध्या रामी रेड्डी अल्ला ने कहा कि वैधानिक ढांचे में केवल सतह के जल को नहीं बल्कि भूजल को भी शामिल किया जाना चाहिए। भूजल राज्यों का विषय है और केवल कुछ ही राज्यों ने इसे नियंत्रित करने का कानून पारित किया है। राज्यों में भूजल की अधिक निगरानी की जरूरत है।

### सरकार ने बदला नियम

## संचार साथी ऐप मोबाइल में प्री-इंस्टॉल अनिवार्य नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संचार साथी ऐप को मोबाइल फोन पर अनिवार्य रूप से प्री-इंस्टॉल करने के आदेश पर विवाद बढ़ने के बाद सरकार ने इस नियम को हटा दिया है। इसकी जानकारी केंद्रीय संचार मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने आधिकारिक बयान में कहा कि सरकार ने सभी नागरिकों को साइबर सिक्योरिटी देने के इरादे से सभी स्मार्टफोन में संचार साथी ऐप को पहले से इंस्टॉल करना जरूरी कर दिया था। यह ऐप सुरक्षित है और इसका मकसद सिर्फ नागरिकों को साइबर दुनिया में गलत लोगों से बचाना है। यह सभी नागरिकों को ऐसे गलत लोगों और कामों की रिपोर्ट करने में जन भागीदारी में मदद करता है, साथ ही यूजर्स को भी बचाता है। ऐप में यूजर्स को बचाने के अलावा कोई और काम नहीं है और वे अपने फोन से इसे हटा सकते हैं। इससे पहले संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संसद भवन में एक सवाल के जवाब में कहा कि संचार साथी ऐप का उद्देश्य सकारात्मक और लोक हितैषी है ना कि इसका मकसद स्नूपिंग करना है।

### संक्षिप्त

#### झारखंड राजभवन अब लोक भवन के नाम से जाना जाएगा, अधिसूचना जारी




**रांची।** झारखंड के राजभवन का नाम अब बदलकर अब लोक भवन कर दिया गया है। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव नितीन मदन कुलकर्णी ने बुधवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। नई अधिसूचना के अनुसार अब रांची और दुमका स्थित राजभवन को आधिकारिक रूप से लोक भवन के नाम से जाना जाएगा। अधिसूचना में बताया गया है कि यह परिवर्तन भारत सरकार के गृह मंत्रालय और झारखंड के राज्यपाल की मंजूरी के बाद लागू किया गया है। नाम परिवर्तन के फैसले का उद्देश्य संस्थान को अधिक जनोन्मुख और लोकतांत्रिक पहचान देना बताया जा रहा है। इसके लागू होने के साथ ही विभिन्न सरकारी अभिलेखों, पत्राचार, बोर्डों और संकेतक पट्टों में भी जल्द इसका परिवर्तन किया जाएगा।

#### जहरीले गैस का रिसाव दर्जनों लोग चपेट में आए

**धनबाद।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र के राजपूत बस्ती, मस्जिद मोहल्ला और 5 नंबर सहित कई इलाकों में तेज दुर्गंध फैलने के बाद जहरीले गैस रिसाव की सूचना से हड़कंप मच गया है। लगभग एक हजार की आबादी वाले इन इलाकों में दो दर्जन से अधिक लोग बीमार पड़ गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। साथ ही पीड़ित परिवार के एक घर का पालतू तोते की भी गैस की वजह से मौत हो गई है। वहीं, सूचना मिलने पर जांच टीम ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया। टीम में बीसीसीएल के सेफ्टी ऑफिसर, केंदुआडीह थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी गैस डिटेक्टर मशीन के साथ मौके पर पहुंचे। प्राथमिक जांच में अनुमान लगाया गया कि थाना के समीप स्थित जीएम गेस्ट हाउस के समीप झाड़ियों के आसपास से गैस निकल रही है। हालांकि गैस का प्रकार और रिसाव का सटीक स्रोत स्पष्ट नहीं हो पाया है।

#### सड़क हादसे में तीन की मौत, छह घायल

**हजारीबाग।** हजारीबाग में बुधवार सुबह बरही थाना क्षेत्र के गांगटाही पुल के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। इस दुर्घटना में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में एक महिला, एक पुरुष और एक बच्ची शामिल हैं। मृतकों की पहचान पूनम देवी (पति श्रीनाथ यादव), जय भगवान यादव (पिता श्रीनाथ यादव) और अंशिका कुमारी के रूप में हुई है।

# जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा का रिजल्ट जल्द होगा जारी

### हाईकोर्ट ने दिये निर्देश, सीबीआई जांच के लिए दायर याचिका खारिज

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** जेएसएससी- सीजीएल (कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा) में कथित पेपर लीक मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच कराने की मांग के लिए दायर याचिका पर उच्च न्यायालय ने अपना फैसला सुना दिया है। बुधवार को उच्च न्यायालय ने इस याचिका को खारिज करते हुए जेएसएससी को रिजल्ट जारी करने का निर्देश दिया है। मामले में उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की खंडपीठ में सुनवाई हुई। वहीं पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार, जेएसएससी और वादियों एवं सफल अभ्यर्थियों की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। राज्य सरकार की ओर से गुरुवार को महाधिवक्ता राजीव रंजन, अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल ने इस मामले में सरकार का पक्ष रखा।




वहीं सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार सिन्हा और उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने भी बहस की। उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज करते हुए जेएसएससी को रिजल्ट जारी कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन 10 अभ्यर्थियों के रिजल्ट प्रकाशन पर उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है, जिन्होंने नेपाल में रहकर परीक्षा की तैयारी की थी। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद अब राज्य में जेएसएससी- सीजीएल परीक्षा के माध्यम से होने वाली हजारों नियुक्तियों का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है।

### मुख्यमंत्री को उच्च न्यायालय से बड़ी राहत, ट्रायल कोर्ट में सशरीर उपस्थिति से मिली छूट

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। उच्च न्यायालय ने ईडी के समन की अवहेलना से जुड़े मामले में सशरीर उपस्थिति से छूट दे दी है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस अनिल चौधरी की अदालत में बुधवार को इस मामले की सुनवाई हुई। उच्च न्यायालय के इस फैसले से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ी राहत मिली है और अब उन्हें ट्रायल कोर्ट में सुनवाई के दिन सशरीर उपस्थित नहीं होना पड़ेगा। मामले में मुख्यमंत्री की ओर से वरीय अधिवक्ता अरूण चौधरी और अधिवक्ता दीपांकर राय ने पक्ष रखा।

## बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा पर मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर, तीन जवान शहीद



एजेंसी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर-दंतेवाड़ा अंतर जिला सीमा क्षेत्र के पश्चिम बस्तर डिवीजन इलाके में 12 नक्सली ढेर हो गए। इस दौरान तीन जवान बलिदान हो गए तथा घायल दो जवान खतरे से बाहर हैं। मुठभेड़ स्थल से अब तक 12 नक्सली कैडरों के शव बरामद किए गए हैं। शव के साथ मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुए हैं। फिलहाल, मृतकों की पहचान की जा रही है। बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि बुधवार सुबह 9 बजे डीआरजी दंतेवाड़ा-बीजापुर, एसटीएफ एवं सीआरपीएफ कोबरा की संयुक्त टीम इलाके में सर्च ऑपरेशन के लिए रवाना हुई थी। अभियान के दौरान नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने आक्रामक कार्रवाई करते हुए 12 नक्सली कैडरों को ढेर कर दिया। इस मुठभेड़ में डीआरजी बीजापुर के तीन जवान प्रधान आरक्षक मोनू वडाड़ी एवं आरक्षक दुकारू गोंडे एवं रमेश सोड़ी बलीदान हो गए। वहीं, दो जवान सोमदेव यादव और एक अन्य घायल हो गए। फिलहाल, दोनों घायल जवान खतरे से बाहर हैं। मुठभेड़ स्थल से अब तक 12 नक्सली कैडरों के शव बरामद किए गए हैं। शव के साथ मुठभेड़ स्थल से एसएलआर और .303 की राइफलों के साथ ही अन्य हथियार व गोला-बारूद भी बरामद किए हैं।

## स्पीकर ने शीतकालीन सत्र को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष(स्पीकर) रबीन्द्रनाथ महतो बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में शीतकालीन सत्र को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में उन्होंने आगामी सत्र के सुचारु संचालन के लिए विभागों पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिया। अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यों के स्वीकृत अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों के उत्तर निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व शाम चार बजे तक संबंधित विभाग की ओर से निश्चित रूप से झारखंड विधानसभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सत्रावधि के दौरान



पदाधिकारी दीर्घा में वरीय पदाधिकारियों उपस्थित रहने का निर्देश दिया। स्पीकर ने कहा कि अधिकारी सदस्यों के जरिये दिए गए शून्यकाल की सूचना पर लंबित शून्यकाल का उत्तर उपलब्ध कराएं। साथ ही उन्होंने सदस्यों के स्वीकृत ध्यानाकर्षण सूचनाओं के उत्तर भी समय पर उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि जिन विधेयकों को सभा के विचार के लिए लाया जाना है, उसकी सूचना संबंधित मंत्री के पत्र और विधेयक की प्रति, सत्र में विधेयक के लिए निर्धारित तिथि से तीन दिन पूर्व झारखंड विधानसभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जाए ताकि सदस्यों के बीच ससमय विधेयक की प्रतियों का परिचालन हो सके।

### 72 घंटे के अंदर रिम्स कैंपस से हटेगा अतिक्रमण

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने रिम्स कैंपस की अव्यवस्था पर कड़ा रुख अपनाते हुए 72 घंटे के भीतर पूरे परिसर से अतिक्रमण हटाने का सख्त आदेश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं की गई, तो इसे कोर्ट की अवमानना माना जाएगा। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान की खंडपीठ ने बुधवार को जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान रिम्स प्रशासन पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कैंपस में फैला अतिक्रमण मरीजों, छात्रों और अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर असर डाल रहा है। कोर्ट ने पुलिस और जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि किसी भी बहाने या देरी को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## सीईसी ज्ञानेश कुमार ने आईआईडीईए के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को वर्ष 2026 के लिए अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनावी सहायता संस्थान (आईआईडीईए) के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाल लिया। संस्थान की परिषद् में 35 देश हैं। स्टॉकहोम, स्वीडन में आयोजित सदस्य देशों की परिषद् की बैठक में उन्होंने आईआईडीईए के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में स्वीडन में भारत के राजदूत अनुराग भूषण भी उपस्थित थे।



अंतरराष्ट्रीय आईडीईए, 1995 में स्थापित एक अंतर-सरकारी संगठन है जो विश्वभर में लोकतांत्रिक संस्थानों और प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। अध्यक्ष के रूप में ज्ञानेश कुमार वर्ष 2026 के दौरान परिषद् की सभी बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। चुनाव आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार संस्था के संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ने आईआईडीईए के संचालन, नीति-निर्धारण और लोकतांत्रिक विमर्श में वर्षों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अपने स्वीकृति भाषण में मुख्य चुनाव आयुक्त ने भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विशाल स्वरूप का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत अब अपने अनुभव, मूल्यों और लोकतांत्रिक विरासत को विश्व के साथ साझा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

### प्रधानमंत्री ने देशवासियों से प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की, बोले -

## भारत के कृषि क्षेत्र में प्राकृतिक खेती ला सकती है क्रांतिकारी बदलाव

**प्रधानमंत्री ने भारत में प्राकृतिक खेती की संभावनाओं पर विचार प्रस्तुत किए**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को देशवासियों से प्राकृतिक खेती अपनाने और इसे बढ़ावा देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह न केवल कृषि की लागत में कमी लाता है, बल्कि मिट्टी की सेहत, पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने में भी सक्षम है। प्रधानमंत्री ने अपने आधिकारिक लिंक्डइन पोस्ट में विस्तृत लेख साझा किया, जिसमें उन्होंने हाल ही में कोयंबटूर में आयोजित साउथ इंडिया नेचुरल फार्मिंग समिट 2025 में शामिल होने के



अनुभव और भारत में प्राकृतिक खेती की संभावनाओं पर विचार प्रस्तुत किए।

प्रधानमंत्री ने लेख में बताया कि उन्होंने कुछ माह पहले तमिलनाडु के किसानों के एक समूह ने उनसे मुलाकात की और प्राकृतिक खेती के अपने नवाचारी तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। इसी दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को कोयंबटूर में होने वाले प्राकृतिक खेती सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया था। प्रधानमंत्री ने किसानों का यह आमंत्रण स्वीकार करते हुए 19 नवंबर को इस सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि परंपरागत रूप से एमएसएमई हब माने जाने वाले कोयंबटूर में प्राकृतिक खेती पर ऐसा बड़ा आयोजन होना, अपने आप में कृषि जगत की नई सोच, नए आत्मविश्वास और भविष्य की दिशा को दर्शाता है।

अपने लेख में प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती भारत की प्राचीन कृषि-ज्ञान परंपरा और आधुनिक पारिस्थितिक सिद्धांतों का समन्वित रूप है। इसमें बिना रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के फसलों की खेती की जाती है। प्राकृतिक खेती में फसलों, पेड़ों और पशुधन को एक ही खेत में सहजीवी रूप से विकसित होने दिया जाता है, जिससे जैव विविधता और मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है। इसके साथ ही खेत के अवशेषों के पुनर्चक्रण, मल्चिंग और प्राकृतिक पोषक तत्वों के उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता दीर्घकालीन रूप से सुधरती है।

## नौसेना को जल्द मिलेगा लड़ाकू विमान राफेल एम

**2029 तक पहला सेट मिलने की उम्मीद**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फ्रांस और भारत के रिश्ते डील के बाद नई दिशा की ओर बढ़ते दिख रहे हैं। पहले भारतीय सेना ने अपनी स्कवाडन के लिए राफेल को चुना था, अब नौसेना ने भी राफेल को चुना है। भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भारत फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की डील को अगले कुछ महीनों में फाइनल करेगा।

नौसेना प्रमुख त्रिपाठी ने कहा है कि हमें उम्मीद है कि 2029 तक नेवी को चार राफेल का पहला सेट मिल जाएगा। जुलाई 2023 में ही रक्षा मंत्रालय ने इस खरीद को मंजूरी दे दी थी। पहले चार राफेल मरीन जेट 2029 के अंत तक मिल जाएंगे। इसके बाद 2030 में पांच और 2031 तक बाकी सभी 26 विमान नौसेना में शामिल हो जाएंगे। राफेल एम भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस विक्रांत के लिए उपयुक्त होगा। राफेल एम का इस्तेमाल अभी ग्रीस, इंडोनेशिया और यूएई की सेनाएं कर रही हैं।



# भाजपा के साथ साठगांठ की अटकलों को झामुमो ने सिरे से किया खारिज

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन द्वारा जेएमएम को एक भी सीट न दिए जाने के बाद से झारखंड की सियासत में अजीबोगरीब अफवाहों का बाजार गर्म है। इन अफवाहों को उस वक्त और बल मिला जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ 28 नवंबर की देर शाम दिल्ली पहुंचे। सोशल मीडिया पर यह दावा तेजी से वायरल होने लगा कि दोनों ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से गुप्त मुलाकात की है और बहुत जल्द झारखंड का राजनीतिक परिदृश्य बदलने वाला है। कहा जाने लगा कि इंडिया गठबंधन में नाराज चल रहे हेमंत सोरेन एनडीए में शामिल होने जा रहे हैं। हालांकि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने इन अफवाहों पर तुरंत पूर्ण विराम लगा दिया। पार्टी महासचिव व प्रवक्ता विनोद पांडेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मुख्यमंत्री का दिल्ली दौरा पूरी तरह निजी था। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा, भाजपा का काम ही अफवाह और साजिश फैलाना है। लेकिन झामुमो के तीन शब्द हैं- झारखंड झुकेगा नहीं। इन तीन शब्दों से न सिर्फ सारी अफवाहें खत्म हो गईं, बल्कि भाजपा को भी करारा जवाब मिल गया। पांडेय ने कहा कि जनता सब देख रही है और भाजपा को जनादेश का अपमान बंद कर सकारात्मक राजनीति करनी चाहिए।

## झामुमो यूथ विंग ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा - हेमंत सोरेन नाम ही काफी है

झामुमो यूथ विंग ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, हेमंत सोरेन नाम ही काफी है। संघर्ष से सीखा है, सेवा से जीता है और न्याय के लिए लड़ना आता है। पार्टी ने साफ कर दिया कि वह अपनी विचारधारा से समझौता करने वाली नहीं है दूसरी तरफ भाजपा ने भी इन अटकलों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि दोनों पार्टियां विचारधारा के धुर विपरीत ध्रुव हैं। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा, भाजपा और झामुमो नदी नहीं, समुद्र के दो अलग-अलग किनारे हैं। दोनों का मेल कभी संभव नहीं। भविष्य में साथ आने का कोई सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने झामुमो सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप भी दोहराया। महागठबंधन के दूसरे बड़े घटक कांग्रेस ने भी इन अफवाहों को भाजपा की घिनौनी साजिश बताया। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा, हेमंत सोरेन का भाजपा के साथ जाना तो दूर, उसकी कल्पना भी बेमानी है। झारखंड में भाजपा के पास कोई सक्षम नेतृत्व नहीं बचा है, इसलिए वह अफवाहों के सहारे सियासी ऑक्सीजन लेने की कोशिश कर रही है। ज्ञात हो कि बिहार चुनाव में आरजेडी-कांग्रेस गठबंधन ने जेएमएम को एक भी सीट नहीं दी थी, जबकि 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में जेएमएम ने आरजेडी को कई सीटें दी थीं। इसी असंतोष को आधार बनाकर भाजपा ने अफवाहों का खेल शुरू किया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार शाम रांची लौट आएंगे और चार दिसंबर को विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो की सर्वदलीय बैठक में शामिल होंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा जानबूझकर इस तरह की अफवाहें फैलाकर महागठबंधन में फूट के संकेत पैदा करना चाहती है, लेकिन झामुमो ने त्वरित और कड़े जवाब से उसके मंसूबों पर पानी फेर दिया है।

## संक्षिप्त

### सिल्ली के स्व. राजमाता विद्या सिंह देव की तृतीय पुण्यतिथि आठ को

**सिल्ली।** सिल्ली रजबाड़ी परिसर में आगामी 8 दिसम्बर को क्षत्रिय महासभा सिल्ली के तत्वावधान में स्व राजमाता विद्या सिंह देव की तृतीय पुण्य तिथि मनाई जाएगी। इस दौरान हवन श्रद्धांजलि सभा एवं हरे कृष्ण नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया है। राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव ने इसकी जानकारी देते हुए आम जनों को कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### कांग्रेसजनों ने राजेंद्र प्रसाद खुदीराम बोस और अल्बर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद और क्रांतिकारी नेता खुदीराम बोस की जयंति एवं परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर कमलेश ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद साधारण परिवार से निकलकर त्यारग और कठिन परिश्रम के बूते राष्ट्रपति पद पर आसीन हुए। उन्होंने कहा कि हमारी निष्ठापूर्ण श्रद्धांजलि तभी पूर्ण होगी जब हम कांग्रेसजन और झारखंड की जनता इस महान व्यक्तित्व को आदर्श मानकर इनके बताये हुए पदचिन्हों पर चलें। उन्होंने ने कहा कि क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस का बलिदान हम देशवासियों को देश के प्रति प्रेम, सर्मपण, त्याग की प्रेरणा देता है। हम देशवासी आजादी की लड़ाई में खुदीराम बोस की बलिदान के सदा ऋणी हैं। कमलेश ने कहा कि परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद अल्बतर्ट एक्का की शहादत हम झारखंडवासियों को सदा गौरवान्वित करता है। उनकी शहादत निरंतर हमसबों को देश के प्रति वफादारी और बलिदान की प्रेरणा देता है। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में राकेश सिन्हा, रमा खलखो, आलोक कुमार दुबे, सोनाल शांति, नेलीनाथन विनजय भारती बलकू, छोटू सिंह, राजू राम, बैजू गहलोत सहित अन्य शामिल थे।

# पुलिस-व्यवसायी समन्वय समिति की बैठक में जाम की समस्या पर जताई गई चिंता, प्रशासन से वार्ता करेगा चैंबर

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा पुलिस-व्यवसायी समन्वय समिति की बैठक बुधवार को डेली मार्केट थाने में हुई। बैठक में थाना प्रभारी रवि कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर (यातायात) पवन कुमार सहित थाना क्षेत्र के बड़ी संख्या में व्यवसायी उपस्थित थे। बैठक का उद्देश्य पुलिस और व्यवसायी वर्ग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना और क्षेत्र की विधि-व्यवस्था से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तृत चर्चा करना था। बैठक में मेन रोड की विभिन्न गलियों जैसे ओसीसी कंपाउंड, एसएन गांगुली रोड, श्री विष्णु गली और लालजी हिरजी रोड में ठेले-खोमचे एवं ई-रिक्शा के कारण उत्पन्न जाम की समस्या पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि नगर निगम और यातायात पुलिस की ओर से मेन रोड में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान ठेले-खोमचे गलियों में शिफ्ट हो जाते हैं इससे इन क्षेत्रों के मुहानों पर लगातार जाम की स्थिति बनती है। व्यापारियों ने दुकानों के गेट पर वेंडर्स की भीड़ से व्यापार प्रभावित होने और रात के समय नशेड़ियों के जमावड़े से उत्पन्न कठिनाइयों से भी अवगत कराया। चर्चा के क्रम में यह महसूस किया गया कि नगर निगम और पुलिस के बीच समन्वय के अभाव में समस्या और अधिक बढ़ी है।

**जाम की समस्या पर प्रशासन से जल्द करेंगे वार्ता :** बैठक में चेंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने सड़कों पर व्यापारिक गतिविधियों के कारण शहर की छवि पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव पर चिंता व्यक्त की और कहा कि इस विषय पर नगर प्रशासक से शीघ्र वार्ता की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमारा लक्ष्य है कि रांची सहित प्रदेश के सभी जिलों के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों को सुरक्षित, व्यवस्थित और व्यापार-अनुकूल बनाया जाए, ताकि शहर और जिलों की सकारात्मक छवि और मजबूत हो। वहीं थाना प्रभारी ने आवश्यक संसाधनों की कमी का मुद्दा भी रखा, जिसपर चेंबर अध्यक्ष ने डीजीपी से चर्चा करने की बात कही। चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि शहर के बीच स्थित इस थाने में टाइगर मोबाइल, महिला बल और एक पीसीआर वैन की उपलब्धता अनिवार्य है। दुकानों के बाहर नशेड़ियों के जमावड़े पर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन भी थाना प्रभारी की ओर से दिया गया। उन्होंने वेंडरों के साथ अलग से बैठक करने की बात भी कही। डेली मार्केट दुकानदार संघ के व्यापारियों ने वहां कट बंद होने से होनेवाली असुविधाओं के बारे में बताया। महासचिव रोहित अग्रवाल ने ई-रिक्शा चालकों को जागरूक करने और उनकी काउंसिलिंग करने का सुझाव दिया। सह सचिव नवजोत अलंग ने गुरुद्वारा के पास रविवार को लगने वाले मार्केट से उत्पन्न जाम की समस्या से अवगत कराया। बैठक में चेंबर के कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सदस्य मुकेश पांडेय, शशांक भरद्वाज, राजीव चौधरी, लक्ष्मण कुमार, नितेश गुप्ता, चंद्र प्रकाश जैन, राकेश बुधिया, राजेंद्र प्रसाद, एसपीसिंह, इस्लाम साजिद सहित काफी संख्या में चेंबर के सदस्य उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर सुदेश महतो ने दिव्यांग खिलाड़ियों को किया सम्मानित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम परिसर स्थित सिल्ली बिरसा मुंडा तिरंदाजी सेंटर में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो ने अकादमी के दिव्यांग तीरंदाजो से मिले उनको सम्मानित किया। अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के उपलक्ष में हार्दिक बधाई, देते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों की विशेष क्षमता उन्हें विशिष्ट बनाती है जिससे समाज में दूसरों के साथ पूरी तरह, समान रूप से और प्रभावी रूप से भाग ले सकें और अपने जीवन के सभी पहलुओं में किसी भी बाधा का सामना कर सके।और राष्ट्र के विकास में भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो। कोच प्रकाश राम ने बताया कि बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी में दिव्यांग तीरंदाजो के लिए एक विशेष एके-डमी संचालित की जाती है और उनके सम्मान में आज यह सम्मान समारोह आयोजित की गई थी जिसमें खिलाड़ियों को सॉल और किट देकर उनको सम्मानित किया गया ।सभी दिव्यांग तीरंदाज काफी उत्साहित थे । सम्मानित होने वाले में भारतीय टीम में चयनित जीतू राम बेदिया ,मुस्कान कुमारी ,बबीता कुमारी ,रवि कुमार शामिल है। इस मौके पर गूंज परिवार के सदस्य बृजेश प्रसाद, कोच रोहित कोइरी शिशिर महतो, रोहित भारद्वाज समेत सेंटर के प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## एएनएम की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सिल्ली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिल्ली में कार्यरत एएनएम सुधा देवी, सविता बाला के सेवानिवृत्ति पर बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्यकर्मी उनके साथ लंबे समय तक बिताए गए पल को याद कर काफी भाव विभोर हो गए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रियंका सिंहा ने कहा दोनो एएनएम ने अपने कार्यकाल में अपने कर्तव्य का निष्ठा पुर्वक निर्वहन किया है। उनके कार्यों को सिल्ली स्वास्थ्य विभाग और क्षेत्र के लोग सदा याद रखेंगे। सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कमीर्यों सेवानिवृत्त एएनएम सुधा देवी एवं सविता बाला को फुल माला पहनाकर एवं उपहार देकर सम्मानित किया। सभी ने सेवानिवृत्त एएनएम के लंबे और समर्पित सेवाकाल के लिए आभार व्यक्त रते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# उपायुक्त ने किया लाइब्रेरी और भवनों का निरीक्षण, दिये कई निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**बोकारो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने चंदनकियारी प्रखंड मुख्यालय स्थित लाइब्रेरी, रविंद्र भवन एवं महिला प्रशिक्षण भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने कहा कि जिले के सभी पंचायतों में मॉडल लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। वहीं प्रखंड मुख्यालय स्थित लाइब्रेरी को पूरी तरह व्यवस्थित कर आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा।उपायुक्त ने कहा कि जिले में शिक्षा का बेहतर माहौल तैयार करना जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सहायक शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिसके पूरा होते ही सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर हो जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकारी स्कूलों में कार्यरत कुछ शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य में लापरवाही बरतने की शिकायतें मिली हैं। ऐसे शिक्षकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने लाइब्रेरी के विस्तार की संभावनाओं को लेकर रविंद्र भवन एवं महिला प्रशिक्षण भवन का भी जायजा लिया, ताकि विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप अध्ययन की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। प्रखंड स्तरीय लाइब्रेरी में संसाधन उपलब्ध होने के बावजूद अध्ययन व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उपायुक्त ने बीडीओ को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ अजय वर्मा, सीओ रवि आनंद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय झामुमो कमेटी की बैठक, संगठन की मजबूती पर जोर



**खूंटी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) जिला कमेटी की बैठक बुधवार को जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा एवं तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति तथा इसके मजबूती पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से अपने विचार रखे और संगठनात्मक गतिविधियों की प्रगति से सभी को अवगत कराया। साथ ही केंद्रीय निर्देशानुसार प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके अलावा एसआईआर (मतदाता गहन पुनर्निरीक्षण) अभियान पर कार्यशाला के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई और कार्यकताओं से अपील की गई कि कोई भी मतदाता सूची से वंचित न हो, इसके लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में जिला सचिव सुशील पहन, कोषाध्यक्ष भोला नाथ लाल, केंद्रीय सदस्य मकसूद अंसारी, अमृत हेंब्रोम, देवनाथ मगहिया, उपाध्यक्ष सनिका बोदरा, गुलशन सिंह मुंडा, संगठन सचिव शंकर सिंह मुंडा सहित अन्य मौजूद थे।

## विश्व दिव्यांगता दिवस पर उम्मीद स्कूल में हुआ विशेष कार्यक्रम

**रामगढ़।** रामगढ़ सुभाष चौक स्थित गर्ल्स मिडिल स्कूल परिसर में दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित उम्मीद स्कूल में ₹सक्षम संस्था की ओर से विश्व दिव्यांगता दिवस बड़े ही उत्साह और संवेदनशील माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस उपस्थित हुए ।इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांग बच्चों ने अपनी कल्पनाओं और प्रतिभा को रंगों के माध्यम से सुंदर रूप दिया। सक्षम संस्था की प्रतिनिधि पलक अनुराधा वत्स ने बच्चों को चित्रांकन की बारीकियों के साथ-साथ दिमाग को सक्रिय करने वाले विभिन्न खेलों की जानकारी भी दी, जिससे बच्चे उत्साहित और प्रेरित दिखाई दिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इनमें प्रमोद कुमार, मल्लिका दत्ता, मनीषा कौंडल, तीर्थनाथ महतो, विजय लक्ष्मी, धर्मवीर अग्रवाल, राहुल कुमार, प्रियंका कुमारी, सुप्रिया रानी, अभय शर्मा, तौसीफ आलम, फरदीन, अभिराज, आशीष सिंह, रिक्की कुमार, प्रणव, विवेक कुमार, तन्मय मौजूद थे। धनंजय कुमार पुटूस ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी से कम नहीं हैं। बस उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर की जरूरत है। उन्होंने उम्मीद स्कूल की पहल को सराहा और भविष्य में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## झामुमो महानगर के सात वार्डों में चुनाव संपन्न, वार्ड समिति गठित




**रांची।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची महानगर ने बुधवार को धुर्वा गोलचक्कर स्थित मैदान में चुनाव सात वार्डों के पदाधिकारियों की नियुक्ति चुनाव के माध्यम से की गई। चुनाव के बाद सर्वसम्मति से वार्ड नम्बर 4,37,38 39,40,41 और 42 समिति का गठन किया गया। वहीं चुनाव के बाद पार्टी के महानगर इकाई की बैठक की पार्टी के केन्द्रीय सदस्य सह रांची महानगर संयोजक अन्तु तिर्की, केन्द्रीय सदस्य, जिला और महानगर के संयोजक डॉ हेमलाल कुमार मेहता और केन्द्रीय सदस्य, जिला के संयोजक अश्विनी शर्मा ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान गठित वार्ड चार के समिति में राजेश मुंडा को समिति अध्यक्ष, कृष्णा मुंडा, साजिद अंसारी, सोनू कुमार सिंह, अर्जुन मिर्धा को उपाध्यक्ष, वार्ड 37 का अध्यक्ष बाकुन महली को, उपाध्यक्ष फलदेवन बड़ाईक बनाया गया। इसी तरह वार्ड नम्बर 38 में धनन्जय कुमार यादव उर्फ डीके यादव को अध्यक्ष, अमन कुमार, रोहित कुमार को उपाध्यक्ष, आलोक राज को सचिव, इसी क्रम में वार्ड नम्बर 40 में वार्ड अध्यक्ष राहुल कुमार को, उपाध्यक्ष शशी कुमार को मनोनित किया गया। वहीं वार्ड नम्बर 41 के अध्यक्ष लालु राज यादव, उपाध्यक्ष कृष्णा आदित्य सिंह, सोना लाल, राम राज को, सचिव, वार्ड नम्बर 42 का अध्यक्ष अविनाश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष उज्जवल कुमार को बनाया गया। चुनाव में जिला और महानगर संयोजक बीरू तिर्की, महानगर संयोजक अफरोज अन्सारी, रोशन सिंह, मनिन्दर सिंह, प्रदीप मिर्धा, अनुप कुमार, विश्जीत गोप सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नियोजन नीति की मांग को लेकर जेएलकेएम की पदयात्रा आज से



**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र से ठीक पहले झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति और छात्र हित के विभिन्नो मुद्दों पर बड़े आंदोलन का ऐलान किया है। संगठन ने छह दिवसीय पदयात्रा और नौ दिसंबर को राजधानी पहुंचकर एक दिवसीय विधानसभा घेराव और धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा की है। यह जाकनारी जेएलकेएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने बुधवार को रांची के मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि खतियान आधारित नीति और लंबित छात्र मुद्दों को लेकर सरकार की उदासीनता के खिलाफ अब निर्णायक लड़ाई शुरू होगी। इसी के तहत जेएलकेएम के अध्यक्ष जयराम कुमार महतो चार दिसंबरको डुमरी से पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि यह पदयात्रा बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़ होते हुई नौ दिसंबर को रांची पहुंचेगी। इसके बाद 10 दिसंबर को विधानसभा के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पार्टी की मुख्य मांगों में प्रि-मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति राशि भुगतान करने, जेपीएससी एवं जेएसएससी के लंबित परीक्षाओं को जल्द संपन्न करने तथा प्रतियोगी परीक्षा कलेंडर जारी कर समय पर कडाई से पालन करना सहित अन्य शामिल है।

# विदेशी मुद्रा चोरी का खुलासा, लाखों के दिरहम व रियाल नोट के साथ छह गिरफ्तार

## रिश्तेदार की शादी में गए थे, घर से उड़ गई विदेशी मुद्रा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में विदेशी मुद्रा चोरी और डीजल चोरी मामले का भंडाफोड़ हुआ है। इन दोनों मामलों में कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रजरप्पा एवं गोला थाना की पुलिस ने 48 घंटे के भीतर दो बड़ी वारदातों को सुलझाते हुए अपराधियों के मनोबल पर कड़ा प्रहार किया है। बुधवार को रजरप्पा थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने रजरप्पा में हुई विदेशी मुद्रा चोरी और गोला में सक्रिय तेल चोर गिरोह के भंडाफोड़ की जानकारी दी। साथ ही बड़ी मात्रा में चोरी की विदेशी करेंसी, डीजल और अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। एसपी ने दोनों मामलों में पुलिस टीम की तत्परता और पेशेवर कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अपराधियों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

चितरपुर के बेलाल नगर निवासी वाजदा तबस्सुम पति मुर्तजा अली 25 नवंबर को अपनी तीन बेटियों के साथ रिश्तेदार की शादी में जमशेदपुर गई थी। इसी दौरान चोरों ने उनके घर को निशाना बना लिया। जब 27 नवंबर को उनकी मां मेहर फातिमा और भाई जाहिद आलम घर पहुंचे तो पूरा सामान बिखरा पाया। इस मामले में रजरप्पा थाना में कांड संख्या 189/2025 दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू की। एसपी अजय कुमार ने एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की। तकनीकी निगरानी और खुफिया इनपुट के आधार पर 2 दिसंबर को गुप्त सूचना मिली कि चोरी की विदेशी मुद्रा बदलने के लिए दो युवक चितरपुर स्थित विदेशी मुद्रा एक्सचेंज करने वाले दुकान पर जाने वाले हैं। पुलिस टीम ने रजरप्पा मोड़ पर घेराबंदी कर छोटू कुमार महतो (22 ) और सन्नी कुमार (20 ) को दबोच लिया। दोनों बोकारो जिले के माराफारी थाना अंतर्गत आजाद नगर सिवनडीह के रहने वाले हैं। उनके पास से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दिरहम के 1000 मूल्य के 30 नोट, 500 मूल्य के 3 नोट, 100 मूल्य का एक नोट बरामद किया गया। कुल बरामद राशि 31,600 दिरहम है, जिसकी भारतीय मूल्य में कुल कीमत 7,73,980 रुपए आंकी गई है।

# झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर निषेधाज्ञा

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** विधानसभा भवन में षष्ठम झारखंड विधानसभा के चतुर्थ (शीतकालीन) सत्र 5 दिसंबर से 11 दिसंबर, 2025 तक आहूत है। रांची उपायुक्त एवं अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था के संयुक्तादेश में निहित निर्देश के आलोक में विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लगाया गया है। यह 5 दिसंबर के प्रातः 8 बजे से 11 दिसंबर, 2025 के रात 10 तक के लिए लागू रहेगा। निषेधाज्ञा लागू रहने के दौरान किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टिकोण से अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची ने बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा जारी किया है। इसमें झारखंड उच्च न्यायालय शामिल नहीं है।

**इसपर रहेगा प्रतिबंध**

- ✔ उक्त क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों और सरकारी कार्यक्रम एवं शवयात्रा को छोड़कर)।
- ✔ किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे बंदूक, राईफल, रिवाल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर)।
- ✔ किसी प्रकार का हरवे हथियार जैसे- लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा भाला आदि लेकर चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोडकर)।
- ✔ किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आम सभा का आयोजन करना।
- ✔ किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोडकर)।

## उपायुक्त व वरीय पुलिस अधीक्षक ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद को 141वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**रांची।** देश के प्रथम राष्ट्रपति और स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती पर बधवार को रांची में श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने राजेंद्र चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने इस मौके पर कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख सेनानी और संविधान सभा के महत्वपूर्ण सदस्य थे। वे देश के पहले राष्ट्रपति बने और अपनी सादगी, ईमानदारी और सेवा भावना से सभी के लिए प्रेरणा स्रोत रहे। उन्होंने कहा कि डॉ. प्रसाद का जीवन संदेश देता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। वहीं, एसएसपी राकेश रंजन ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित कर दिया। उनका त्याग, विचार और योगदान हमेशा राष्ट्र को प्रेरित करता रहेगा।

## परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर सोमवार को रांची के उपायुक्त (डीसी) मंजूनाथ भजंत्री और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन ने अल्बर्ट एक्का चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने उन्हें देश का सच्चा वीर बताते हुए उनके योगदान को नमन किया। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि लांस नायक अल्बर्ट एक्का ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में अदम्य साहस का परिचय दिया और राष्ट्र की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका यह बलिदान देश की अमूल्य धरोहर है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव देश सेवा के लिए प्रेरित करेगा। वहीं, एसएसपी राकेश रंजन ने कहा कि अल्बर्ट एक्का की वीरता पूरे देश के लिए गर्व की बात है। उनकी शौर्य गाथा हमें कर्तव्य, समर्पण और देशप्रेम का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र ऐसे वीर सपूतों को कभी भुला नहीं सकता।

## आश्रम में सेवा की भावना प्रेरणादायी : गोपाल शर्मा




**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखंड प्रांतीय प्रचारक गोपाल शर्मा और समाजसेवी पंकज पोद्दार ने श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग स्थित विशाल श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर एवं सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम का दौरा किया। मंदिर परिसर में उनका स्वागत किया गया और पुजारी पंडित अरविंद पांडे ने अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। अतिथियों ने गर्भगृह में पूजा-अर्चना की और ट्रस्ट की धार्मिक व सामाजिक गतिविधियों की जानकारी ली। इसके बाद वे आश्रम पहुंचे, जहां दिव्यांग और निराश्रित लोगों से मिलकर उनका हालचाल जाना। उन्होंने आश्रम में उपलब्ध नि:शुल्क भोजन, आवास, उपचार और पुनर्वास सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि यहां की सेवा भावना समाज के लिए प्रेरक है। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल और प्रवक्ता संजय सर्राफ ने अतिथियों का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि आश्रम असहाय एवं परित्यक्त लोगों के जीवन में नई उम्मीद दे रहा है और समाज से अधिक सहयोग की अपील की। भ्रमण के बाद गोपाल शर्मा ने कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज को मजबूत बनाते हैं और ट्रस्ट को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## झारखंड आंदोलनकारियों को प्रमाण-पत्र वितरण

**रांची।** जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में झारखंड आंदोलनकारियों को प्रमाण-पत्र वितरण के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड के निदेशानुसार आयोजित इस समारोह में तीन हजार से अधिक अधिसूचित आंदोलनकारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रांची मंजूनाथ भजंत्री तथा वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने विशिष्ट आंदोलनकारियों को सांकेतिक रूप से प्रमाण-पत्र सौंपकर राज्य सरकार की ओर से सम्मान व्यक्त किया। अपने संबोधन में उपायुक्त श्री भजंत्री ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी राज्य निर्माण की आधारशिला हैं, जिनके संघर्ष को सदैव सम्मानपूर्वक याद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के निदेशानुसार जिला प्रशासन आंदोलनकारियों की सामाजिक सुरक्षा, उनके अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है। उपायुक्त ने यह भी कहा कि आंदोलनकारियों का योगदान राज्य निर्माण की नींव है और वे आगे भी जिले तथा राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। कार्यक्रम में अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, नजारत उपसमाहर्त्ता सुदेश कुमार, विभिन्न पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से रांची जिला प्रशासन ने संदेश दिया कि झारखंड आंदोलनकारियों का त्याग राज्य सरकार के लिए सर्वोच्च सम्मान का विषय है, और उनके हितों एवं सम्मान की रक्षा करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## संक्षिप्त

### आनंद मार्ग विधि से शुभ विवाह सम्पन्न



**रांची।** दिगम्बर भवन में आनंद मार्ग की परंपरागत विधि से पवित्र क्रांतिकारी विप्लवी विवाह का सफल आयोजन किया गया, जिसमें वर रातुल रत्न कुमार एवं वधू सोनम कुमारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं रीतियों के साथ एक-दूसरे का हाथ थामा। वर रातुल रत्न कुमार, पिता उमेश कुमार एवं माता सरिता देवी, निवासी हरमू, राँची के हैं। वहीं वधू सोनम कुमारी, पिता श्री हरे राम सिंह एवं माता स्व. क्रांति देवी, ग्राम महागंज, पोस्ट सिवान ,बिहार की निवासी हैं। विवाह संस्कार में वर पक्ष की ओर से पुरोहित आचार्य संज्ञानंद अवधूत तथा वधू पक्ष की ओर से पुरोहित अवधूतिक आनंद प्रीति आचार्या ने मंत्रोच्चारण कर शुभ आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर राँची भूक्ति प्रधान श्री विजय कुमार, रतन कुमार महतो, उदय कुमार, धनेश्वर दादा , पंचू दादा, दशरथ दादा, दिलीप विश्वास, कृष्णानंद भानु, दीदी माया सहित राँची के अनेक मार्गी दादा-दीदी उपस्थित रहे और नवविवाहित दंपत्ति को आशीर्वाद दिया।

### फुटपाथ दुकानदार को बच्चे को मोबाइल देना पड़ा महंगा, 83 हजार रु. की साइबर ठगी

**रांची/मांडर।** मांडर बस्ती निवासी नुर मोहम्मद अंसारी से 83 हजार रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। भुक्तभोगी ने मामले की सूचना मांडर थाना को दी है साथ ही रांची स्थित साइबर थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। मांडर में फुटपाथ में दुकान चलाने वाले नुर मोहम्मद अंसारी ने बताया कि 30 नवंबर को उसका लड़का घर में मोबाइल से खेल रहा था। इसी क्रम में मोबाइल में एक कॉल आया जिसमें कहा गया कि आपका एटीएम बन गया है। एटीएम आपको पोस्ट ऑफिस से मिल जाएगा। लेकिन इससे पहले आपको एक ओटीपी भेजा जा रहा है। उसे हमको बताइये नहीं तो आपके खाता से पैसा कट जाएगा। कॉल करने वाले के झांसे में आकर मोबाइल से खेल रहे लड़के ने उसे ओटीपी बता दिया। बाद में उसके बैंक खाता से उसकी कुल जमापूंजी में से पहली बार 40 हजार व दूसरी बार 43 हजार रुपये की निकासी कर ली गयी।

## आरवीसी में आज से पशु रोगविज्ञानियों का वार्षिक सम्मेलन

# देश-विदेश के विभिन्न विवि और अनुसंधान संस्थानों के 300 से अधिक पशु रोगविज्ञानी होंगे शामिल

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ वेटनरी पैथोलॉजिस्ट्स का 42वां वार्षिक सम्मेलन का आयोजन 4 से 6 दिसंबर, 2025 तक बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का रांची वेटेरिनरी कॉलेज (आरवीसी) कर रहा है। इसमें देश-विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों के 300 से अधिक पशु रोगविज्ञानी शामिल होंगे। यहां वे आणविक पैथोलॉजी और ऑन्कोलॉजी, फार्म एवं पालतू पशुओं की पैथोलॉजी, टॉक्सिकोपैथोलॉजी, इम्यूनोपैथोलॉजी एवं फॉरेंसिक पैथोलॉजी, एवियन पैथोलॉजी, लैब एनिमल, जलीय एवं वन्यजीव पैथोलॉजी के क्षेत्र में अत्याधुनिक उपकरणों, तकनीकों और हालिया प्रगति पर चर्चा करेंगे।

इस अवसर पर परंपरागत और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित डिजिटल पैथोलॉजी के बीच सेतु निर्माण-पशु रोग निदान के लिए एक भविष्यमुखी दृष्टिकोण विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान इंडियन कॉलेज ऑफ वेटेरिनरी पैथोलॉजिस्ट्स की वार्षिक बैठक भी होगी। यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास और ओक्लाहोमा स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए के तीन प्रोफेसर विभिन्न सत्रों में थीमैटिक व्याख्यान एवं मुख्य भाषण देंगे।

कार्यक्रम के आयोजन सचिव और बीएयू के पशुचिकित्सा संकाय के डीन डॉ एमके गुप्त ने बताया कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की 4 दिसंबर को उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि होंगी। विभाग के सचिव अबूबकर सिद्दीख पी और बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे विशिष्ट अतिथि होंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जम्मू के कुलपति डॉ बीएन त्रिपाठी सत्र की अध्यक्षता करेंगे।

डॉ गुप्त ने कहा कि पैथोलॉजी पशु चिकित्सा क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह सही निदान, उपचार योजना, रोग की निगरानी और रोकथाम का आधार बनती है। आज के रोगविज्ञानी से अपेक्षा की जाती है कि वे आणविक जीवविज्ञान, आनुवंशिकी, बायोइन्फॉर्मेटिक्स और अत्याधुनिक इमेजिंग जैसी विधाओं में दक्ष हों, ताकि पशु चिकित्सा प्रैक्टिस की बढ़ती निदान संबंधी मांगों को पूरा किया जा सके।

हाल के वर्षों में जैव-प्रौद्योगिकी, नैनो-प्रौद्योगिकी और डिजिटल इमेजिंग में हुए नवाचारों ने पीसीआर, जीन अनुक्रमण, नैनो-सेंसर और एआई-संचालित इमेज विश्लेषण जैसे उपकरणों को जन्म दिया है, जो रोगों का अत्यधिक संवेदनशील और विशिष्ट रूप से-यहां तक कि आणविक स्तर पर भी पता लगाने में सक्षम बनाते हैं।

## हेमंत सोरेन देश के सबसे मजबूत आदिवासी नेता : फुरकान अंसारी

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** झारखंड की मौजूदा राजनीतिक हलचल के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूरे भारत का सबसे मजबूत और बड़ा आदिवासी नेता बताया। बुधवार को जारी प्रेस बयान में फुरकान अंसारी ने कहा कि हेमंत सोरेन दिवंगत गुरुजी शिबू सोरेन की राजनीतिक विरासत के सच्चे उत्तराधिकारी हैं। गुरुजी ने संघर्ष और स्वाभिमान की राजनीति की नींव रखी थी और हेमंत सोरेन उसी रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए अंसारी ने कहा कि भाजपा हेमंत सोरेन की लोकप्रियता और स्थिर सरकार से परेशान है, इसलिए लगातार राजनीतिक भ्रम और अफवाह फैलाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि भाजपा हर हाल में सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। भाजपा को झारखंड के आदिवासी स्वाभिमान से डर लगता है।

## राज्यपाल ने प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद और शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती और परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि के अवसर पर राजभवन स्थित प्रांगण में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारतीय इतिहास में एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व रहे हैं। उन्होंने सादगी, ईमानदारी और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना के साथ भारत का नेतृत्व किया। उनके विचार और कार्य आज भी देशवासियों के लिए पथप्रदर्शक हैं। राज्यपाल ने शहीद अल्बर्ट एक्का को नमन करते हुए कहा कि उनकी वीरता और बलिदान देश को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए राष्ट्र की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद और शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## रांची के टैक्स विशेषज्ञों को एमएसएमई के डिजिटल परिवर्तन में योगदान के लिए किया सम्मानित

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** भारत की अग्रणी बिजनेस ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर कंपनी टैली सॉल्यूशंस ने रांची के टैक्स और अकाउंटिंग पेशेवरों को माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज में तकनीक अपनाने को बढ़ावा देने और लेखांकन व अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल बनाने में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। जीएसटी प्रैक्टिशनर्स, अकाउंटेंट्स, टैक्स एडवोकेट्स और अन्य विशेषज्ञों के उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देते हुए टैली सॉल्यूशंस ने विशेष रूप से टैक्स एंड अकाउंटिंग टाइटन्स कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर तीन श्रेणियों में 21 उत्कृष्ट पेशेवरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक टैक्स पेशेवर शामिल हुए, जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में समर्पण और पेशेवर प्रतिबद्धता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इस पहल के अंतर्गत सम्मान तीन श्रेणियों में प्रदान किए गए। अकाउंटिंग मेस्ट्रो श्रेणी के तहत उन अनुभवी पेशेवरों को सम्मानित किया गया जिन्होंने पिछले 15 वर्षों से एमएसएमई का निरंतर समर्थन किया है। अर्चन मुखर्जी, जनरल मैनेजर-ईस्ट जोन, टैली सॉल्यूशंस ने कहा, ह्लहमें रांची के टैक्स और अकाउंटिंग समुदाय के उल्लेखनीय योगदान का जश्न मनाते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। तकनीक अपनाने की उनकी प्रतिबद्धता ने एमएसएमई को चुनौतियों को पार करने और आज के निरंतर बदलते व्यापारिक वातावरण में सफल होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टैक्स एंड अकाउंटिंग टाइटन्स पहल के माध्यम से, हम केवल व्यक्तिगत उत्कृष्टता का सम्मान नहीं करते, बल्कि उस सामूहिक योगदान को भी मान्यता देते हैं, जो उद्योग में प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है।

# गुरु नानक और चेशायर होम में डालसा ने मनाया दिव्यांग दिवस

## दिव्यांग बच्चों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगि का आयोजन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजित नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर एवं न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के अवसर पर बुधवार, 03.12.2025 को गुरू नानक होम बरियातू तथा चेशायर होम बरियातू में दिव्यांग बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसीएस डिप्टी, राजेश कुमार सिन्हा, एलएडीसी सहायक, पंकज कुमार शर्मा, पीएलवी सम्पा दास, प्रिति पाल, स्नेहलता दुबे, अनिता देवी एवं राजा वर्मा समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलएडीसी डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा ने आरपीडब्ल्यूडी एक्ट-2016 के प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया। इस एक्ट के तहत दी जानेवाली अधिकारों, आरक्षण, सामान अधिकार के बारे में जानकारी प्रदान किये तथा इस एक्ट के तहत कोई भी व्यक्ति दिव्यांगजनों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है, तो उसके लिए सजा का प्रावधान भी दिये गये है, उसके तहत व्यक्ति अपने शिकायत का आवेदन कर सकते है। समाज के सभी व्यक्ति का प्रयास होना चाहिए कि सभी दिव्यांगजन पूर्ण अधिकारों के साथ समाज के प्रत्येक गतिविधि में भाग ले सकें तथा अन्य व्यक्तियों के साथ अपने सामर्थ्य एवं विशिष्टताओं के आधार पर अपनी पहचान बना सकें। एलएडीसी सहायक पंकज कुमार शर्मा ने कहा कि माननीय झालसा के निर्देश पर डालसा तथा जिला प्रशासन के सहयोग से समय-समय पर दिव्यांग जनों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता हैं एवं दिव्यांगजनों को चिन्हित कर निरंतर डालसा द्वारा प्रशासन की मदद से उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाता है एवं उनके बीच दिव्यांग उपकरण का भी वितरण किया जाता है, और आगे भी माननीय झालसा के निर्देश पर किया जायेगा।

# नाम के शब्दों से बढ़ता है भावनात्मक लगाव : बाबूलाल

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राजभवन का नाम लोकभवन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को कहा कि मोदी सरकार ने सत्ता को शासक बोध से हटाकर लोक सेवा के रूप में स्थापित करने की लगातार पहल की है। चाहे मंत्री, वरीय पदाधिकारियों की गाड़ियों से लाल पीली बत्ती हटाने का निर्णय हो या फिर राज पथ को कर्तव्य पथ बनाना, प्रधानमंत्री आवास को लोक कल्याण मार्ग, केंद्रीय सचिवालय को कर्तव्य भवन, राजभवन को लोक भवन और पीएमओ को सेवा तीर्थ के रूप में नामांकित करने जैसे निर्णय लोकतंत्र को मजबूती देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने खुद को प्रधानमंत्री की जगह प्रधान सेवक कहलाना तय किया है। इतना ही नहीं विकलांग शब्द को हटाकर दिव्यांग कहना यह बताता है कि प्रधानमंत्री भारत के एक-एक नागरिक की भावनाओं के कितने करीब हैं। ये शब्दों का परिवर्तन मात्र नहीं बल्कि मोदी सरकार की नीति और नीयत को दर्शाता है।

## संत जेवियर्स उच्च विद्यालय और इंटर कॉलेज में जेवियर दिवस का हुआ भव्य आयोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**चाईबासा।** संत जेवियर्स उच्च विद्यालय एवं इंटर कॉलेज में जेवियर दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय के सभी छात्रझछात्राएँ एवं विशिष्टझशिक्षिकाएँ उपस्थित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रमेश पाण्डेय समेत अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के कार्यवाहक फादर पी.के. तिग्गा एवं इंटर कॉलेज के प्रमुख फादर पी.के. सामल एवं ए.जे. डिसूजा पिता जी प्राथमिक विद्यालय बाल सर्जक छात्रा लावण्या एवं उच्च विद्यालय छात्रा काउंसिल डॉक्टर प्रेमलता दास द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी शिक्षक विद्यालय की ओर से अतिथियों का परिचय कर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संत काव्यनी छात्रा की प्रार्थना को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया वही इंटर कॉलेज के द्वारा भी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। जिसमें झुमर नृत्य, फ्लेमेंचो एवं अन्य नृत्य-संगीत का आयोजन था। मंच पर मुख्य अतिथि फादर पैनकास एस जे ने अपने अनुभवों द्वारा सभी छात्रझछात्राओं का उत्साहवर्धन किया । साथ ही विशिष्ट अतिथि फादर एंथोनी तिग्गा एस जे. द्वारा सभी विद्यार्थियों को जीवन की महत्ता एवं मिलनझवातावरण के बारे विद्यार्थियों को आत्मसात कर प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को सफल एंव भव्य बनाने में पल्लवी निषाद एवं सरस्वती लागुरी तथा सभी समिति के सदस्यगणों का विशेष सहयोग रहा। अंत में उच्च विद्यालय के समन्वयक फादर संजय एक्का एस जे के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## राजकीय मध्य विद्यालय में मनाई गई डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पलामू।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की 141वीं जयंती बुधवार को राजकीय मध्य विद्यालय, हुसैनाबाद में मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि उनकी जन्मस्थली बिहार के छपरा संप्रति सीवान जिले के जीरादेई गांव था। वे कुशाग्र बुद्धि के थे। विद्यार्थी जीवन में सदैव प्रथम स्थान ग्रहण किये। आजादी की लड़ाई में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। नरम दल के नेता थे।
कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष भी आजादी के पहले रहे थे। संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष पद को भी सुशोभित किये हैं। देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद को लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल से कमतर नहीं आंका जा सकता है। सादा जीवन के हिमायती थे। कभी भी पहनावा पर विशेष जोर नहीं दिया। एक बार भूलवश दो कलर का मोजा पहनकर ऑफिस चले गये थे। कार्यालय कर्मियों ने साहस कर इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया। वे लगातार 26 जनवरी 1950 से 14 मई, 1962 तक देश के राष्ट्रपति रहे। उनके बताये गये सिद्धांतों पर चलना ही, उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वक्ताओं में एचएम कन्हैया प्रसाद, राजेश कुमार गुप्ता, मुहम्मद जुबैर अंसारी, राजेश सिन्हाए, सुषमा पांडेय, आशा कुमारी, पूनम कुमारी, रश्मि प्रकाश थे। बाल संसद के मंत्रियों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित किये। इस अवसर पर प्रार्थना सभा में बच्चों से उनकी जीवनी से संबंधित दस दस प्रश्न पूछे गये। वर्ग आठ के अमित कुमार, प्रियांशु कुमार, खुशी कुमारी, शिफा आफरीन वर्ग छह के आकाश कुमार ने सही जवाब दिये। पुरस्कृत कर सबका उत्साहवर्द्धन किया गया।

### संक्षिप्त

#### अनक्लेम्ड डिपॉजिट पर जिला परिषद सभागार में विशेष शिविर

**लोहरदगा।** जिले में अनक्लेम्ड डिपॉजिट से संबंधित जागरुकता और निस्तारण के उद्देश्य से जिला स्तरीय विशेष शिविर 5 दिसंबर को प्रातः 11:30 बजे से जिला परिषद सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में आरबीआई के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर जिले के विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। वे लोगों को अपने बैंकों में पड़े निष्क्रिय या अनुपयोगी खातों, सावधि जमा, पीपीएफ, और अन्य जमा योजनाओं की स्थिति के बारे में जानकारी देंगे। इन खातों से जुड़ी धनराशि की प्राप्ति के लिए आवश्यक प्रक्रिया से सभी को अवगत कराएंगे। अग्रणी जिला प्रबंधक नितिन किशोर ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य आम लोगों को उन जमा राशियों के बारे में जागरूक करना है, जो लंबे समय से उनके या उनके परिजनों के बैंक खातों में निष्क्रिय पड़ी हैं।

#### चार दिसंबर से 180 किमी तक होगा पद यात्रा, पदयात्रा में शामिल हों आम जनता : कृष्णा यादव

**बरही।** झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा के बैनर तले चार दिसंबर से पद यात्रा शुरू हो रहा है। यह पदयात्रा 4 दिसंबर 2025 सुबह 10:00 बजे से डुमरी विधानसभा क्षेत्र के चिरैया मोड़ से शुरू होकर बगोदर विष्णुगढ़, हजारीबाग, मांडू, रामगढ़ ओरमांझी होकर झारखंड विधानसभा धरना स्थल रांची तक पहुंचेगी । जिसमें लगभग 180 किलोमीटर की दूरी 6 दिनों में तय की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए पूर्व प्रत्याशी बरही विधान सभा कृष्णा यादव ने बताया कि पद यात्रा डुमरी विधायक एवं झारखण्ड लोकतांत्रिक मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के नेतृत्व में निकलेगा। जिसका मुख्य उदेश्य 5 सूत्री मांगपत्र है। मांगपत्र में खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति अविलंब लागू करने, छात्रों को लंबित छात्रवृत्ति तत्काल भुगतान करने, जेपीएससी/ जेएसएससी/जेटेट की सभी लंबित परीक्षाओं के परिणाम शीघ्र प्रकाशित करने, झारखंड सरकार प्रतिवर्ष नियमित परीक्षा कैलेंडर जारी करते हुए उसके अनुपालन को सुनिश्चित करने, तथा राज्य के सभी सरकारी रिक्त पदों को अविलंब भरने की प्रक्रिया प्रारंभ की करने की मांग शामिल है।

# सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग के लिए शुरू हुई अत्याधुनिक प्रयोगशाला

**सदर अस्पताल, खरसावां में सिकल सेल एनीमिया लैब का उद्घाटन**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के सदर अस्पताल, खासमहल में सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग के लिए एक अत्याधुनिक प्रयोगशाला का उद्घाटन 3 दिसंबर को किया गया। यह कदम सिकल सेल एनीमिया की शुरूआती पहचान और निदान को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में पोटका विधायक संजीव सरदार, जमशेदपुर पूर्व विधायक श्रीमती पूर्णिमा साहू, विधायक, अपर मुख्यप स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह, मिशन निदेशक शशि प्रकाश झा, पूर्वी सिंहभूम उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल, पूर्वी सिंहभूम के एसीएमओ अजय कुमार सिन्हा, टाटा स्टील फाउंडेशन के निदेशक डी. बी. सुंदरा रामम और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर सौरव रॉय शामिल थे। नव उद्घाटित प्रयोगशाला आईसीएमआर द्वारा स्वीकृत डीबीएस - पीसीआर (ड्राय ब्लड स्पॉटझपीसीआर) तकनीक पर आधारित है, जिसे सीएसआईआर - सीसीएमबी द्वारा विकसित किया गया है। यह प्रयोगशाला पूर्वी सिंहभूम जिले से आने वाले नमूनों के लिए एक केंद्रीकृत प्रोसेसिंग हब के रूप में कार्य करेगी, जिससे सिकल सेल एनीमिया की तेज, सटीक और सुलभ स्क्रीनिंग सेवाएँ उपलब्ध होंगी। यह अत्याधुनिक सुविधा विशेष रूप से उन दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी जहाँ निदान सुविधाएँ सीमित हैं। यह लैब समय पर पहचान और उपचार को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में टाटा स्टील फाउंडेशन के निदेशक डी.बी. सुंदरा रामम ने कहा, सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग लैब यह दशार्ती है कि राज्य के दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों के कठिन समय में उनके साथ खड़े रहने के प्रति फाउंडेशन कितना प्रतिबद्ध है। इस स्वास्थ्य समस्या की हमारी समझ और इसकी शुरूआती पहचान की आवश्यकता, झारखंड और ओडिशा में मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने के लिए बनाए गए राष्ट्रीय मॉडल ह्यमानसीह्ल पर हमारे वर्षों के अथक कार्य से विकसित हुई है। हम झारखंड सरकार और सीएसआईआर - सीसीएमबी के आभारी हैं कि उन्होंने स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों के समाधान में हम पर विश्वास जताया है, खासकर उन इलाकों में जहाँ हम कार्य करते हैं। टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा 4.25 करोड़ रुपये के निवेश से सशक्त इस परियोजना का लक्ष्य दो वर्षों की अवधि में 2,00,000 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग करना है, जिसमें आदिवासी समुदायों और विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों को प्राथमिकता दी जाएगी। यह पहल राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन (2023-2047) के उद्देश्यों के अनुरूप है।

## भाजपा संगठन को मजबूत करने व स्थानीय रोजगार की मांग को लेकर बड़कुवर गागराई की बैठक



**गुवा।** भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्य के पूर्व मंत्री बड़कुवर गागराई बुधवार दोपहर लगभग 1 बजे कार्यकताओं के साथ गुवा पहुंचे। गुवा आगमन के बाद उन्होंने गुवा सेल के डायरेक्टर बंग्लो में पार्टी कार्यकताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में गागराई ने कहा कि नोवामुंडी, बड़ाजामदा, गुवा और किरीबुरू पूरा क्षेत्र खनन आधारित है। इसलिए यहां की खदानों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के साथ रोजगार मिलना चाहिए। लेकिन खदान प्रबंधन दूसरी जगहों से मजदूर बुलाकर स्थानीय युवाओं की अनदेखी कर रहा है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि भाजपा स्थानीय युवाओं के अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है और जल्द ही इस मुद्दे पर सेल प्रबंधन से वार्ता की जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी 6 दिसंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा देवघर आ रहे हैं, जहां वे कार्यकताओं के साथ बैठक कर संगठन सुदृढ़ीकरण पर चर्चा करेंगे। राज्य सरकार पर हमला करते हुए गागराई ने कहा कि झामुमो की सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है। झारखंड में बालू का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से चल रहा है, जबकि हाई कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि नया कानून लागू होने तक न तो नीलामी होगी और न ही टेंडर। इसके बावजूद जिला प्रशासन, पुलिस व खनन विभाग की मिलीभगत से अवैध कारोबार चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा सदन में भी उठाया जाएगा और राष्ट्रीय नेतृत्व को भी इसकी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध माइनिंग का खेल सरकारी संरक्षण में फल-फूल रहा है, जिसे भाजपा कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मौके पर भाजपा नेता प्रकाश भूषण सिंकु, दुनिया कुम्हार, मंगल सिंह हेम्ब्रम, नारेश दोड़ाई, जागदीश नायक, विजय सिंह पिंगुवा, दामुराम पिंगुवा, जागदीश बेहरा, पीतांबर राउत, ब्रज किशोर कुम्हार, अमरजीत कुम्हार, पौलेश गागराई, विक्रम गागराई, महेश गागराई, दुशमंत बेहरा, डमरूधार बारिक, भगत कुम्हार, बबलू गोप, करण गोप सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दिव्यांगजनों की देखभाल के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर डालसा ने कई कार्यक्रमों का किया आयोजन

**चाईबासा।** इंटरनेशनल केयर ऑफ पर्सन विद डिसेबिलिटी दिवस के मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम ने झालसा रांची और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डी एल एस ए चाईबासा मौहम्मद शाकिर के निर्देश पर नर्सिंग ट्रेनिंग कॉलेज चाईबासा का दौरा कर प्रशिक्षु नर्सों को विधिक जानकारी प्रदान की, मौके पर संबोधित करते हुए उप छअऊ सुरेंद्र प्रसाद दास ने कहा कि दिव्यांग लोगों और उनके परिवारों की ज़िंदगी, सेहत और भलाई में असली बदलाव लाने के लिए सम्पूर्ण समाज को प्रयास करना चाहिए, इस अवसर पर उप सिविल सर्जन डॉ शिव चरण हांसदा, LADC (DLSA) सुरेंद्र प्रसाद दाश, सहायक निदेशक नैन्सी मैडम, सहायक DLSA मोहम्मद नदीम और ढछश ऊछरअ रेणु देवी भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन और प्रेरित करने के लिए मौजूद थे।आज इस दिवस के अवसर पर जिले के सभी लीगल ऐड क्लिनिकों में दिव्यांग जनों के सम्बंध में अधिकार मित्रों के सहयोग से विधिक जागरुकता अभियान चलाया गया और लोगों को जानकारी दी गई। अन्य कार्यक्रमों में आधिकार मित्र सुजाता, असीमा चैटर्जी और विकास दोदराजका ने दिव्यांग जनों को सरकारी सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रखंड कार्यालय (सदर) में उनकी मदद की। अधिकार मित्र रेणु देवी, संजय निषाद और पी एल वी साथियों ने आशा किरण और प्रेरणा के बच्चों के संग प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया। इस दौरान बच्चों के लिए प्राधिकार के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया और सभी बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक औषधि प्रदान किया गया, प्राधिकार के द्वारा सभी बच्चों को पाठ्य सामग्री सहित खेल कूद के सामान भी उपलब्ध कराए गए। उपरोक्त जानकारी प्राधिकार के सचिव ने दी।

### बनासो निवासी जगरनाथ सिंह की गुजरात में मौत

**बिष्णुगढ़।** जगरनाथ सिंह (45) पिता स्व. किटी सिंह विष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो पंचायत अंतर्गत नावाटांड के रहने वाले थे जिनका सोमवार को गुजरात के भुज में मौत हो गई। वहां भुज में वे एलटी विद्युत लाइन में एक ठेकेदार के अंदर मजदूरी कर रहे थे। सोमवार की सुबह में वे खाना बनाने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच उनके सिर में तेज असहनीय दर्द होने लगा। उनके कमरे में काम करने वाले अन्य साथी उन्हें स्थानीय एक हॉस्पीटल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत

## धान अधिप्राप्ति योजना के ट्रेनिंग मॉड्यूल पर प्रशिक्षण का आयोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के लिए धान अधिप्राप्ति योजना के ट्रेनिंग मॉड्यूल का मास्टर ट्रेनर का एक दिवसीय प्रशिक्षण उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में स्थानीय नगर भवन में हुआ। खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के लिए धान अधिप्राप्ति योजना के मास्टर ट्रेनर के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विवरण विशिष्ट प्रशिक्षण मॉड्यूल पर आधारित रहा। इसमें धान की खरीद प्रक्रिया, न्यूनतम समर्थन मूल्य, किसानों के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया और संबंधित दिशानिर्देश शामिल हैं। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित करना है, ताकि वे धान खरीद के बारे में सभी आवश्यक जानकारी, विशेषकर ऑनलाइन पंजीकरण और भुगतान प्रक्रिया, को जमीनी स्तर पर किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि धान अधिप्राप्ति का समय आ चुका है। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ उठाते हुए कार्यों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ अच्छे से जिम्मेदारी पूर्वक करने की अपील की। उन्होंने धान अधिप्राप्ति में विभिन्न प्रक्रियाओं का जिक्र करते हुए धान बुआई से लेकर धान अधिप्राप्ति एवं भंडारण व वितरण अर्थात आरंभ से अंत तक की प्रक्रियाओं के बारे में बताते हुए लोगों को उनके कार्यों से अवगत कराया।

## अधिवक्ता दिवस समारोह का आयोजन किया गया




प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** तिलक सेवा समिति के तत्वावधान में जिला अधिवक्ता संघ भवन सभागार में अधिवक्ता दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरे कृष्ण राय ने बताया कि आज का दिन पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न अधिवक्ता डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर पूरे भारत वर्ष में आयोजित किया जाता है। अधिवक्ता न्याय का पिलर होता है। अधिवक्ता कोर्ट नहीं जाने पर न्याय देने वाले का कलम रुका रहता है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बालेश्वर प्रसाद सिंह, महासचिव कृष्णधन खवाड़े ने भी अपनी बातें रखीं। कार्यक्रम के आयोजन में समिति के डॉ विक्रम कुमार और वशिष्ठ राणा की भूमिका सराहनीय रही। संघ के अध्यक्ष बालेश्वर प्रसाद सिंह और महासचिव कृष्णधन खवाड़े को अंग वस्त्र, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## 32वीं एसआर रूंगटा बी-डिविजन लीग : जगन्नाथपुर क्रिकेट क्लब को पराजित कर एसाआर रूंगटा ग्रुप बना चैंपियन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे एस आर रूंगटा बी-डिविजन लीग के फाईनल मैच में आज एस आर रूंगटा ग्रुप की टीम ने जगन्नाथपुर क्रिकेट क्लब को एकतरफा मुकाबले में 120 रनों से पराजित कर न सिर्फ चैंपियन होने का गौरव हासिल किया बल्कि अगले सत्र से प्रोन्नत होकर ए-डिविजन में खेलने की पात्रता भी हासिल कर ली। चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए फाईनल मैच में टॉस जगन्नाथपुर क्रिकेट क्लब के कप्तान ने जीता तथा एस० आर० रूंगटा ग्रुप को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। उनका यह निर्णय गलत साबित हुआ जब एस आर रूंगटा ग्रुप की टीम ने निर्धारित तीस ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 253 रन ठोक डाले। रुंगटा ग्रुप की ओर से मध्यमक्रम के बल्लेबाज कुलदीप मंडल ने चार चौके एवं एक छक्का की मदद से 55 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली जबकि रोबिन लोहरा ने तीन चौके एवं चार छक्के की सहायता से आक्रामक 45 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों में प्रीतम महतो ने 34, विजय रोहित ने 26 तथा अभिषेक कच्छप एवं राहुल महतो ने 25-25 रनों का योगदान दिया। जगन्नाथपुर क्रिकेट क्लब की ओर से मेराजुल इस्लाम ने 49 रन देकर तीन तथा प्रणव त्रिपाठी ने 18 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मोज्जमिल हुसैन एवं सर्वेश अंसारी को एक-एक सफलता हाथ लगी। जीत के लिए 254 रनों के पहाड़ सा स्कोर का पीछा करने उतरी जगन्नाथपुर क्रिकेट क्लब की टीम 19 ओवर में मात्र 133 रन बनाकर आल आउट हो गई और 120 रनों के भारी अंतर से मैच गंवा बैठी। इस टीम की ओर से केवल अंकित शर्मा ने चार चौके एवं पाँच छक्के की सहायता से 55 रन बनाकर संघर्ष किया परंतु अन्य बल्लेबाजों की असफलता ने टीम की लुटिया डुबो दी। नीचले क्रम में निखिल शुक्ला ने 27 तथा मेराजुल इस्लाम ने 20 रन बनाकर थोड़ा प्रतिरोध अवश्य किया पर उनका ये प्रयास नाकाफी साबित हुआ। एस० आर० रूंगटा ग्रुप की ओर से सबसे अच्छी गेंदबाजी विजय रोहित ने की जिसने मात्र 25 रन देकर चार विकेट चटकाए।

**जनता दरबार में डीसी के पास पहुंचा पीड़ित**

# नियुक्ति के बाद भी नौ वर्षो से नहीं मिला रहा है वेतन

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**पलामू।** उपायुक्त समीरा एस ने समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित जनता दरबार में आये लोगों की समस्याएं बुधवार को सुनीं। इसमें जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आये लोगों ने आवेदन देकर डीसी को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। डीसी ने एक-एक कर सभी की समस्याएं सुनते हुए आश्वासन दिया कि सभी मामलों पर 15 दिनों के भीतर उचित कार्रवाई की जाएगी। जनता दरबार में तरहसी के ग्राम चैता से आये संतोष कुमार पासवान ने बताया कि उनके पिता के देहांत के बाद 2015 में अनुकंपा के आधार पर उनकी नियुक्ति की गयी थी। नियुक्ति के समय उनकी जन्मतिथि 10 अप्रैल, 1995 अंकित है जो की सही भी है। हालांकि कार्यालय द्वारा उनका जन्मतिथि 11 फरवरी, 1992 कर दी गई जो कि गलत है। जन्मतिथि में अंतर होने के कारण 2016 से लेकर अबतक मेरा वेतन बंद है। उन्होंने डीसी से वेतन बहाल करने का अनुरोध किया। जनता दरबार में मुख्यरूप से जमीन अतिक्रमण, जमीन अधिग्रहण, राशन कार्ड से जुड़े मामले, दाखिल-खारिज नहीं होने, जमीन कब्जा करने, ट्रांसफर से जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए समस्याओं का समाधान त्वरित गति से करने के निर्देश दिये। जनता दरबार में विश्रामपुर अंचल से जुड़े लगातार शिकायतों पर उपायुक्त ने संज्ञान लि?या। अंचल कार्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों की अलग से समीक्षा करने का निर्णय लिया। आगामी 18 दिसंबर को विश्रामपुर अंचल से जुड़े वैसे आवेदन जो जनता दरबार मे आये थे जिनका निष्पादन नहीं हो पाया है। उन सभी मामलों का समीक्षा की जायेगी।

## टाटा डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल नोवामुंडी में डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चाईबासा।** टाटा डी.ए.वी पब्लिक स्कूल नोवामुंडी में आज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की के जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के संगीत शिक्षक अरविंद ठाकुर के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा गीत संगीत प्रस्तुत कर की गई।कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा के उपरांत प्राचार्य के द्वारा डॉ राजेंद्र प्रसाद के तस्वीर पर मालार्पण कर की गई। तत्पश्चात विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं के द्वारा मालार्पण किया गया।डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जन्म दिवस को मनाने का जयंती मनाने का उद्देश्य डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जीवन और कार्यों को याद करना और उनके आदर्शों को प्रेरित करना इस अवसर पर कक्षा आठवीं के आफिया कुमारी के द्वारा अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत की गई। विद्यालय के भूगोल शिक्षक सचिन चंद्र साव ने इस अवसर पर शिक्षा और कैरियर से संबंधित जानकारियां प्रदान की। उन्होंने बताया कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारत के पहले राष्ट्रपति और महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उनका जन्म 3 दिसंबर 1884 को बिहार के सीवान जिले के जीरादेई गांव में हुआ था। उनके पिता महादेव सहाय संस्कृत और फारसी के विद्वान थे, जबकि उनकी माता कमलेश्वरी देवी एक धार्मिक महिला थीं।डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा घर पर ही प्राप्त की। बाद में उन्होंने छपरा जिला स्कूल और टी.के. घोष अकादमी में पढ़ाई की। उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में एम.ए. और कानून में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। तत्पश्चात विद्यालय के इतिहास शिक्षक डी.के देव के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर प्रकाश डाला बताया कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित थे।

## दीनबंधु उच्च विद्यालय के सभागार में दिव्यांग दिवस समारोह आयोजित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** दीनबंधु उच्च विद्यालय के सभागार में प्रफुल्ल-कनकलता सिकदार स्मृति न्यास, नयाचितकाठ, रिखिया मोहनपुर के बैनर तले दिव्यांग दिवस समारोह, डॉ राजेन्द्र प्रसाद और अमर शहीद खुदीराम बोस की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि दीनबंधु विद्यालय ट्रस्ट कमेटी के सचिव शरदिंदु कुंडू ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद और अमर शहीद खुदीराम बोस की जीवनी पढ़ने से जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। विशिष्ट अतिथि डॉ प्रेम कुमार भारती ने कहा कि अपने आसपास कोई भी दिव्यांग व्यक्ति है तो उससेर घृणा नहीं करें। उसे हर प्रकार से सहयोग करके उत्साहित करें। अध्यक्ष संदीप कुमार गोस्वामी ने कहा कि अमर शहीद खुदीराम जैसे देश भक्त के बलिदान से ही देश को आजादी मिली। इस अवसर पर बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता हुई। सीनियर ग्रुप में बेबी कुमारी प्रथम, विश्वजीत राज द्वितीय, मयंक कुमार तृतीय और जूनियर ग्रुप में आयुष कुमार प्रथम, अमन कुमार द्वितीय और मो हमजा शेख तृतीय रहे। सभी को डॉ राजेन्द्र प्रसाद की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष प्रोफेसर रामनदंन सिंह, मोहनपुर प्रखंड के बीस सूत्री के उपाध्यक्ष रामरेख यादव, मौलिक फिल्म निर्देशक शत्रुघ्न प्रसाद सहित दीनबंधु उच्च विद्यालय के शिक्षक सुनील कुमार सूर, मुनेश्वर प्रसाद यादव, मनीषा घोष, उदय कुमार मंडल, जीतेन्द्र कुमार चन्द्र, भारती कुमारी, सुदीप्ता चक्रबर्ती, शिक्षकेतर कर्मचारी विकास कुमार दास, राजू कुमार और दीनबंधु उच्च विद्यालय के सभी छात्र और छात्राएं उपस्थित थे। मंच का संचालन शिक्षक जीतेन्द्र कुमार चन्द्र ने किया। सचिव सह प्रधानाध्यापक काजल कान्ति सिकदार ने धन्यवाद किया।




## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर सहायक उपकरणों का वितरण

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**जमशेदपुर।** हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन ने आज बुधवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर सबल (एएलआईएमसीओ और टाटा स्टील फाउंडेशन की संयुक्त पहल) द्वारा आयोजित सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में अनेक दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों को व्हीलचेयर, बैसाखी सहित कई सहायक उपकरण प्रदान किए गए। पूर्वी सिंहभूम जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी ने उपकरण वितरित कर सभी को प्रोत्साहित किया। यह पहल समावेशी समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।



### संक्षिप्त

#### उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक ने किया बरमसिया पुल मरम्मती कार्य का निरीक्षण

**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बुधवार को संयुक्त रूप से बरमसिया पुल में चल रहे मरम्मती कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेल के अधिकारियों, पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता तथा कॉन्ट्रैक्टर से अब तक हुए कार्यों की समीक्षा की, साथ ही कार्य को निर्धारित समय पर पूरा करने तथा गुणवत्तापूर्वक कार्य को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि धनबाद की ट्रैफिक व्यवस्था पर लगातार राज्य सरकार की भी नजर है, हमारी ओर से भी लगातार नजर रखी जा रही है। लगातार समीक्षा के क्रम में यह पाया कि धनबाद में गया पुल हो, बरमसिया पुल हो, पॉलिटेक्निक वाला रोड हो, इन सभी में कुछ न कुछ मेजर चीजें हैं, जो वर्षों से नहीं दशकों से लम्बित थीं। उसमें हमारी प्राथमिकता के साथ कार्य किया जा रहा है। बरमसिया पुल में लगभग एक महीने से काम चल रहे हैं और उम्मीद है कि 15 दिन के बाद हम लोग छोटी गाड़ियों के लिए आवागमन खोलेंगे। उन्होंने कहा कि मूल रूप से हमारी प्राथमिकता है कि बरमसिया पुल का काम अच्छे और गुणवत्तापूर्ण हो और आवागमन में कोई समस्या नहीं हो। साथ ही पुल के दूसरे छोर भी हम लोग चेक कर रहे हैं कि दूसरे छोर में भी अगर कोई समस्या हो तो उसका भी निदान इस दौरान कर लिया जाए।

#### ट्रेन के महिला कोच से 35 जीवित कछुए बरामद

**धनबाद।** धनबाद मंडल में ऑपरेशन डब्ल्यूआईएलईपी के तहत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गाड़ी संख्या 13010 योगनगरी ऋषिकेश-हावड़ा दून एक्सप्रेस के महिला कोच से लावारिस हालत में भारतीय फ्लैपशेल प्रजाति के 35 जीवित कछुए बरामद किए। बरामद कछुओं की अनुमानित कीमत करीब 3.50 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना बुधवार को उस समय सामने आई जब वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर आरपीएफ पोस्ट धनबाद की टास्क टीम प्लेटफॉर्म पर नियमित गश्त कर रही थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि ट्रेन के गार्ड ब्रेक से सटे महिला कोच में कछुओं की तस्करी की जा रही है।

# आइसीटी चैंपियनशिप के विजेताओं को उपायुक्त ने किया सम्मानित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** सितंबर से नवंबर तक जिला एवं प्रखंड स्तर पर आयोजित आइसीटी चैंपियनशिप : झारखंड ई-शिक्षा महोत्सव-2025 अंतर्गत विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृशत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू के बहुदेशीय भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त डॉ ताराचंद ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि आज आईसीटी की महत्ता से इंकार नहीं किया जा सकता है। हर कार्य में इलेक्ट्रॉनिक गजट व मशीनों पर निभर्रता बढ़ गयी है। हम सुबह उठने से रात सोने के समय तक इन्हीं उपकरणों के बीच रहते हैं। शिक्षा से लेकर मनोरंजन के लिए हम इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। एक दशक पहले तक इंटरनेट का इस्तेमाल बहुत महंगा पड़ता था। आज आइसीटी के बगैर जीवन अधूरा हो सकता है। उपायुक्त ने कहा कि आज इंटरनेट पर बहुत सी वेबसाईट हैं लेकिन उनमें से हमारे लिए क्या उपयोगी है, क्या अनुपयोगी है, यह निर्णय लेना बहुत जरूरी है। इसके लिए अच्छे बुरे की पहचान बहुत जरूरी है। छात्र-छात्राओं के लिए यह बहुत जरूरी है। समय का बेहतर उपयोग करें और आनेवाली पीढ़ी के लिए उदाहरण प्रस्तुत करें। इंटरनेट का मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत प्रभाव पड़ रहा है। आज बच्चे सोशल मीडिया पर लगातार आ रहे रील्स पर समय व्यतीत कर रहे हैं जो कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। बेहतर हो कि इंटरनेट का इस्तेमाल कुछ सीखने या पढ़ने के लिए किया जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए तभी वह स्वस्थ माना जाएगा। के कार्यक्रम में उपायुक्त ने जिला स्तर पर सफल 8 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ कार्यक्रम अंतर्गत सभी को शपथ भी दिलाई गई। आज के कार्यक्रम में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।



## दिव्यांगजनों का सम्मान और सशक्तिकरण जिला प्रशासन की प्राथमिकता

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गुमला।** नगर भवन में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित थीं। उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक ललन कुमार रजक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि यह दिवस हमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति के साथ समान व्यवहार और उनके सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा एवं उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं क्रियान्वित कर रही है, जिसका लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंच सके, यह जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। विभिन्न कैंपों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की जांच उपरांत दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत किए जा रहे हैं, जिससे दिव्यांगजन विभिन्न शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सहज रूप से प्राप्त कर सकें। उपायुक्तय ने कहा कि दिव्यांगज को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे सीधे उनके कार्यालय नंबर पर व्हाट्सएप अथवा वॉयस मैसेज के माध्यम से अपनी बात रख सकते हैं। समाहरणालय आने की आवश्यकता नहीं होगी, उनकी समस्या का समाधान प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी ने कहा कि यह जिला प्रशासन का संकल्प है कि कोई भी दिव्यांगजन किसी भी कारणवश पीछे नहीं छूटे। उन्होंने कहा कि पेंशन, प्रमाण पत्र और आवश्यक यंत्र एवं उपकरणों की उपलब्धता दिव्यांगजनों तक सुगमता से पहुंचे, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## उपायुक्त ने किया लाइब्रेरी और भवनों का निरीक्षण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने चंदनकियारी प्रखंड मुख्यालय स्थित लाइब्रेरी, रविंद्र भवन एवं महिला प्रशिक्षण भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने कहा कि जिले के सभी पंचायतों में मॉडल लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। वहीं प्रखंड मुख्यालय स्थित लाइब्रेरी को पूरी तरह व्यवस्थित कर आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा।उपायुक्त ने कहा कि जिले में शिक्षा का बेहतर माहौल तैयार करना जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सहायक शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिसके पूरा होते ही सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर हो जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकारी स्कूलों में कार्यरत कुछ शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य में लापरवाही बरतने की शिकायतें मिली हैं। ऐसे शिक्षकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने लाइब्रेरी के विस्तार की संभावनाओं को लेकर रविंद्र भवन एवं महिला प्रशिक्षण भवन का भी जायजा लिया, ताकि विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप अध्ययन की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके।

## स्कूल वाहन जांच अभियान में दो गाड़ियां जब्त, प्रिंसिपल पर गिरी गाज




**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित और पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर बुधवार को नोटरेडेम स्कूल और शिशु मंदिर स्कूल के पास स्कूल वाहनों के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चले इस अभियान में जिला शिक्षा अधीक्षक और मोटर यान निरीक्षक भी शामिल रहे। इस दौरान बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ और नियमों के उल्लंघन को लेकर कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। इसके बाद प्रिंसिपल और स्कूल प्रबंधन पर भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बिना हेलमेट बच्चों को लेने आए कई अभिभावकों का फोटो और वीडियो भी संरक्षित करा लिया। स्पष्ट चेतावनी दी कि जुमार्ने से बचने के लिए नहीं, बल्कि दुर्घटना से बचने के लिए हेलमेट पहनें, क्योंकि सिर की कीमत अनमोल है। जांच के दौरान गाड़ियां भी जब्त की गईं। इनमें से एक ओमनी वैन थी। जब्त वाहनों के पास लाइसेंस, बीमा, परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस, टैक्स, और पॉल्यूशन जैसे आवश्यक दस्तावेज फेल पाए गए। जिला शिक्षा अधीक्षक ने प्रिंसिपल से नाराजगी जताते हुए स्कूल प्रबंधन के कागजात मांगे। स्कूल की मान्यता रद्द करने तक की चेतावनी दी। जिला परिवहन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्कूल वाहनों के लिए कमर्शियल नंबर (पीला नंबर प्लेट) अनिवार्य है। सभी को 1 हफ्ते में यह सुधार कर लेना होगा। वाहन की सीट पर जितनी संख्या लिखी है, उतने ही सवारी लेकर चलना होगा। ओवरलोडिंग बर्दाशत नहीं की जाएगी' सभी गाड़ी चालकों को स्कूल प्रबंधन से परमिशन लेटर और ऑथोराइजेशन लेटर लेना अनिवार्य है। परिचालन केवल लाइसेंस, बीमा, और परमिट के साथ ही हो पाएगा। बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी स्कूल बच्चों को ले कर चल रहे वाहनों को चालकों को आचरण प्रमाण पत्र भी लेना अनिवार्य होगा। स्कूल प्रबंधन ने जांच के दौरान बताया कि अक्सर अभिभावक ही अपने बच्चों को ओवरलोड करके भेजने के लिए चालकों पर दबाव बनाते हैं। यह लटक लटक कर दो पैसे बचाने की मानसिकता के कारण किया जाता है। जांच अभियान में जिला शिक्षा अधीक्षक, मोटर यान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह और प्रदीप तिर्की भी शामिल थे।

### खाद्य सुरक्षा विभाग और तंबाकू निषेध टीम की संयुक्त कार्रवाई



**गुमला।** खाद्य सुरक्षा विभाग और तंबाकू निषेध टीम ने बुधवार को संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। यह विशेष कार्रवाई खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी और तंबाकू निषेध पदाधिकारी के नेतृत्व में की गई। टीम ने सबसे पहले सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने अस्पताल के रसोईघर की स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था, खाद्य सामग्री की ताजगी एवं किचन में अपनाए जा रहे हाइजीन मानकों की जांच की। किचन स्टाफ से भोजन बनाने की प्रक्रिया, उपयोग किए जाने वाले पानी की गुणवत्ता, तापमान नियंत्रण और एप्रनझ्ग्लव्स जैसे स्वच्छता उपकरणों के उपयोग के बारे में जानकारी ली गई। टीम ने अस्पताल प्रबंधन को रसोईघर की स्वच्छता और भंडारण प्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए। संयुक्त टीम ने निरीक्षण क्रम में एमटीसी (कुपोषण उपचार केंद्र) का भी दौरा किया। यहां बच्चों को दिए जा रहे सप्लिमेंटरी फूड, दूध, रेडी-टू-यूज, तेल, डालिया का रखरखाव की व्यवस्था का परीक्षण किया गया। टीम ने भोजन एवं सप्लिमेंट सामग्रियों का सही तापमान पर सुरक्षित भंडारण, बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की नियमित गुणवत्ता जांच और बच्चों को भोजन परोसने में हाइजीनिक प्रैक्टिस को और सख्ती से लागू करने की सलाह दी।

## उपायुक्त का निर्देश, विधिक प्रक्रियाओं में शिथिलता नहीं हो

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में बुधवार को विधि शाखा से संबंधित विभिन्न विभागों से जुड़े कार्यों की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। इसमें उपायुक्त ने उच्च एवं उच्चतम न्यायालय से सम्बंधित वादों में प्रति शपथ पत्र दायर किये जाने की विभागवार समीक्षा के अलावा विभागवार लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जितने भी मामलों में कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया जाना है, वैसे सभी लंबित मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को ससमय प्रति शपथ पत्र दायर करें। उपायुक्त ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित वादों की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट की जानकारी प्राप्त की। वादों के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विधिक प्रक्रियाओं में शिथिलता नहीं हो। सभी संबंधित अधिकारी अपने स्तर से उत्तरदायित्व का समुचित निर्वहन करते हुए न्यायालयीन वादों के निष्पादन गंभीरता से करें। मौके पर उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, विधि शाखा प्रभारी शैलश कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमर कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला खनन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, संबंधित कार्यपालक अभियंता, सभी अंचलों के अंचलाधिकारी, डीएमफटी की टीम, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।




## मुआवजा भुगतान के लिए समाहरणालय प्रांगण में लगेगा शेष शिविर

**लोहरदगा बाईपास के कार्य में गति लाने का उपायुक्त ने दिया आदेश**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में बुधवार को भू-अर्जन से संबंधित बैठक आयोजित हुई। इसमें एनएच-143ए अंतर्गत लोहरदगा बाईपास और एनएच-75 अंतर्गत कुडू-उदयपुरा पथ परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि से संबंधित रैयतों के भुगतान पर चर्चा की गई। स्पष्ट अभिलेख व सहमत रैयतों को मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया गया। जिन रैयतों के अधिग्रहित भूमि की मापी लंबित है, उनके भूमि की मापी दो सप्ताह के अंदर करा कर भुगतान कराने का आदेश दिया गया। जिन रैयतों के भूमि की मापी हो चुकी है और भुगतान लंबित है उनका भी जल्द भुगतान कराने का निर्देश दिया गया। जो रैयत अभी तक भी असहमत हैं उनका मामला भूमि अधिग्रहण न्यायालय में भेजे जाने के लिए अभिलेख तैयार करने का निर्देश दिय गया। छूटे हुए सभी मौजा से अप्राप्त अभिलेख प्राप्त कर लिये जाने का निर्देश दिया गया। भुगतान के लिए विशेष शिविर का आयोजन समाहरणालय प्रांगण में आयोजित किये जाने का आदेश जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को दिया गया। एनएच-75 अंतर्गत भी लंबित भुगतान का आदेश दिया गया। राष्ट्रीय उच्च पथ को लोहरदगा बाईपास के कार्य में गति लाने का आदेश दिया, ताकि बाईपास पथ ससमय पूर्ण किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा बाईपास का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इससे जिला के भविष्य की रूपरेखा जुड़ी हुई है। इस पथ के पूर्ण हो जाने पर जिला के विकास को गति मिलेगी जो जिला के लिए उपलब्धि होगी। आज की बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सुजाता कुजूर, अंचल अधिकारी किस्को, अंचल अधिकारी कुडू,अंचल अधिकारी सदर और अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ, उपस्थित थे।




## बोकारो में अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, तीन अपराधी गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो पुलिस ने अंतरराज्यीय आपराधिक गतिविधियों में लिप्त एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये अपराधी चोरी की मोटरसाइकिल और फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल कर बैंक और ज्वेलरी दुकानों की रेकी करते थे। बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने बुधवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 2 दिसंबर 2025 को गांधी नगर ओपी पुलिस कीओर से 4 नंबर मोड़, अब्दुल हमीद चौक के पास एंटी-क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान लगभग 3:40 बजे जारंगडीह की ओर से आ रही दो संदिग्ध बाइक को रोकने का संकेत दिया गया। पुलिस को देखते ही दोनों चालक भागने लगे इस दौरान सशस्त्र बलों की मदद से घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान ओडिशा के जाजपुर जिले के कोरई थाना क्षेत्र निवासी सुनील दास (33), कबाड़ी गोपाल (22) और आंध्र प्रदेश के अउला आलोक राव (21) के रूप में हुई।



## संपादकीय

### विलुप्ति का बढ़ता खतरा

**भारत** सहित पूरी दुनिया एक ऐसे जैविक संकट का सामना कर रही है, जो दिखने में भले धीमा हो, लेकिन इसके दुष्परिणाम दूरगामी और विनाशकारी हैं। देश में कई जीव-जंतुओं की प्रजातियां तेजी से विलुप्ति की ओर बढ़ रही हैं। ऐसे माहौल में पूर्वोत्तर भारत में उभयचर जीवों की तेरह नई प्रजातियों की खोज निश्चय ही एक सकारात्मक संकेत है-लेकिन यह राहत जितनी छोटी है, खतरा उससे कहीं बड़ा। छह प्रजातियां अरुणाचल प्रदेश में, तीन मेघालय में और असम, मिजोरम, नगालैंड तथा मणिपुर में एक-एक प्रजाति का मिलना बताता है कि ये जीव कभी बड़ी संख्या में मौजूद रहे होंगे। लेकिन पर्यावरणीय बदलाव, जलवायु परिवर्तन और मानव-जनित गतिविधियों ने इनके आवास को इस कदर प्रभावित किया कि ये इंसानी नजरों से दशक भर गायब रहीं। यह तथ्य अपने आप में चेतावनी है कि प्रकृति के संतुलन की कई कड़ियां टूट चुकी हैं। सिर्फ उभयचर ही नहीं, बल्कि अनेक पक्षी, कीट और स्तनधारी प्रजातियां भी इसी खतरे में हैं। संयुक्त राष्ट्र के विज्ञान-नीति मंच की रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि दुनिया में कशेरुकी जीवों की 680 प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं और लगभग दस लाख प्रजातियां अगले कुछ दशकों में इसी दिशा में बढ़ सकती हैं। यह आंकड़ा किसी एक क्षेत्र की नहीं, बल्कि संपूर्ण वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र की गंभीर बिगड़ती सेहत का संकेत है। भारत इस संकट से अछूता नहीं है। गौरैया-जो कभी हर आंगन, हर खिड़की, हर छत की परिचित आवाज हुआ करती थी-आज गायब हो रही है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, पिछले चालीस वर्षों में देश में गौरैया की संख्या 60झ्र65 प्रतिशत घट गई है। कुछ वर्ष पहले इसका संरक्षण एक राष्ट्रीय अभियान का रूप लेने लगा था, लेकिन वक्त गुजरने के साथ वे प्रयास सुस्त पड़ते गए। नतीजा यह है कि आज भी इसकी सुरक्षा ठोस नीति के बजाय केवल जागरूकता कार्यक्रमों तक सीमित है।

# बहुत अहम है व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा

**अरूणिम भुयान**



क्रेमलिन की तरफ से जारी एक अलग बयान में कहा गया है कि  यह दौरा बहुत अहम है, क्योंकि यह पॉलिटिक्स, ट्रेड और इकॉनमी, साइंस और टेक्नोलॉजी, साथ ही कल्चरल और मानवीय मामलों में रूस-भारत की स्पेशल एंड प्रिविलेज्ड स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप के पूरे बड़े दायरे पर चर्चा करने का मौका देता है। साथ ही मौजूदा इंटरनेशनल और रीजनल मुद्दों पर भी बात करता है। ये सभी थीम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप में भारतीय डेलीगेशन के साथ होने वाली आने वाली बातचीत का फोकस होंगी। बुधवार को यहां अपनी नियमित मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस महीने की शुरूआत में विदेश मंत्री एस जयशंकर की मॉस्को यात्रा का जिक्र किया, जिस दौरान पुतिन की यात्रा की तैयारी के लिए रूसी मंत्रियों के साथ कई बैठकें हुई थीं। जायसवाल ने कहा था,  दोनों पक्ष रिश्तों को मजबूत करने के लिए बहुत मेहनत कर रहे हैं, और इस बारे में, कई मुद्दों पर चर्चा हो रही है और उन पर गौर किया जा रहा है जो नतीजे का हिस्सा होंगे। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद यह पुतिन का पहला भारत दौरा होगा। पश्चिमी ताकतों के साथ भारत के बढ़ते जुड़ाव और चीन पर रूस की बढ़ती निर्भरता के बावजूद, नई दिल्ली और मॉस्को अपनी स्पेशल और प्रिविलेज्ड स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप जारी रखे हुए हैं। भारत के लिए, यह मीटिंग इस मैसेज को और पक्का करती है कि उसकी विदेश नीति मल्टी-अलाइन्ड और ऑटोनॉमस बनी हुई है। नई दिल्ली ने मॉस्को के साथ जुड़ाव कम करने के पश्चिमी दबाव का विरोध किया है। खासकर डिफेंस और एनर्जी जैसे जरूरी सेक्टर में। इसलिए यह समिट बड़ी ताकतों के साथ रिश्तों को बैलेंस करने के भारत के कमिटमेंट की पब्लिक पुष्टि के तौर पर काम करेगी। पिछले साल जुलाई में, मोदी और पुतिन भारत-रूस बाइलेटरल समिट के लिए मॉस्को में मिले थे। यूक्रेन विवाद शुरू होने के बाद यह मोदी का पहला रूस दौरा था। भारत बातचीत और डिप्लोमेसी के जरिए रूस-यूक्रेन विवाद को सुलझाने की वकालत करता रहा है। मोदी और पुतिन ने पिछले साल अक्टूबर में तातारस्तान के कजान शहर में रूस द्वारा होस्ट किए गए ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) समिट के दौरान फिर से एक बाइलेटरल मीटिंग की। सालाना समिट का रिवाज 2000 में पुतिन के भारत दौरे के दौरान इंडिया-रशिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट पर साइन होने के साथ शुरू हुआ। इस एग्रीमेंट ने दोनों देशों के बीच हाई-लेवल बातचीत को इंस्टीट्यूशनल बनाया और रिश्तों को मजबूत करने के उनके आपसी कमिटमेंट पर जोर दिया। 2010 में, इस पार्टनरशिप को स्पेशल एंड प्रिविलेज्ड स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप के लेवल तक बढ़ा दिया गया था। हालांकि, कोविड-19 महामारी ने इस सालाना बातचीत में रुकावट डाली। जुलाई 2024 के समिट से पहले, आखिरी सालाना समिट बहुत पहले 2021 में हुई थी। पुतिन का भारत दौरा एक बड़ा जियोपॉलिटिकल मैसेज देगा। रूस के लिए, यह दौरा यह इशारा करता है कि वह डिप्लोमैटिक रूप से अलग-थलग नहीं है और चीन के साथ अपने अलायंस के बाहर भी उसकी पक्की पार्टनरशिप बनी हुई है। मॉस्को, बीजिंग पर बहुत ज्यादा निर्भर होने को लेकर ज्यादा सावधान है ग्लोबल साउथ में एक बड़ा प्लेयर, भारत रूस को एक कीमती काउंटरबैलेंस देता है।

भारत के लिए, यह दौरा गुटों में बंटी दुनिया में उसकी स्ट्रेटेजिक ऑटोनॉमी को मजबूत करता है। नई दिल्ली यूएस, ईयू, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मजबूत रिश्ते बनाए हुए है। साथ ही रूस और ग्लोबल साउथ के साथ भी अपने रिश्ते मजबूत कर रहा है। यह समिट भारत की सभी बड़ी ताकतों के साथ रास्ते खुले रखने की काबिलियत को दिखाता है। खासकर ऐसे समय में जब पश्चिम और चीन दोनों के साथ उसके रिश्ते जांच के दायरे में हैं। डिफेंस कोऑपरेशन ऐतिहासिक रूप से भारत-रूस रिश्तों की रीढ़ रहा है। भारत-रूस मिलिट्री टेक्निकल कोऑपरेशन एक बायर-सेलर फ्रेमवर्क से बढ़कर एक ऐसा फ्रेमवर्क बन गया है, जिसमें एडवांस्ड डिफेंस टेक्नोलॉजी और सिस्टम की जॉइंट रिसर्च, डेवलपमेंट और प्रोडक्शन शामिल है। डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ सिंह और उनके रूसी काउंटरपार्ट एंड्री बेलौसोव इंडिया-रूस इंटर-गवर्नमेंटल कमीशन ऑन मिलिट्री एंड मिलिट्री-टेक्निकल कोऑपरेशन के को-चेयर हैं। आईआरआईजीसी-एमएमटीसी के 21वें सेशन की को-चेयर पिछले साल दिसंबर में मॉस्को में सिंह और बेलौसोव ने की थी। ढ्ढहस्र तुशील को 9 दिसंबर, 2024 को कैलिनिनग्राद के यंतर शिपयार्ड में सिंह की मौजूदगी में इंडियन नेवी में कमीशन किया गया था। रूस ने भारत की भविष्य की फाइटर एयरक्राफ्ट की जरूरतों को सपोर्ट करने के लिए भी अपनी तैयारी दिखाई है, और एसयू-57 पांचवीं जेनरेशन के स्टील्थ फाइटर के लिए बिना किसी रोक-टोक के टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की पेशकश की है। इसमें भारत की तरफ से सभी मांगों को  पूरी तरह से मंजूर बताया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोदी-पुतिन मीटिंग के दौरान, भारत एस-400 ट्रायम्फ एयर डिफेंस सिस्टम के 5 और स्क्वॉड्रन मांग सकता है। इसने इस साल मई में पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी प्रभावशीलता साबित की थी।

2022 से, डिस्काउंटेड रूसी क्रूड भी भारत की एनर्जी स्ट्रैटेजी का एक बड़ा पिलर बन गया है। रूस, भारत के टॉप ऑयल सप्लायर में से एक बनकर उभरा है, जिससे ट्रेड पैटर्न बदल रहे हैं। इस एनर्जी पार्टनरशिप ने भारत को ग्लोबल प्राइस वोलैटिलिटी को मैनेज करने में मदद की है। साथ ही मॉस्को को पश्चिमी पाबंदियों के बीच एक स्टेबल आउटलेट भी दिया है। हालांकि, 2022 से बाइलेटरल ट्रेड बढ़ा है, लेकिन एनर्जी इंपोर्ट के कारण यह अब भी रूस के पक्ष में झुका हुआ है। रुपया-रूबल पेमेंट सिस्टम को ठीक करना, बैंकिंग दिक्कतों को दूर करना और फार्मास्यूटिकल्स, मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और खेती में एक्सपोर्ट को बढ़ावा देना भारत की टॉप प्रायोरिटी हैं। दोनों नेताओं ने ट्रेड और इकोनॉमिक रिश्तों को मजबूत करना एक प्रायोरिटी एरिया के तौर पर पहचाना है, जिन्होंने 2025 तक बाइलेटरल इन्वेस्टमेंट को 50 बिलियन डालर और 2030 तक बाइलेटरल ट्रेड को 100 बिलियन डालर तक बढ़ाने का टारगेट रखा था। एफवाय 2024-25 में भारत और रूस के बीच बाइलेटरल ट्रेड 68।7 बिलियन यूएस डालर के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया। इसमें भारत का 4।9 बिलियन यूएस डालर का एक्सपोर्ट और रूस से 63।8 बिलियन यूएस डालर का इंपोर्ट शामिल था। इस बीच, एक जुड़े हुए डेवलपमेंट में, भारत ने व्लादिवोस्तोक-चेन्नई शिपिंग रूट को एक्टिवेट कर दिया है, जो भारत के पूर्वी तट को रूस के फार ईस्ट से जोड़ता है। एक्सपोर्टर्स के बीच यह रूट पॉपुलर हो रहा है, आगे का प्लान इस कॉरिडोर के हिस्से के तौर पर पारादीप और विजाग जैसे दूसरे पूर्वी पोर्ट्स को जोड? का है, जिससे यह और ज्यादा वायबल बन जाएगा। उदयपुर के उसानास फाउंडेशन थिंक टैंक के फाउंडर, डायरेक्टर और सीईओ अभिनव पंड्या के मुताबिक, पुतिन का दौरा बहुत जरूरी है, क्योंकि यह ऐसे मोड़ पर हो रहा है, जहां भारत एक बड़ी डिप्लोमैटिक चुनौती का सामना कर रहा है।  पंड्या ने बताया,  हम देख सकते हैं कि यूएस के साथ हमारे रिश्ते बहुत स्ट्रेस फुल हैं, चीन पाकिस्तान का ऑल-वेदर फ्रेंड है।  चीन के साथ रिश्तों में कुछ नरमी के बावजूद, हाल ही में बीजिंग ने अरुणाचल का मुद्दा उठाकर भारत के खिलाफ बहुत अग्रेसिव रवैया अपनाया है। सऊदी अरब ने भी पाकिस्तान के साथ एक स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप साइन की है। शेख हसीना के हटने के बाद बांग्लादेश भी भारत के असर से बाहर हो गया है।

**- लेखक के अपने निजी विचार हैं।**

*भारत के लिए, यह दौरा गुटों में बंटी दुनिया में उसकी स्ट्रेटेजिक ऑटोनॉमी को मजबूत करता है। नई दिल्ली यूएस, ईयू, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मजबूत रिश्ते बनाए हुए है। साथ ही रूस और ग्लोबल साउथ के साथ भी अपने रिश्ते मजबूत कर रहा है। यह समिट भारत की सभी बड़ी ताकतों के साथ रास्ते खुले रखने की काबिलियत को दिखाता है। खासकर ऐसे समय में जब पश्चिम और चीन दोनों के साथ उसके रिश्ते जांच के दायरे में हैं। डिफेंस कोऑपरेशन ऐतिहासिक रूप से भारत-रूस रिश्तों की रीढ़ रहा है। भारत-रूस मिलिट्री टेक्निकल कोऑपरेशन एक बायर-सेलर फ्रेमवर्क से बढ़कर एक ऐसा फ्रेमवर्क बन गया है, जिसमें एडवांस्ड डिफेंस टेक्नोलॉजी और सिस्टम की जॉइंट रिसर्च, डेवलपमेंट और प्रोडक्शन शामिल है। डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ सिंह और उनके रूसी काउंटरपार्ट एंड्री बेलौसोव इंडिया-रूस इंटर-गवर्नमेंटल कमीशन ऑन मिलिट्री एंड मिलिट्री-टेक्निकल कोऑपरेशन के को-चेयर हैं। आईआरआईजीसी-एमएमटीसी के 21वें सेशन की को-चेयर पिछले साल दिसंबर में मॉस्को में सिंह और बेलौसोव ने की थी। ढ्ढहस्र तुशील को 9 दिसंबर, 2024 को कैलिनिनग्राद के यंतर शिपयार्ड में सिंह की मौजूदगी में इंडियन नेवी में कमीशन किया गया था।*

# नकली बीजों के संकट में किसान...

**अमरेंद्र सिंह वर्मा**

देश में नकली बीज किसानों के लिए एक बड़ी समस्या बन चुके हैं। हाल में मुंबई में आयोजित एशियाई बीज कांग्रेस-2025 में केंद्रीय कृषि मंत्री ने भी माना कि नकली बीज किसानों के लिए विनाशकारी साबित हो रहे हैं। बीज उत्पादक किसानों को दिए जाने वाले बीजों की ठीक से जांच करें, क्योंकि किसान की एक साल की फसल बिगड़ी, तो उसकी पांच साल तक हालत बिगड़ जाती है। यह कथन जमीनी सच्चाई को पूरी तरह बयान करता है। देश के लगभग सभी राज्यों में किसानों को नकली और मानकों पर खराब गुणवत्ता वाले बीज बेचे जा रहे हैं। नतीजा यह कि या तो अंकुरण नहीं होता या होता है, तो उत्पादकता बहुत कम निकलती है। ऐसे मामलों में किसान अक्सर कर्ज के जाल में फंस जाते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, घटिया बीजों से जीआइ टैग वाली फसलों की गुणवत्ता प्रभावित होती है। निर्यात अस्वीकृत हो जाता है और देश की कृषि साख को भी नुकसान पहुंचता है। यह संकट केवल बीजों तक सीमित नहीं है। खाद और कीटनाशक भी बड़े पैमाने पर नकली पाए जा रहे हैं। लोकसभा में सरकार द्वारा हाल में दी गई जानकारी समस्या की गंभीरता को उजागर करती है। सरकार के अनुसार वर्ष 2023-24 में 1,33,588 बीज नमूने लिए गए, जिनमें 3,630 नमूने खराब पाए गए। वर्ष 2023-24 के दौरान 1,81,153 उर्वरक नमूनों में से 8,988 नमूने मानकों के अनुरूप नहीं थे। इसी प्रकार 80,789 कीटनाशक नमूनों में से 2,222 नमूने नकली पाए गए।

अन्य आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024-25 में जांचे गए 2।53 लाख नमूनों में 32,525 बीज घटिया पाए गए। तेलंगाना, राजस्थान, गुजरात और पश्चिम बंगाल ऐसे राज्य हैं, जहां बीजों में गड़बड़ी के सर्वाधिक मामले सामने आए हैं। राजस्थान में छापेमारी अभियान में नकली बीजों के कई मामले पकड़े गए। राज्य में अब तक 73 विक्रेताओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। बड़ा सवाल यह भी है कि विधेयक के मसविदे में सजा के जो प्रावधान किए गए हैं, वे कितने असरदार होंगे? सरकार के अनुसार नया कानून नकली बीजों के धंधे पर नकेल कसने के लिए तीन स्तरों पर कड़े दंड का ढांचा तैयार करता है। सरकार का दावा है कि कानूनी प्रावधानों से बाजार



में अनुशासन आएगा, तो फिर किसान संगठन विरोध क्यों कर रहे हैं? किसान संगठनों का सवाल है कि क्या इससे किसानों की फसल खराब होने पर मुआवजे की समस्या सुलझ पाएगी?किसान संगठनों का कहना है कि यह मसविदा कई अहम पहलुओं को छूता ही नहीं है। खराब बीज मिलने पर किसानों के लिए मुआवजे का प्रावधान नहीं है। यह कानून कंपनियों पर जुमार्ना तो लगाता है, पर नुकसान किसे भरना है, यह साफ नहीं है। फसल खराब होने पर किसानों को सीधे मुआवजा देने का ठोस प्रावधान नहीं है। ट्रांसजेनिक बीजों के आयात और बिक्री पर सुरक्षा उपाय अपर्याप्त हैं।

उनका आरोप है कि अगर यह विधेयक पास हो गया, तो बीज आयात बढ़ेगा और स्थानीय बीज विविधता खतरे में पड़ जाएगी। किसान संगठनों को बीज महंगा होने का डर भी है। उनका मानना है कि लाइसेंसिंग और प्रमाणन प्रक्रियाएं छोटी कंपनियों और स्थानीय बीज उत्पादकों के लिए बोझ बढ़ाएंगी जिससे बाजार पर कुछ बड़ी कंपनियों का नियंत्रण बढ़ सकता है। सरकार किसानों को नकली बीजों से बचाने के लिए यह कानून लेकर आना चाहती है। इसलिए जरूरी नहीं कि सरकार की मंशा पर हमेशा संदेह ही किया जाए, लेकिन इसके साथ किसानों की चिंता को सुना जाना और उनका समाधान तथा आशंकाओं को खत्म करना भी जरूरी है। एक रपट के अनुसार, खेती में बीजों का योगदान कुल फसल उत्पादन का 15-20 फीसद है। उच्च गुणवत्ता वाले बीजों तक पहुंच किसानों की आजीविका, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और कृषि अर्थव्यवस्था तीनों के लिए निर्णायक है। आर्थिक लालच, कमजोर आपूर्ति श्रृंखलाओं, ढीले नियम और किसानों में जागरूकता की कमी के कारण नकली बीजों की समस्या पैदा हुई है। लिहाजा, नया कानून तभी सफल होगा, जब इसमें किसान, कंपनियों और राज्य एजेंसियों की वास्तविक स्थितियों को ध्यान में रखा जाएगा। सरकार को नए कानून को और मजबूत बनाने के लिए कई कदम उठाने चाहिए। सबसे जरूरी यह है कि किसानों और किसान संगठनों की आशंकाओं पर विचार कर उन्हें आश्वस्त किया जाए। किसान संगठनों की आशंका है कि नए कानून से बड़ी कंपनियों का बीज कारोबार पर कब्जा हो जाएगा। ऐसे में सरकार को छोटे और स्थानीय बीज उत्पादकों के लिए अलग से सरल लाइसेंसिंग का प्रावधान करना चाहिए। जो लोग छोटे पैमाने पर बीज उत्पादन करना चाहें, उन्हें लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने की तर्ज पर बीजों के प्रमाणन में तकनीकी सहायता और रियायतों का प्रावधान किया जा सकता है। इससे एक ओर जहां बाजार में विविधता बनी रहेगी, वहीं एकाधिकार का खतरा भी कम होगा। सरकार को हर बीज की थैली पर सूचनाएं अनिवार्य कर देना चाहिए, जिससे नकली बीजों पर अंकुश लग सके। बीजों के नमूनों की जांच प्रणाली का विस्तार करना भी बहुत आवश्यक है। इस काम के लिए राज्यों को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि ज्यादा नमूने लिए जा सकें। ग्रामीण स्तर पर नमूने लेने के लिए सचल प्रयोगशाला जैसी व्यवस्था भी कारगर हो सकती है। इसके साथ किसानों में जागरूकता भी लाने की जरूरत है। बीज विधेयक 2025 के मसविदे में निश्चय ही नकली बीजों के खिलाफ सख्ती दिखती है, लेकिन अगर किसानों की फसल सुरक्षा, मुआवजा और स्थानीय बीजों के संरक्षण को भी विधेयक में उचित और प्रभावी स्थान मिल जाए, तो किसानों को आश्वस्त करने में मदद मिलेगी। सरकार का इरादा साफ हो सकता है, लेकिन इस मामले में किसान संगठनों की चिंताएं भी उतनी ही वास्तविक हैं। आवश्यकता इस बात की है कि दोनों पक्ष संवाद की मेज पर बैठें और कानून को ऐसे रूप में लाएं जो किसान, उपभोक्ता और कृषि-व्यवस्था तीनों के हित में हो। ऐसा करना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि देश किसी तरह का कोई आंदोलन नहीं चाहता।

**- लेखक के अपने निजी विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**4 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.25 बजे से |
| चंद्र | वृष में | मकर | 09.30 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 11.16 बजे से |
| बुध | तुला में | मीन | 12.49 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मेष | 14.20 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 16.00 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 17.58 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 20.11 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 22.28 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | कन्या | 00.39 बजे से |
| | | तुला | 02.50 बजे से |
| | | वृश्चिक | 05.05 ब.से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 338 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्दशी 08.38 बजे तदनन्तर पूर्णिमा 04.44 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** कृत्तिका 14.54 बजे को समाप्त। **योग** शिव 12.34 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 08.38 बजे, विष्टि 18.41 बजे तदनन्तर बव 04.44 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 13.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 14' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872548 **जूलियन दिन** 2461013.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 12 **विशेष** कार्तिगाई दीपम, दत्तात्रेय जयंती, अन्नपूर्णा जयंती, त्रिपुर भैरवी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8696

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | 3 | | | 4 |
| 5 | | | 6 | | | | | |
| | | 7 | | | 8 | 9 | | |
| 10 | 11 | | | | | 12 | 13 | |
| | | | | | 14 | | | |
| 15 | | 16 | | 17 | | 18 | | 19 |
| | | 20 | 21 | | 22 | | | |
| | | | 23 | | | | | |
| 24 | | | | | 25 | | | |

### बाएँ से दाएँ

1. चोगा, गाऊन-3
3. पायजामा, शलवार-4
6. भाग्य, लक-3
7. सूर्य, भास्कर-2
8. बिता हुआ दिन-2
10. न्यूनता, निम्नता-5
12. मैडल, पदक-3
15. माला का मोती-3
17. कुलिन स्त्री-5
20. थूक, लेस-2
22. विलंब, लेट-2
23. जाँच, निरीक्षण-3
24. श्मशान, शवदाहगृह-4
25. साफ, बेदाग-3

### ऊपर से नीचे

2. दानशीलता, उदारता-5
3. पाठ, शिक्षा-3
4. रात्रि जागरण-4
5. नेत्रावरण-3
7. लीन, मगन-2
9. बुरी आदत-2
11. कामदेव-3
13. मगरमच्छ-3
14. इंतजार करना-2,3
15. आलेप, लोशन-4
16. सफेद का विलोम-2
18. पानी से सराबोर-2
19. माजरा, हालात-3
21. रिपोर्ट-3

### शब्द पहेली -8695 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | दा | वा | न | ल | ■ | ज | ■ | ■ |
| ■ | ग | ■ | मी | ■ | ना | मा | कू | ल |
| म | दा | री | ■ | स | ज | ना | ■ | बा |
| ■ | र | स | ना | ■ | न | ■ | जा | ल |
| आ | ■ | ना | म | र | ख | ना | ■ | ब |
| म | य | ■ | क | ■ | रा | श | न | ■ |
| रा | ■ | का | र | ण | ■ | क | म | रा |
| य | की | न | न | ■ | श | ■ | की | ■ |
| ■ | ■ | न | ■ | सा | व | धा | न | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

### सूडोकु नवताल- 7633

★★★✯✰ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7632 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

# दिल्ली क्राइम 3 की सफलता का लुत्फ उठा रही शेफाली शाह



एक्ट्रेस शेफाली शाह हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज दिल्ली क्राइम सीजन 3 की सफलता का आनंद उठा रही हैं। दर्शक उनकी दमदार अदाकारी की सराहना कर रहे हैं। इस कड़ी में शेफाली ने दर्शकों का आभार जताया। शेफाली शाह ने कहा, मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे अपने करियर में ऐसे रोल मिले, जिन्होंने न सिर्फ मुझे चुनौती दी, बल्कि दिल की गहराइयों को भी छुआ। दिल्ली क्राइम का गंभीर किरदार, डार्लिंग्स में निभाया गया जटिल रोल और करियर की शुरुआती फिल्म सत्या के अनुभव... इन सभी ने मेरे अभिनय को नई दिशा दी। इन भूमिकाओं को दर्शकों से जितना प्यार मिला, वह मेरी उम्मीदों से कहीं ज्यादा है। हर किरदार ने मुझे एक अलग तरह से बदला, एक कलाकार के रूप में संवारा और यह सफर मेरे लिए बेहद सीखने का अवसर रहा। उन्होंने कहा, जब मैं अपने सफर के बारे में बात करती हूं, तो मुझे हमेशा याद आता है कि मैंने स्टोरीटेलिंग से प्यार क्यों किया था। मेरे लिए अभिनय सिर्फ काम नहीं, बल्कि एक एहसास है, जो लगातार सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। जब दर्शक मेरे अभिनय को समझते हैं, महसूस करते हैं और उसकी सराहना करते हैं, तो यह एक कलाकार के तौर पर बहुत भावुक और संतोष देने वाला अनुभव होता है। बता दें कि आईएफपी महोत्सव में हर साल बॉलीवुड के जाने-माने कलाकार, निर्देशक और उद्योग विशेषज्ञ वक्ता, मेंटर्स और जजों के रूप में शामिल होते हैं। यह नए और स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं, लेखकों और कंटेंट क्रिएटर्स को अपना काम दिखाने के लिए एक बड़ा मंच प्रदान करता है। यहां से कई उभरते हुए टैलेंट को बॉलीवुड और ओटीटी प्लेटफार्मों में काम करने का मौका मिलता है। शेफाली ने कहा कि आईएफपी ने ऐसा माहौल बनाया है जहां कलाकार और दर्शक एक-दूसरे से ईमानदारी के साथ जुड़ते हैं। यह मंच क्रिएटर्स को न सिर्फ अपनी कला दिखाने का अवसर देता है, बल्कि विचारों का ऐसा खुला आदान-प्रदान करवाता है जो उन्हें और भी बेहतर बनाने में मदद करता है।



# रुक्मिणी वसंत का सीक्रेट माइंड मैजिक जो उन्हें जमीन पर टिकाए रखता है!

तेज़ रफ्तार शेड्यूल, लगातार सफ़र और हर दिन नई-नई चुनौतियाँ — एक उभरती अभिनेत्री की ज़िंदगी बाहर से जितनी ग्लैमरस दिखती है, अंदर उतनी ही तूफ़ानी हो सकती है। लेकिन रुक्मिणी वसंत ने इस तूफ़ान के बीच अपनी शांति ढूंढ़ ली है — एक बेहद सरल, बेहद निजी और चौंकाने वाला रिचुअल - जर्नलिंग। हाँ, डायरी में लिखना — वही पुरानी आदत, जिसे हममें से कई लोग छोड़ चुके हैं — यही रुक्मिणी की सबसे बड़ी सुपरपावर है। चाहे दिन कितना भी भागमभाग वाला हो, चाहे सेट पर कितने भी सीन हों, चाहे सफ़र कितना भी लंबा हो, रुक्मिणी रात को अपनी डायरी के पन्नों से ज़रूर मिलती हैं। यह उनका तरीका है खुद से दोबारा जुड़ने का, मन के शोर को शांत करने का और ज़िंदगी को एक साफ़ नज़र से देखने का। वह इस रिचुअल पर खुलकर कहती हैं, जर्नलिंग वही जगह है जहाँ मैं रुककर खुद को देख पाती हूँ। मैं अपनी पुरानी डायरीज़ खूब पढ़ती हूँ — वो नज़रिया देती हैं। बिर्बल से पहले की मेरी चिंता, ड्रामा स्कूल के दिनों की उलझनेंज आज से इतनी अलग, पर उतनी ही सच्ची। इससे समझ आता है कि जो आज बड़ा तूफ़ान लग रहा है, कुछ साल बाद वही हल्की सी हवा जैसा।



# कीर्ति सुरेश ने सुनाई व्यथा

## कहा- लाइटमैन 2-3 घंटे सोते हैं

साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस और नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं कीर्ति सुरेश ने अब एक्टर्स के काम के घंटों पर नई बहस छेड़ दी है। दसारा और बेबी जॉन की एक्ट्रेस ने दीपिका पादुकोण के 8 घंटे काम की मांग के महीनों बाद कहा है कि 8 घंटे काम करने के दौरान भी, एक एक्टर को सोने के लिए जरूरी समय नहीं मिल पाता है। हैदराबाद में अपनी अगली फिल्म रिवॉल्वर रीटा के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि कम घंटे काम करने के आइडियल सिनेरियो में भी एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही नींद मिलती है। दिग्गज फिल्ममेकर-एक्टर जी. सुरेश कुमार की बेटी कीर्ति ने कहा, सुबह 9 बजे की शिफ्ट के लिए, अगर मुझे सुबह 7.30 बजे तक वहां पहुंचना है, तो मुझे सुबह 6.30 बजे घर से निकलना होगा और सुबह 5.30 बजे तक उठना होगा। शाम को लगभग 6 या 6.30 बजे पैक-अप के बाद, घर वापस जाना पड़ता है, कपड़े बदलने पड़ते हैं, एक्सरसाइज करनी पड़ती है, डिनर करना पड़ता है, और सोने के लिए जरूरी घंटे निकालने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता है।

कीर्ति सुरेश ने आगे कहा, अब, मुझे रात 11.30 बजे सोने के बाद सुबह 5:30 बजे फिर उठना पड़ता है। कीर्ति ने बताया कि कैसे आठ घंटे की वर्क शिफ्ट, जिसे एक आइडियल सिनेरियो माना जाता है, उसमें भी सोने का समय मुश्किल से ही शामिल होता है, जबकि एक एडल्ट बॉडी के लिए आइडियल जरूरत आठ घंटे की नींद है। उन्होंने कहा, हम कहते हैं कि आठ घंटे की नींद अच्छी है, लेकिन हम मुश्किल से छह घंटे सो पाते हैं। यह एक आइडियल 9 बजे से 6 बजे तक की शिफ्ट में है।

### कीर्ति सुरेश बोलीं- लाइटमैन तो 2-3 घंटे ही सो पाते हैं

साल 2018 में महानति के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार पा चुकीं कीर्ति ने बताया कि हिंदी और मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में अक्सर 12 घंटे की शिफ्ट होती है। उन्होंने सिर्फ एक्टर्स ही नहीं, बल्कि फिल्म के क्रू मेंबर्स खासकर लाइटमैन की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा, केरल में लाइटमैन 2-3 घंटे सोते हैं। हालांकि, नींद भी खाने या एक्सरसाइज जितनी ही जरूरी है। ये वो साथी हैं, जो सेट पर एक्टर्स से भी पहले पहुंचते हैं।



# विजय सेतुपति और निर्देशक पुरी जगन्नाथ की पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग हुई पूरी

**साउथ एक्टर विजय सेतुपति इन दिनों साउथ निर्देशक पुरी जगन्नाथ की अनाम पैन इंडिया फिल्म में काम कर रहे हैं। आज फिल्म की शूटिंग खत्म हो गई है। इसी मौके का एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें पुरी और विजय फिल्म के बारे में खास बातें करते नजर आ रहे हैं।**

विजय काफी समय से निर्देशक पुरी जगन्नाथ की अनाम पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग कर रहे थे, जो आज पूरी हो चुकी है। फिल्म के सेट से एक वीडियो पुरी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें फिल्म के आखिरी दिन के शूट को लेकर विजय बेहद उदास नजर आए। इस वीडियो में एक्ट्रेस चार्मी कौर वीडियो कॉल पर नजर आ रही हैं और दोनों से फिल्म को लेकर बातें कर रही हैं। चार्मी, विजय और पुरी का यह वीडियो फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। पुरी और विजय ने फिल्म की शूटिंग के आखिरी दिन को लेकर कहा कि वे पहले से ही एक-दूसरे को मिस कर रहे हैं।

फिल्म निर्माताओं का पोस्ट पुरी ने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस वीडियो को शेयर किया और कैप्शन में लिखा, Puri Sethupathi की फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। सेट पर कई महीनों की भावनात्मक और आनंदमय यात्रा के बाद, टीम ने फिल्म की पूरी शूटिंग खत्म कर ली है। जल्द ही कुछ रोमांचक अपडेट के लिए तैयार हो जाइए। यह फिल्म तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।

### विजय और पुरी की आने वाली फिल्म के बारे में

विजय सेतुपति की इस आगामी फिल्म में उनके साथ मुख्य भूमिका में अभिनेत्री संयुक्ता नजर आएंगी। इस फिल्म का टाइटल 23 सितंबर, 2025 को रिलीज होना था, लेकिन कुछ वजहों से इसमें देरी हो गई। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है। इस फिल्म में विजय और संयुक्ता के अलावा तब्बू भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। वहीं ब्रह्माजी सहायक भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म की घोषणा 2025 में की गई थी और इसकी शूटिंग जून 2025 में शुरू हुई थी। इस फिल्म का निर्माण पुरी कनेक्ट्स और जेबी मोशन पिक्चर्स ने मिलकर किया है। इस फिल्म का संगीत हर्षवर्धन रामेश्वर ने तैयार किया है।



# सफलता का मतलब शोहरत नहीं, बल्कि खुद को नए रूप में गढ़ने का साहस है

**रसिका दुग्गल बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्होंने अपनी बेहतरीन एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता है। छोटे शहर जमशेदपुर से बड़े पर्दे तक उनका सफर मेहनत, लगन और हिम्मत की कहानी है। 'मिर्जापुर', 'मंटो' और 'दिल्ली क्राइम' जैसे प्रोजेक्ट्स में उनके दमदार किरदारों ने उन्हें अलग पहचान दी। हालांकि करियर के शुरुआती दौर में उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कई प्रोड्यूसर्स ने कहा कि वे सेलेबल नहीं हैं, यहां तक कि एक डायरेक्टर ने उनसे असम्मानजनक व्यवहार भी किया था। लेकिन रसिका ने ऐसे लोगों से हमेशा दूरी बनाए रखी और अपने काम पर ध्यान दिया। किराया भरने की चिंता और बार-बार रिजेक्शन झेलने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। रसिका का मानना है कि सफलता का मतलब शोहरत नहीं, बल्कि हर दिन खुद को नए रूप में गढ़ने का साहस है।**

मैंने ऐसे कभी नहीं सोचा था कि एक्टर ही बनना है, लेकिन जिसमें भी मुझे मौका मिलता, मैं वो बड़े मजे से करती थी। एक्टिंग को मैं आगे चलकर करियर बनाऊंगी, ये कभी नहीं सोचा था। न फैमिली में कोई ऐसा उदाहरण था सब बिजनेस लाइन से थे। कुछ लोग होते हैं ना, जो बचपन से एक्टर बनने का सपना देखते हैं और बाथरूम में शैंपू की बोतल पकड़कर अपनी विनिंग स्पीच दे रहे होते हैं, वैसा नहीं था मेरे साथ।

अनवर के बाद मुझे अनुराग कश्यप की फिल्म 'नो स्मोकिंग' मिली थी। जब मेरा सिलेक्शन हुआ, तो प्रोड्यूसर ने बुलाया और कहा कि आकर पैसों पर बात कर लो। मैं गई, तो उन्होंने पूछा, कितने पैसे लोगी? मैंने थोड़ी हिम्मत करके कहा कि प्रतिदिन 7500 रुपए। वो बोले, अरे, ये तो बहुत ज्यादा है, थोड़ा कम करो। घर आकर मैंने अपने दोस्त दीपक डोबरियाल को बताया, तो वो हंसने लगा और बोला, तूने इतना मांग भी लिया! फिर बात तय हुई और मुझे प्रतिदिन 5000 रुपए मिले। जबकि पहली फिल्म 'अनवर' के लिए तो सिर्फ 3000 रुपए प्रतिदिन मिले थे।

### इंटीमेट सीन कहानी की जरूरत थी, सेंसशनलाइज नहीं किया गया

रसिका दुग्गल ने अपने एक्टिंग करियर में कई फिल्मों और वेब सीरीज में दमदार भूमिका निभाई है। खास करके वेब सीरीज मिर्जापुर में बीना त्रिपाठी की भूमिका ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। इस सीरीज में उनके इंटीमेट सीन की भी खूब चर्चा हुई। उस सीन के बारे में रसिका कहती हैं- वो सीन स्क्रिप्ट के पॉइंट ऑफ व्यू से जरूरी था।

उसे जबरदस्ती या सेंसशनलाइज करने के लिए नहीं डाला गया था। पुनित कृष्ण जो राइटर हैं, उन्होंने हर किरदार को बहुत सेंसिटिवली बिल्ड किया था। रही बात इंटिमेट सीन की तो पुनित, गुरमीत और करण ने शूट से पहले मुझे हर शॉट के बारे में बताया। सेट पर कौन मौजूद होगा, क्लोज सेट रहेगा, ये सारी बातें पहले ही डिस्कस हो गई थीं, जो मेरे कंफर्ट के लिए जरूरी थीं। अब तो इंटीमेसी कोऑर्डिनेटर आ गए हैं, लेकिन तब नहीं थे।

### खुद को रीइन्वेंट करते रहना चाहिए

मेरे लिए सफलता का मतलब सिर्फ नाम या शोहरत नहीं है। मुझे तब लगता है कि कुछ हासिल किया है जब मैं अपना काम दिल से कर पाऊं और वो मुझे सच्ची खुशी दे। अगर हर दिन कुछ नया सीखने को मिले, कुछ नया खोजने को मिले, तो वही मेरे लिए सक्सेस है। मुझे लगता है कि इंसान को बार-बार खुद को रीइन्वेंट करते रहना चाहिए, क्योंकि वहीं से आगे बढ़ने की असली प्रेरणा मिलती है। और ऐसा तभी हो सकता है जब आप रिस्क लेने की हिम्मत रखें, डरने के बजाय नए अनुभवों को अपनाने की कोशिश करें।

### दिल्ली क्राइम और मिर्जापुर ने ब्लॉकबस्टर सी फील दी

मेरे करियर का टर्निंग पॉइंट नंदिता दास की फिल्म मंटो से आया। उससे पहले इरफान खान और तिलोत्तमा के साथ किस्सा जैसी खास फिल्में कीं, पर मंटो ने नया रास्ता दिखाया। उस समय कई डायरेक्टर्स मुझे प्रोजेक्ट में लेना चाहते थे, लेकिन प्रोड्यूसर्स ने कहा- मैं सेलेबल नहीं हूं। फिर नंदिता ने मुझमें भरोसा जताया और मंटो में सफिया मंटो का रोल दिया। यही निर्णायक मोड़ रहा। उसके बाद दिल्ली क्राइम और मिर्जापुर जैसे शो आए, जिसने बड़े ऑडियंस के सामने मेरी पहचान बनाई और ब्लॉकबस्टर सी फील दी।

# सरकार की पहली प्राथमिकता युवाओं के लिए रोजगार सृजन है : राज्यपाल

**बिहार ने एक बार फिर स्थिरता और सुशासन के पक्ष में वोट दिया है**

एजेंसी



**पटना।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता युवाओं के लिए रोजगार सृजन है ।उन्होने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में एक करोड़ नौकरियां देने का लक्ष्य तय किया गया है। इस दिशा में तेजी से काम शुरू भी हो चुका है ।राज्यपाल शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन बुधवार को विधान मंडल के दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने अभिभाषण की शुरूआत मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्रियों और सदन के सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए की। राज्यपाल ने हालिया विधानसभा चुनाव में जनता द्वारा दिए गए जनादेश को लोकतंत्र की शक्ति बताते हुए कहा कि बिहार ने एक बार फिर स्थिरता और सुशासन के पक्ष में वोट दिया है। इसी क्रम में उन्होंने नीतीश कुमार को दसवीं बार मुख्यमंत्री बनने पर बधाई देते हुए उनके मंत्रिमंडल को शुभकामनाएं भी दीं।

राज्यपाल ने कहा कि अब तक करीब 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और 40 लाख से अधिक को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार दिया गया है। आने वाले पांच वर्षों में एक करोड़ नई नौकरियां देने का लक्ष्य तय किया गया है, और इस दिशा में तेजी से काम शुरू हो चुका है। अभिभाषण के दौरान राज्यपाल ने बिहार के विकास मॉडल की खुलकर तारीफ की। उन्होंने बताया कि बिहार में 27 नए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण तेजी से हो रहा है, जिससे राज्य स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब हर जिले में इंजीनियरिंग की पढ़ाई उपलब्ध कराई जा रही है। इससे वह दौर खत्म हो रहा है जब बिहार के छात्रों को पढ़ाई के लिए राज्य से बाहर जाना पड़ता था। आज स्थिति उलट चुकी है दूसरे राज्यों के छात्र बिहार आ कर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। राज्यपाल ने इंफ्रास्ट्रक्चर के तेज विकास पर भी विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि सूबे में बाईपास, रेल पुल और नई सड़कों का निर्माण इतनी तेजी से हुआ है कि अब प्रदेश के सबसे दूरस्थ क्षेत्रों से भी सिर्फ पांच घंटे में पटना पहुंचना संभव हो गया है। यह सड़क क्रांति बिहार की नई तेज रफ्तार का संकेत है। अपने संबोधन में राज्यपाल ने बताया कि तलाकशुदा महिलाओं को आर्थिक सहायता दी जा रही है, जबकि मदरसों को सरकारी मान्यता देकर उनके शिक्षकों को अन्य सरकारी शिक्षकों के समान वेतन उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने हिंदू, मुस्लिम, पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, सभी वर्गों के विकास को प्राथमिकता दी है। छात्रवृत्ति योजनाओं से लेकर सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन रोजगार योजना, तथा अल्पसंख्यक कल्याण के लिए स्कूल, हॉस्टल और मुफ्त कोचिंग, इन सभी पहलों का उल्लेख उन्होंने गर्व के साथ किया।

# बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए जदयू के नरेंद्र नारायण

एजेंसी



**पटना।** बिहार की नवनिर्वाचित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के पहले शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन आज बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष पद पर नरेंद्र नारायण यादव को निर्विरोध चुन लिया गया। उन्होंने उपाध्यक्ष पद के लिए दो दिसंबर को नामांकन दाखिल किया था। बिहार की सत्ता में राजग सरकार की फिर से वापसी के बाद नई सरकार का गठन हुआ है। सरकार गठन के बाद बिहार विधानसभा का शीतकालीन सत्र बुलाया गया। पांच दिवसीय सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को विधानसभा की सदस्यता दिलाई गई। विधायकों के शपथ ग्रहण के लिए सबसे वरिष्ठ विधायक नरेंद्र नारायण यादव को विधानसभा को प्रोक्टेम स्पीकर चुना गया। उन्होंने प्रोक्टेम स्पीकर के तौर पर सभी विधायकों को शपथ दिलाई। विधायकों के शपथ ग्रहण के दूसरे दिन स्पीकर का चुनाव हुआ। गयाजी से बीजेपी विधायक प्रेम कुमार को बिहार विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। इसके बाद उपाध्यक्ष पद के लिए जेडीयू विधायक नरेंद्र नारायण यादव ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद माना जा रहा था कि उनका निर्विरोध निर्वाचन हो जाएगा।

## संक्षिप्त

### सोनपुर मेला मे पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी के साथ कवि सम्मेलन में साहित्य और हास्य का संगम

**सारण।** विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला में इस बार साहित्य और हास्य के दिग्गज कलाकारों के जमावड़े के साथ एक अविस्मरणीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। कला, संस्कृति और व्यापार के इस विशाल समागम में कविता प्रेमियों के लिए यह कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है। यह भव्य कवि सम्मेलन बुधवार रात 8 बजे सोनपुर मेले के मुख्य मंच पर आयोजित होगा। पद्मश्री डॉ सुनील जोगी की गरिमामयी उपस्थिति इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होगी। देश के प्रतिष्ठित हास्य कवि और साहित्यकार के रूप में प्रसिद्ध डॉ जोगी अपनी ओजस्वी और हास्य-व्यंग्य से भरी कविताओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। उनकी कविताएं समाज को गुदगुदाने के साथ -साथ सोचने पर भी मजबूर करती हैं। उनके साथ मंच की शोभा बढ़ाने वाले अन्य कवियों में शामिल हैं अभिजित पाठक, डॉ. त्रिश्या श्री, प्रियांशु गजेंद, सरला सरस, हेमंत पाण्डेय ये सभी कवि अपने अनूठे अंदाज और उत्कृष्ट रचनाओं के माध्यम से श्रृंगार, वीर रस, और सामाजिक चेतना से लेकर हास्य की बेहतरीन प्रस्तुति देंगे।

### बिहार के जिलों में लुढ़का पारा कोहरा और तेज हवाएं मिलकर बढ़ा रहे लोगों की मुश्किलें

**पटना।** बिहार में बुधवार को दिसंबर माह के तीसरे दिन कई जिलों में कोहरे ने दृश्यता को पूरी तरह से धुंधला कर दिया है। बिहार मौसम सेवा केंद्र ने चेतावनी जारी की है कि बुधवार और गुरुवार को पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, भागलपुर, खगड़िया, मुंगेर, बांका, पटना, औरंगाबाद, लखीसराय, सासाराम और कैमूर जैसे 21 जिलों में सुबह-रात कुहासे का साया रहेगा। इस वजह से सड़कें और रेल मार्ग पर भी असर पड़ेगा। बीते 24 घंटों में शेखपुरा में दिन का अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री रहा, लेकिन ज्यादातर जगहों पर यह 24-26 डिग्री के बीच अटका रहा। पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन में न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री दर्ज हुआ।

# बिहार विधानसभा में 91717.11 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश

एजेंसी



**पटना।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के अभिभषण के बाद बिहार विधानसभा में वित्त मंत्री विजेंद्र यादव ने सदन के पटल पर 2025- 26 का द्वितीय अनुपूरक बजट रखा। 2025-26 का द्वितीय अनुपूरक बजट 91717.1135 करोड़ रुपये का है। इसमें स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय के मद में 40462.99 करोड़ रुपये और वार्षिक स्कीम के मद में 51253.77 करोड़ रुपये रखा गया है। केन्द्रीय क्षेत्र स्कीम मद में 0.3400 करोड़ रुपये है। इस प्रकार कुल प्रस्तावित राशि 91,717.1135 करोड़ रुपये है।

**वार्षिक स्कीम मद में अतिरिक्त प्रावधान**

वार्षिक योजना मद में कुल 51,253.7784 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है। इसके अलावा, अनुमोदित राज्य योजनाओं के लिए भी धनराशि शामिल है। इस मद का विवरण इस प्रकार हैः केन्द्र प्रायोजित योजनाः 7,420.4721 करोड़ रुपये, राज्यांश में 6,335.1111 करोड़ रुपये और राज्य योजनाओं में 37,498.1952 करोड़ रुपये शामिल हैं।

**राज्य सरकार की योजनाओं के लिए 37,498.19 करोड़ रुपये**

केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के केंद्रांश में समग्र शिक्षा अभियान, आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पूरक पोषण कार्यक्रम और पुलिस बलों के आधुनिकीकरण जैसी योजनाओं को प्रमुखता दी गई है। वहीं राज्यांश मद में समग्र शिक्षा अभियान, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, पूरक पोषण कार्यक्रम, राष्ट्रीय जल संरक्षण कार्यक्रम, आयुष्मान भारत राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन और विधवा पेंशन योजना के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। राज्य की अपनी योजनाओं के लिए 37,498.19 करोड़ रुपये का बड़ा प्रावधान किया गया है। इनमें सबसे बड़ा आवंटन मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए 21,000 करोड़ रुपये का है। इसके अलावा वृद्धजन पेंशन, सड़क निर्माण, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बालिका प्रोत्साहन योजनाएं, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण, ऊर्जा कंपनियों में निवेश, ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना, मेडिकल कॉलेज निर्माण, शहरी विकास तथा हवाई अड्डा निर्माण जैसे क्षेत्रों को भी प्राथमिकता दी गई है। पटना मेट्रो रेल परियोजना, विकलांगता पेंशन, अक्षर आंचल योजना, खेल अवसंरचना, ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट, आंगनबाड़ी सेवाएँ, कृषि बाजार विकास, महादलित विकास तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को भी बजट में पर्याप्त राशि दी गई है।

## उच्च न्यायालय खंडपीठ की स्थापना को लेकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन



**भागलपुर।** भागलपुर में उच्च न्यायालय खंडपीठ की स्थापना की मांग को लेकर बुधवार को भागलपुर व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता सड़कों पर उतर आए। लंबे समय से लंबित इस मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने शहर में व्यापक मार्च निकाला और न्यायिक ढांचे को मजबूत करने की अपील की। अधिवक्ताओं का यह जुलूस कचहरी परिसर से निकल कर समाहरणालय परिसर, मनाली चौक, तिलकामांझी चौक होते हुए वापस पुलिस लाइन मार्ग से कोर्ट परिसर पहुंचा। पूरे रास्ते में अधिवक्ता न्यायिक सुविधा बढ़ाने की मांग को लेकर नारेबाजी करते रहे। जुलूस में बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमनाथ ओझा ने बताया कि भागलपुर का ऐतिहासिक महत्व और न्यायिक दायरा काफी बड़ा रहा है। एक दौर था जब दार्जिलिंग तक हमारा क्षेत्राधिकार हुआ करता था। बंगाल के कई हिस्से भी हमारे न्यायिक अधिकार क्षेत्र में शामिल थे। लेकिन समय के साथ क्षेत्र विभाजन हुआ, बांका अलग जिले के रूप में विकसित हुआ, नवगछिया में न्यायालय का ढांचा तैयार हो रहा है और कहलगांव अनुमंडल में भी न्यायिक इकाइयाँ स्थापित की जा रही हैं। इन बदलावों के कारण न्यायिक गतिविधियां विभिन्न हिस्सों में बंटने लगी हैं और भागलपुर का केंद्रीय न्यायिक महत्व लगातार कम होता जा रहा है। इसी कारण अधिवक्ताओं की यह पुरानी मांग है कि भागलपुर में उच्च न्यायालय खंडपीठ की स्थापना की जाए, ताकि न सिर्फ न्यायिक सुविधा बढ़े बल्कि क्षेत्र के लाखों लोगों को शीघ्र और सुलभ न्याय उपलब्ध हो सके। मार्च में शामिल वकीलों ने कहा कि भागलपुर की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या, केस लोड और ऐतिहासिक न्यायिक आधार को देखते हुए खंडपीठ की स्थापना पूरी तरह से न्यायोचित है। पटना तक बार-बार जाना लोगों के लिए महंगा पड़ता है और समय भी अधिक लगता है, जिससे न्याय प्रक्रिया प्रभावित होती है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार उनकी मांग पर जल्द निर्णय नहीं लेती है, तो आने वाले समय में आंदोलन तेज किया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने देश के प्रथम राष्ट्रपति के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया

**सारण।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर, राजेंद्र स्मारक ट्रस्ट और जिला प्रशासन, छपरा के तत्वावधान में आज नगर पालिका चौक स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अमन समीर, नगर आयुक्त सुनील पांडेय, वरीय उपसमाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित कई अधिकारीगण ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि डॉ राजेंद्र प्रसाद न केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि भारतीय संविधान के निर्माण में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनका सादा जीवन और उच्च विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर राजेंद्र स्मारक ट्रस्ट के महासचिव शिवजी सिंह, सचिव मनोज कुमार सिंह अधिवक्ता, और अध्यक्ष डॉ. कामेश्वर प्रसाद सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। समारोह की शुरूआत ट्रस्ट भवन पर झंडोत्तोलन के साथ हुई, जिसके बाद 11:30 बजे पूर्वाह्न में नगर पालिका चौक पर माल्यार्पण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। उपस्थित लोगों ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति ने देशरत्न के प्रति उनकी श्रद्धा को दशार्या। यह आयोजन छपरा की मिट्टी के इस महान सपूत को सम्मान देने और उनकी विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था।




# एसएसपी ने किया रिविलगंज थाने का औचक निरीक्षण, संतरी सिपाही को दिया नगद पुरस्कार

एजेंसी

**सारण।** वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने रिविलगंज थाना का औचक निरीक्षण कर पुलिस कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पुलिस बल की तत्परता और कार्यशैली को सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी ने थाना की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के समुचित रख-रखाव, शस्त्रागार, मालखाना और लॉकअप व्यवस्था का गहराई से जायजा लिया। उन्होंने थानों में आने वाले पीड़ितों के प्रति संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने और फरियादों का त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। रात्रि गश्ती को और प्रभावी बनाने तथा कानून-व्यवस्था को हर हाल में सुदृढ़ बनाए रखने पर बल दिया गया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी डॉ आशीष ने रिविलगंज थानाध्यक्ष को जेल से छूटे टॉप-10 अपराधियों में शामिल एक अपराधकर्मी की गतिविधियों पर सख़्त निगरानी रखने और निरंतर अपडेट लेने का विशेष निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान रात्रि संतरी ड्यूटी में उत्कृष्ट तत्परता और चुस्ती-फुर्ती का प्रदर्शन करने वाले गृहरक्षक सिपाही संख्या 3549 काशीनाथ सिंह को वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पांच सौ रुपये की नगद राशि से मौके पर ही पुरस्कृत किया गया। एसएसपी डॉ आशीष ने स्पष्ट किया सारण पुलिस जनता की सुरक्षा एवं सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। ड्यूटी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा, लेकिन किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

# मुख्यमंत्री ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

एजेंसी




**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति, देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर उन्हें नमन किया है। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में उन्होंने कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति, देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर उन्हें सादर नमन। उनकी जयंती ह्यमेधा दिवस के रूप में भी मनाई जाती है। उनके अद्वितीय एवं विद्वतापूर्ण व्यक्तित्व, राष्ट्र निर्माण के प्रति उनका समर्पित योगदान, नैतिक मूल्यों पर आधारित नेतृत्व और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने में उनकी ऐतिहासिक भूमिका हमारे लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगी। डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जन्म 3 दिसंबर 1884 को बिहार के सारण (अब सिवान जिला) के जीरादेई गाँव में हुआ था। वे एक स्वतंत्रता सेनानी, वकील और भारतीय गणराज्य के पहले राष्ट्रपति थे।

# बिहार के अररिया में उत्तर प्रदेश की सरकारी शिक्षिका की गोली मारकर हत्या

एजेंसी




**अररिया।** बिहार में अररिया जिले के नरपतगंज के खाबदह कन्हैली शिव मंदिर में बाइक पर सवार दो बदमाशों ने स्कूल जा रही शिक्षिका को गोली मारकर हत्या कर दिया। शिवानी कुमारी मध्य विद्यालय कन्हैली की शिक्षिका थी और वह उत्तरप्रदेश की बाराबंकी की रहने वाली थी। स्थानीय लोगों ने गोली लगने से घायल होने के बाद उसे फारबिसगंज अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया,जहां प्राथमिक इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई और ऑन ड्यूटी चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर नरपतगंज थाना पुलिस समेत फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा घटनास्थल सहित अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। शिक्षिका शिवानी कुमारी फारबिसगंज अस्पताल रोड में एक भाड़े के मकान में रहती थी और प्रतिदिन फारबिसगंज से नरपतगंज कन्हैली मध्य विद्यालय स्कूल जाती थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है।पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गए हैं। फारबिसगंज अनुमंडल अस्पताल घायल शिक्षिका को पहुंचाने वाले सुधीर कुमार यादव ने बताया कि शिक्षिका शिवानी मैडम फारबिसगंज में भाड़े के मकान में रहती थी और प्रतिदिन समय पर स्कूल नरपतगंज खाबदह कन्हैली मध्य विद्यालय जाती थी। आज भी बुधवार को वह सुबह नौ बजे के करीब स्कूल जा रही थी। शिव मंदिर के पास स्थित एक दुकान के पास बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उनपर अचानक गोली से फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग की आवाज सुनने के बाद हम ग्रामीण शब्द दौड़कर मौके पर पहुंचे और घायल शिक्षिका को उठाकर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां ऑन ड्यूटी चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक इलाज के क्रम में ही उनकी मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा, नरपतगंज थाना पुलिस घटनास्थल के साथ ही अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली और मामले की तफ्तीश में जुट गई।

# देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर सांसद राजीव प्रताप रूडी का नमन

## प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर सांसद का श्रद्धासुमन

**सांसद रूडी ने कहा – डॉ. प्रसाद केवल बिहार ही नहीं बल्कि संपूर्ण भारत की नैतिक शक्ति और आदर्श राजनीतिक आचरण के थे प्रतीक**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**छपरा।** देश के प्रथम राष्ट्रपति, संविधान सभा के अध्यक्ष और भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी ने उन्हें नमन किया है। सांसद रूडी ने कहा कि डॉ. प्रसाद केवल बिहार ही नहीं बल्कि संपूर्ण भारत की नैतिक शक्ति और आदर्श राजनीतिक आचरण के प्रतीक थे। उनका जीवन सादगी, सत्यनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता का अनुपम उदाहरण है। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का पैतृक गाँव जीरादेई (सीवान) पहले सारण जिला का ही हिस्सा रहा है, इसी कारण उनका सारण से विशेष ऐतिहासिक व आत्मीय संबंध रहा है। इस अवसर पर सांसद रूडी ने उस क्षण को भी याद किया जब पूर्व में वे जीरादेई पहुंचे थे और वहां स्थापित डॉ. प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया था। उस यात्रा का फाइल फोटो भी आज की श्रद्धांजलि के रूप में साझा किया गया है। सांसद रूडी ने कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का जीवन हम सभी जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणास्रोत है। भारत की लोकतांत्रिक परंपरा, संविधानिक मयार्दा और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आज भी हमारे मार्ग को आलोकित करती है।



# चित्रांश मंच ने धूमधाम से मनाई देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती समारोह

**शिक्षाविद, समाजसेवी, अधिवक्ता, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी समेत जयंती समारोह में जुटे कई गणमान्य**



**बेगूसराय।** देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। शहर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने राजेंद्र बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इसी क्रम में चित्रांश मंच द्वारा बड़ी पोखर स्थित चित्रगुप्त सामुदायिक भवन में भव्य जयंती समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. राजेंद्र प्रसाद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद वक्ताओं ने राजेंद्र बाबू के सरल, सादगीपूर्ण और प्रेरणादायी व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। नगर की उपमेयर अनीता राय ने कहा कि ह्यह दुखद है कि हम अपने महापुरुषों को भूलते जा रहे हैं और उन्हें जातियों में बाँट रहे हैं। महापुरुष पूरे देश के होते हैंह्व उन्होंने सदर अस्पताल से राजेंद्र बाबू का नाम हटाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि यदि नाम पुनः अंकित कराने के लिए संघर्ष समिति बनती है तो वे उसका नेतृत्व करने को तैयार हैं। वार्ड पार्षद उमेश राय ने भी कहा कि राजेंद्र बाबू को किसी एक जाति का नेता मानना गलत है, जबकि वे पूरे भारत के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

# अमेरिका की यूक्रेन में ट्रंप के शांति प्रस्ताव पर रूस से नहीं बन सकी बात

एजेंसी



**मास्को।** अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर प्रतिनिधिमंडल के साथ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलकर स्वदेश लौट रहे हैं। ट्रंप के यूक्रेन में शांति स्थापना का प्रस्ताव लेकर पहुंचे विटकॉफ व अन्य ने पुतिन से करीब पांच घंटे तक चर्चा की। फिलहाल दोनों के बीच युद्ध रुकने के कोई आसार नहीं हैं। प्रतिनिधिमंडल की रूस से बात नहीं बन सकी। अमेरिका के सीबीएस न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, बातचीत खत्म होने के बाद इस घटनाक्रम पर पहली प्रतिक्रिया पुतिन के शीर्ष सहयोगी यूरी उशाकोव ने दी। उन्होंने कहा कि यूक्रेन शांति प्रस्ताव पर अभी बहुत काम करना बाकी है। उन्होंने कहा कि ट्रंप के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए बैठक लगभग पांच घंटे तक चली। यह बैठक वीकेंड में फ्लोरिडा में अमेरिकी और यूक्रेनी अधिकारियों के बीच हुई बातचीत के तुरंत बाद हुई। यूरी उशाकोव ने पत्रकारों से कहा कि बातचीत उपयोगी जरूर रही, लेकिन यूक्रेन में लंबे समय से चल रहे क्षेत्रीय मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं् हुई। क्षेत्रीय मुद्दा रूस के लिए ही नहीं अमेरिकियों के लिए भी सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है, लेकिन कुछ अमेरिकी प्रस्ताव कमोबेश ठीक लग रहे हैं, लेकिन उन पर बात करने की जरूरत है।कुछ तरीके जो हमें सुझाए गए, वे हमें ठीक लगते हैं। उशाकोव ने जोर देकर कहा, हम यूक्रेन में संकट को सुलझाने के करीब नहीं हैं,और अभी बहुत काम करना बाकी है।₹ उन्होंने कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने हमें पिछले महीने पेश की गई 28 सूत्री शांति योजना के अलावा चार दस्तावेज और सौंपे हैं। यूरी ने यह नहीं बताया कि चार दस्तावेज में क्या है। उशाकोव ने कहा कि रूस और अमेरिका बातचीत की खास विवरण न बताने पर सहमत हुए हैं। उशाकोव ने कहा कि पुतिन और ट्रंप के बीच अभी कोई सीधी बातचीत की योजना नहीं है। पुतिन ने विटकॉफ और कुशनर से ट्रंप को कुछ जरूरी संदेश भिजवाएं हैं। उशाकोव ने कहा कि विटकॉफ और कुशनर अमेरिका लौटने वाले हैं। वह मास्को वार्ता पर ट्रंप के साथ बैठक करने के बाद रूसी अधिकारियों से फोन पर संपर्क करेंगे।

# ब्रिटेन में नेपाली नागरिक को 7 बालिकाओं और एक महिला के यौन शोषण व बलात्कार पर 25 वर्ष की सजा

एजेंसी



**काठमांडू/लंदन।** ब्रिटेन में एक नेपाली नागरिक को सात बालिकाओं और एक महिला के यौन शोषण तथा बलात्कार के अपराध में वहाँ की अदालत ने 25 वर्ष की कैद की सजा सुनाई है। ब्रिटेन के पीटरबरो क्षेत्र में रहने वाले 49 वर्षीय प्रमोद ढकाल को कैम्ब्रिज क्राउन कोर्ट ने यौन अपराधों में दोषी पाते हुए 25 वर्ष के कारावास का फैसला सुनाया है। अदालत के अनुसार, ढकाल ने 19 वर्षों से अधिक समय तक सात बालिकाओं और एक महिला का बार-बार यौन शोषण और बलात्कार किया था। ढकाल का पुश्तैनी घर काठमांडू में बताया गया है। नवंबर 2023 में एक पीड़िता ने अपने परिवार के सामने इस घटना का रहस्य खोलने के बाद ढकाल को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद सात और पीड़िताएं सामने आईं। पीड़ितों में एक को छोड़कर सभी यौन शोषण के समय बालिकाएँ थीं; इनमें सबसे छोटी केवल 8 वर्ष की थी। सात पीड़ित कैम्ब्रिजशायर की और एक लंदन की रहने वाली थीं। कई पीड़िताओं ने विश्वास न किए जाने के डर से लंबे समय तक अपनी बात नहीं बताई थी। कैम्ब्रिज क्राउन कोर्ट के न्यायाधीश मार्क बिशप ने मंगलवार को ढकाल को 25 वर्ष के कारावास और अतिरिक्त 8 वर्ष की विस्तारित लाइसेंस अवधिह्व (रिहाई के बाद कड़ी निगरानी) की सजा सुनाई। ढकाल पिछले कुछ वर्षों से पीटरबरो क्षेत्र में एक रेस्तरां संचालित कर रहा था।

## संक्षिप्त

### नेपाल : संसद विघटन के विरुद्ध दायर याचिका पर आज संवैधानिक पीठ पर सुनवाई

**काठमांडू।** नेपाल में प्रतिनिधि सभा विघटन के खिलाफ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) द्वारा दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज से शुरू होगी। बुधवार को संवैधानिक पीठ में इस याचिका की सुनवाई निर्धारित की गई है। इस संवैधानिक पीठ में प्रधान न्यायाधीश प्रकाशमान सिंह राउत, वरिष्ठतम न्यायाधीश सपना प्रधान मल्ल, तथा न्यायाधीश कुमार रेग्मी, हरिप्रसाद फुँयाल और न्यायाधीश मनोज कुमार शर्मा होंगे। विघटित प्रतिनिधि सभा में एमाले के प्रमुख सचेतक महेश बतौर्ला और सचेतक सुनीता बराल ने मंसिर १० को यह याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई का क्रम सूची में अंत में रखा गया है, इसलिए सभी मामलों की सुनवाई पूरी होने के बाद आखिर में इस पर सुनवाई शुरू होगी। एमाले द्वारा दायर याचिका में सुशीला कार्की के प्रधानमंत्री बनने के विषय पर सवाल उठाया गया है। याचिका में यह उल्लेख किया गया है कि कार्की प्रतिनिधि सभा की सदस्य नहीं हैं, और सर्वोच्च अदालत की प्रधान न्यायाधीश रहे व्यक्ति को प्रधानमंत्री बनने से संविधान स्वयं रोकता है।

### अनूपपुर : नाबालिक से दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की बिजुरी पुलिस ने नाबालिग (12 वर्ष) की बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि 30 नवंबर को परिजनों ने बिजुरी थाने में दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार 29 नवंबर को परिवार के लोग खेत मे धान काटने चले गए थे। घर पर 12 और 10 वर्ष की नाबालिग बच्चियों के 6 साल के छोटे बेटे के साथ घर पर अकेली छोड़कर काम पर आ गई थी। दोपहर बच्ची को अकेली पाकर गांव का ही सूरज पटेल घर में घुसा। छोटी बेटी से पूछने लगा तुम्हारी दादी कहां है, बेटी ने बताया मम्मी पापा के साथ धान काटने खेत गई है। इसी बात का फायदा उठाकर उसे जमीन पर पटक कर उसके साथ दुष्कर्म किया।

# देश को गुलामी की मानसिकता में धकेलने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार : डॉ. दिनेश शर्मा

एजेंसी




**नई दिल्ली।** राज्य सभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने आरोप लगाया कि देश को गुलामी की मानसिकता में धकेलने के लिये कांग्रेस पूरी तरह से जिम्मेदार है। बुधवार को राज्य सभा में शून्यकाल में 'भारत के अमृत काल का उदय : विदेशी आक्रांताओ का प्रतीक और औपनिवेशिक युग की मानसिकता का जड़ से उन्मूलनह्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने आक्रांताओं के नाम पर दिल्ली की सड़कों के नामों से सदन को अवगत कराया। दिनेश शर्मा ने कहा कि औपनिवेशिक मानसिकता की छाया से मुक्त होने पर ही हम सच्चे अर्थों में स्वयं को आजाद कह सकते हैं। दिल्ली की सड़कों के नाम आक्रांता मुगल बादशाहों और क्रूर ब्रिटिश वायसराय तथा अधिकारियों के नाम पर हैं। देश के अन्य स्थानों के साथ-साथ श्री राम लला की नगरी अयोध्या में भी ये नाम, हमारे ऐतिहासिक आख्यान का हिस्सा हैं, स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस ने सभी समुदायों के धार्मिक गुरूओं, स्वतंत्रता सेनानी और देश भक्तों के सर्वोच्च बलिदान का अपमान किया और आक्रमणकारियों, विदेशी आक्रांताओ को महत्व दिया और इसके बजाय दिल्ली की अधिकांश गलियों, कॉलोनियों, सड़कों, पार्कों या उद्यानों के नाम आक्रमणकारियों के नाम पर रखे गए हैं ताकि उनका महिमामंडन किया जा सके।

उन्होंने आंकड़े बताते हुए कहा कि अकबर रोड, शाहजहां रोड, हुमायूं रोड, लोदी रोड, मिंटो रोड और मिंटोब्रिज, कनॉट प्लेस सर्कल, सफदरजंग रोड सभी के नाम मुगल काल से जुड़े हैं।

यही नहीं, जलियांवाला बाग में गोली चलाई जाने का आदेश देने वाले अंग्रेज चेम्सफोर्ड के नाम पर रोड, हेली रोड के नाम ब्रिटिश आक्रांता के नाम पर हैं। ये नाम, जबकि ऐतिहासिक रूप से मौजूद हैं, एक स्वतंत्र और गर्वित भारत के आदर्शों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। वे उन लोगों के नामों के समान राष्ट्रीय गौरव की भावना को प्रेरित नहीं करते हैं, जिन्होंने वास्तव में हमारे राष्ट्र का निर्माण किया, उसके लिए लड़ाई लड़ी और उसे समृद्ध किया। सांसद ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम खुद से पूछें- हम वास्तव में किसकी कहानियां सुनाना चाहते हैं? हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे अपने दैनिक जीवन में नेविगेट करते हुए किसके योगदान को याद करें और उनका सम्मान करें? दिनेश शर्मा ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने राजभवन को लोक भवन, केंद्रीय सचिवालय का नाम कर्तव्य भवन और पीएमओ का नाम सेवा तीर्थ करके यह सिद्ध किया है कि राज सत्ता में सेवा भाव सर्वोपरि है और हमारे दिमाग को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करने की ओर एक कदम है, भारत की अदम्य पवित्र भावना को श्रद्धांजलि है।

## राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा - सोमालियाई कचरा वह अमेरिका से कहीं और चले जाएं



**वाशिंगटन।** राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक में कहा कि वह अमेरिका में एक भी सोमालियाई प्रवासी को नहीं देखना चाहते। यह लोग कचरा हैं। यह सच में अमेरिका में रहने लायक नहीं हैं। उन्होंने यह टिप्पणी कैबिनेट बैठक में की। सोमालियों के खिलाफ यह गुस्सा व्हाइट हाउस की तरफ से पूरे समुदाय के खिलाफ माना जा रहा है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति को सोमालियों के खिलाफ गुस्सा ऐसे समय पर आया है जब संयुक्त राज्य अमेरिका आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन मिनेसोटा में सोमाली प्रवासियों को बाहर निकालने की योजना तैयार कर रहा है। यह बैठक दो घंटे तक चली। ट्रंप इस अभियान से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों से भी चर्चा की। युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने कहा कि रणनीति तैयार की जा रही है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, एक संघीय अधिकारी ने कहा कि मिनियापोलिस और सेंट पॉल (मिनेसोटा) में एक नया अभियान शुरू होने वाला है। इस अभियान के दौरान सोमाली प्रवासियों को निशाना बनाया जाएगा। यह अभियान सबसे पहले मिनियापोलिस से शुरू होगा। कैबिनेट बैठक के आखिर में ट्रंप ने यह कहा कि ₹मैं उन्हें अपने देश में नहीं चाहता। उनका देश किसी वजह से अच्छा नहीं है। उनके देश से बदबू आती है और हम उन्हें अपने देश में नहीं चाहते। ट्रंप ने सोमालियाई प्रवासी कम्युनिटी और मिनेसोटा डेमोक्रेटिक रिप्रेजेंटेटिव इल्हान उमर को कचरा कहा। राष्ट्रपति ने कहा उन्हें वहां वापस चले जाना चाहिए जहां से वे आए थे। उल्लेखनीय है कि सोमालिया उन 19 देशों में से एक है जिस पर ट्रंप ने कड़े यात्रा प्रतिबंध लगाए हैं। ट्रंप ने सोमालिया को एक ऐसा देश बताया है जहां ह्लकोई कानून नहीं, कोई पानी नहीं, कोई मिलिट्री नहीं, कुछ भी नहीं है।

## इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप में चक्रवाती तूफान से तबाही, बाढ़-भूस्खलन से 712 लोगों की मौत

**जकार्ता (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया का सुमात्रा द्वीप हाल ही में आए चक्रवाती तूफान से कराह रहा है। भीषण बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही हुई है। अब तक कम से कम 712 लोगों की मौत हो चुकी है। 402 से अधिक लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। चक्रवाती तूफान का सबसे अधिक प्रभाव उत्तरी सुमात्रा, पश्चिमी सुमात्रा और आचे प्रांत पर पड़ा है। इस आपदा का मुख्य कारण दो दुर्लभ उष्णकटिबंधीय चक्रवात के प्रभाव से हुई भारी बारिश और उसके बाद हुआ भूस्खलन है। द जकार्ता पोस्ट अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के नेतृत्व में सेना, पुलिस और स्वयंसेवी संगठन बचाव और राहत कार्यों में लगे हुए हैं। कई जगहों पर पुल और सड़कें टूट जाने से प्रभावित इलाकों तक मदद पहुंचाने में दलों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस आपदा में लाखों लोग बेघर हो गए हैं और भोजन –पानी की तलाश में संघर्ष कर रहे हैं। यह इंडोनेशिया में हाल के वर्षों की सबसे घातक प्राकृतिक आपदा में से एक है।

## जेन जी आंदोलन के दौरान सेना की भूमिका पर उठे सवालों का प्रधान सेनापति ने सर्वोच्च अदालत में दिया जवाब

**काठमांडू।** नेपाली सेना ने जेन–जी आन्दोलन के दौरान सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा नहीं करने संबंधी आरोपों का खंडन किया है और कहा है कि सेना ने सुरक्षा को लेकर ऐसे सभी कदम उठाए जिससे जनहानि के बिना, सिंह दरबार समेत सभी सार्वजनिक संपत्तियों की रक्षा की जा सके। प्रधान सेनापति अशोकराज सिग्देल सहित सभी सुरक्षा निकायों को विपक्षी बनाकर दायर किए गए याचिका पर सर्वोच्च अदालत ने सात दिनों के भीतर लिखित जवाब प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। प्रधान सेनापति सिग्देल की ओर से जमा किए गए जवाब में सेना ने अपने विरुद्ध उठाए गए आरोपों को अस्वीकार किया है। सैन्य मुख्यालय का कहना है कि सिंह दरबार की सुरक्षा के लिए सेना ने हवाई फायर किया था, भीड़ को कई बार बाहर भेजा गया, और जब यह स्पष्ट हो गया कि मामूली क्षति के बिना भीड़ नहीं रुकेगी, तब आवश्यक कदम उठाए गए। याचिका में यह आरोप लगाया गया था कि वर्तमान सहज परिस्थितियों में संविधान और कानून के अनुसार कार्य होना चाहिए था तथा सेना को भौतिक संरचनाओं की रक्षा करनी चाहिए थी, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। सेना ने इस आरोप को अस्वीकार किया है। सैन्य मुख्यालय के अनुसार, तत्कालीन असहज स्थिति में नेपाली सेना ने अत्यधिक संयम और सहनशीलता का परिचय देते हुए न्यूनतम बल का प्रयोग किया।

# आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक शुरू रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती संभव

एजेंसी



**नई दिल्ली/मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की पांचवीं मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक यहां शुरू हो गई। आरबीआई के गवर्नर की अध्यक्षता में आयोजित तीन दिवसीय इस समीक्षा बैठक में लिए गए फैसलों की घोषणा 5 दिसंबर को सुबह 10 बजे संजय मल्होत्रा करेंगे। आर्थिक मामलों के जानकारों का कहना है की आरबीआई नीतिगत दर (रेपो रेट) में 0.25 फीसदी तक की कटौती कर सकता है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को कहा कि आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य जीडीपी वृद्धि दर और महंगाई के नवीनतम आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए मौद्रिक नीति की भावी दिशा पर विस्तृत चर्चा करेंगे। नीतिगत नतीजों की घोषणा आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार सुबह 10 बजे करेंगे। एमपीसी की यह बैठक ऐसे समय में हो रही है।

# तपोवन में कांग्रेस विधायक दल का प्रदर्शन भाजपा पर कर्मचारियों को बरगलाने का आरोप

एजेंसी

**धर्मशाला।** तपोवन में चल रहे विधानसभा के शीत सत्र के छठे दिन कांग्रेस पार्टी के विधायकों ने बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार के नेतृत्व में विधानसभा परिसर में कर्मचारियों के मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि भाजपा पेंशनरों को बरगला ला रही है और कर्मचारियों को भी ठगा जा रहा है। सुरेश कुमार ने कहा कि सरकार ओपीएस के साथ है और केंद्र सरकार एनपीएस का पैसा नहीं दे रही है इसलिए भी इनका विरोध किया जा रहा है। सुरेश कुमार ने कहा कि यह प्रदर्शन कर्मचारियों के हित में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने ओपीएस को लेकर एक बयान दिया था कि सरकार पहले ही बैठक में फैसलों को रिव्यू करेगी जबकि कांग्रेस ने पहली ही बैठक में ओपीएस लागू करने का निर्णय लिया था। ऐसे में ओपीएस को रिव्यू करना या खत्म करने की बात कर्मचारी विरोधी है।

# मलेशिया 2014 में लापता यात्री विमान की 30 दिसंबर से फिर करेगा खोज

एजेंसी



**कुआलालंपुर।** मलेशिया सरकार 2014 में लापता मलेशियाई एयरलाइंस के विमान एमएच 370 की खोज फिर शुरू कराएगी। 30 दिसंबर से इस यात्री विमान की खोज के लिए गहरे समुद्र में अभियान शुरू होगा। परिवहन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अमेरिका की मरीन रोबोटिक्स कंपनी ओशन इनफिनिटी ने पुष्टि की है कि वह कुल 55 दिन तक समुद्र में खोज अभियान शुरू करेगी। द जकार्ता पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह खोज अभियान उन इलाकों में रुक-रुक कर शुरू किया जाएगा, जहां विमान के मलबे के मिलने की सबसे अधिक संभावना है। यह अभियान मलेशिया सरकार और ओशन इनफिनिटी के बीच इस साल 25 मार्च को हुए अनुबंध का हिस्सा है। मंत्रालय ने कहा कि इस त्रासदी से प्रभावित परिवार लगातार खोज अभियान शुरू करने की मांग करते रहे हैं। पिछले साल दिसंबर में परिवहन मंत्री एंथनी लोके ने कहा था कि अगर विमान का मलबा नहीं मिलता तो मलेशियाई सरकार को ओशन इनफिनिटी को कोई पैसा नहीं देना होगा। इस विमान ने कुआलालंपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 227 यात्रियों और 12 क्रू सदस्यों के साथ बीजिंग के लिए उड़ान भरी थी। इसके बाद लापता हो गई। मलेशिया सरकार 2018 में जनवरी से जून तक चीन और ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर दक्षिणी हिंद महासागर में इसकी खोज कर चुकी है। इस उड़ान के गायब होने का पूरा घटनाक्रम इतना रहस्यमयी है कि कई दिनों की खोज और जांच के बावजूद न तो इस विमान के गायब होने की आखिरी लोकेशन मिली और न ही इससे जुड़ा मलबा मिल पाया। विमान में सवार सभी लोगों को मृत मानते हुए जांच रोक दी गई थी। अब एक बार फिर इस लापता विमान की खोज शुरू करने का फैसला किया गया है।

## झुंझुनू जिले में मां-बच्चों की सेहत से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाएं बहुत कमजोर

# रेफर का दबाव झेल रहे झुंझुनू का जिला अस्पताल

एजेंसी




**झुंझुन।** झुंझुनू जिले में मां-बच्चों की सेहत से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाएं बहुत कमजोर हो रही हैं। जिसकी वजह से अब जिला अस्पतालों पर बड़ा दबाव आ गया है। उप-जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जैसी छोटी स्वास्थ्य इकाइयां लगातार गर्भवती महिलाओं को हाई रिस्क बताकर बड़े अस्पताल में भेज रही हैं। इस कारण पूरे जिले की लगभग 60 प्रतिशत डिलीवरी का बोझ अकेले राजकीय भगवानदास खेतान (बीडीके) हॉस्पिटल झेल रहा है। बार-बार रेफर करने की इस आदत ने न केवल सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर भारी दबाव बढ़ाया है। बल्कि गरीब और ग्रामीण गर्भवती महिलाओं के लिए जोखिम भी बढ़ा दिया है। एक बड़ी चिंता यह भी है कि छोटे अस्पतालों में ऑपरेशन थिएटर की सुविधा होने के बावजूद उसका इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। जिससे मरीजों को बेवजह दूर के बड़े अस्पताल में जाना पड़ रहा है। राजकीय बीडीके अस्पताल में जनवरी 2025 से 24 अक्टूबर तक 2629 प्रसव हुए हैं। जिनमें 1565 नॉर्मल और 964 सिजेरियन प्रसव शामिल हैं। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र भांबू के अनुसार हॉस्पिटल में हुए कुल प्रसव मामलों में से 36 प्रतिशत से अधिक ऐसे मामले हैं जो जिले के अन्य हेल्थ केंद्रों से रेफर होकर आए हैं। स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की कमी और हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं को बड़े अस्पतालों में रेफर करने की मजबूरी के कारण बीडीके हॉस्पिटल पर लगातार बोझ बना रहता है। जिले की प्रसव सेवाओं की सबसे गंभीर स्थिति 35 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) पर है। सीधे रेफर की प्रवृत्ति अधिकांश केंद्र गर्भवती महिलाओं को हाई रिस्क बताकर सीधे जिला अस्पताल रेफर कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार कई सीएचसी ऐसे हैं जहा एक भी प्रसव दर्ज नहीं हुआ है।

# धार: राष्ट्रीय राजमार्ग खलघाट पर चक्का जाम करने पर धामनोद पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

एजेंसी

**धार।** मध्य प्रदेश के धार जिले में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ मालवा निमाड प्रांत के चार जिलों धार बडवानी, खरगोन, खण्डवा के कार्यकताऔं द्वारा दो दिन पहले किसानों की मांगों को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 52 खलघाट टोल प्लाजा पास चक्का जाम व धरना प्रदर्शन किया था। इस दौरान करीब 600 से 700 व्यक्तियों ने एक मत होकर अपने ट्रैक्टरों व वाहनों को रोड पर खडा कर वही छोड़ा तथा पेडों के सूखे तने को रोड पर डालकर राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुध्द किया और क्षतिग्रस्त कर नुकसान पहुचाया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की स्थिती निर्मित होकर आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पडा। उक्त सम्पूर्ण घटनाक्रम की वीडियोग्राफी के आधार पर धामनोद पुलिस ने मंगलवार की रात प्रकरण दर्ज किया है। मामले में गोपाल पाटीदार राष्ट्रीय किसान मजदूर महा संघ मध्य भारत संघठन मंत्री निवासी ग्राम छालपा जिला खरगोन, मंदन मुवेला राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला अध्यक्ष बडवानी, .त्रिलोक चंद पटेल राष्ट्रीय किसान मजदुर महासंघ जिला अध्यक्ष खण्डवा, किशोर पाटीदार राष्ट्रीय किसान मजदुर महासंघ जिला अध्यक्ष खरगोन निवासी ग्राम डोगरगांव थाना उन जिला खरगोन, वल्लभ पाटीदार समन्वय महामंत्री धरमपुरी निवासी ग्राम मेहगांव थाना धामनोद,रामदास मुकाती राष्ट्रीय किसान मजदूर महा संगठन जिला अध्यक्ष निवासी कुक्षी,.रामेश्वर गुर्जर प्रांतिय महा मंत्री ग्राम सिटोका थाना करही जिला खरगोन,.कैलाश पाटीदार निमाड प्रांतीय अध्यक्ष ग्राम डोगरगांव थाना उन जिला खरगोन सहित ।

## इंग्लैंड के महान क्रिकेटर 62 वर्षीय रॉबिन स्मिथ का निधन



**पर्थ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज रॉबिन स्मिथ का पर्थ में उनके घर पर अचानक निधन हो गया। वे 62 वर्ष के थे। स्मिथ को उनकी घुंघराली बालों के कारण द जज के नाम से जाना जाता था। स्मिथ ने 1988 से 1996 के बीच इंग्लैंड के लिए 62 टेस्ट मैच खेले और 4,236 रन बनाए। उनका औसत 43.67 रहा और उनके नाम 9 टेस्ट शतक दर्ज हैं। उनकी पहचान का प्रमुख शॉट स्क्वेयर कट था। उन्होंने 71 वनडे भी खेले और 1992 विश्व कप फाइनल तक पहुंचने वाली इंग्लैंड टीम का हिस्सा रहे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1993 में एजबेस्टन में खेली गई उनकी नाबाद 167 रन की पारी 2016 तक इंग्लैंड का एकदिनी रिकॉर्ड रही। परिवार ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के माध्यम से बयान जारी किया कि रॉबिन सोमवार, 1 दिसंबर को अपने साउथ पर्थ स्थित अपार्टमेंट में अचानक चल बसे और मौत का कारण अभी अज्ञात है। परिवार ने यह भी स्पष्ट किया कि उनके शराब और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े पुराने मुद्दों के आधार पर मृत्यु पर किसी तरह की अटकलें न लगाई जाएँ। दक्षिण अफ्रीका के डरबन में ब्रिटिश माता-पिता के घर जन्मे रॉबिन स्मिथ बाद में अपने भाई क्रिस स्मिथ के साथ इंग्लैंड आए। उन्होंने 1988 में वेस्टइंडीज के खिलाफ हेडिंग्ले में टेस्ट डेब्यू किया। स्मिथ ने अपने करियर में दो टेस्ट शतक एशेज में और तीन वेस्टइंडीज के खिलाफ लगाए, जिनमें 1994 में सेंट जॉन्स में बनाया गया 175 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। रिटायरमेंट के बाद वे पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में बस गए थे और पिछले महीने पर्थ में खेले गए पहले एशेज टेस्ट में भी मौजूद थे। कोच एंड्रयू फ्लिंटॉफ ने उन्हें इंग्लैंड लायंस टीम को संबोधित करने के लिए भी आमंत्रित किया था। ईसीबी अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा, रॉबिन स्मिथ दुनिया के सबसे तेज गेंदबाजों के सामने मुस्कुराते हुए खड़े रहने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने अपने जज्बे और दृढ़ता से इंग्लैंड क्रिकेट प्रशंसकों को गर्व और भरपूर मनोरंजन दिया।

## एथलीट संजना और उनके कोच संदीप डोपिंग मामले में अस्थायी रूप से निलंबित

**नई दिल्ली।** हाल ही में रांची में आयोजित दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स सीनियर चैम्पियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली 18 वर्षीय एथलीट संजना सिंह और उनके कोच संदीप मान को डोपिंग उल्लंघन के चलते अस्थायी निलंबन का सामना करना पड़ा है। यह एक दुर्लभ मामला है, जिसमें एथलीट के साथ उसके कोच को भी सजा दी गई है। संजना, जिन्होंने अक्टूबर में हुई प्रतियोगिता में महिलाओं की 1500 मीटर और 5000 मीटर रेस में स्वर्ण पदक जीते थे, उनके सैंपल में दो प्रतिबंधित स्टेरॉयड-मिथैंडीनोन और ऑक्सांड्रोलोन-पाए गए। इसके बाद राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। 23 दिसंबर को 19 वर्ष की होने वाली संजना का नाम नाडा की वेबसाइट पर ताजा अपडेट में दर्ज किया गया है। नाडा ने एक एथलेटिक्स कोच संदीप के खिलाफ भी कार्रवाई की है, जिन्हें ह्रप्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी या तस्करी के प्रयासह्र के आरोप में अस्थायी निलंबन दिया गया है। माना जा रहा है कि यह वही संदीप मान हैं, जिनके तहत संजना हरियाणा के रोहतक में प्रशिक्षण लेती हैं। इसके अलावा, मध्य दूरी धावक हिमांशु राठी को भी मेफेंटर्मिन नामक प्रतिबंधित उत्तेजक पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाए जाने पर अस्थायी निलंबित किया गया है। त्रिपल जम्पर शीना वार्की ने लिम्बिंग्स के उल्लंघन के मामले में केस रेजोल्यूशन एग्रीमेंट के तहत 3 साल के प्रतिबंध को स्वीकार कर लिया है। केरल की 33 वर्षीय एथलीट ने इस वर्ष उत्तराखंड नेशनल गेम्स में रजत पदक जीता था। एक अन्य एथलीट बसंती कुमारी, जिन्होंने 2025 वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में मैराथन में हिस्सा लिया था।

# एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप : स्विट्जरलैंड को हराकर क्वार्टर फाइनल में भारत

एजेंसी

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 में अपने शानदार अपराजित अभियान को जारी रखते हुए मंगलवार को स्विट्जरलैंड को 5-0 से मात देकर क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की कर ली। रोहित की कप्तानी और पी.आर. श्रीजेश की कोचिंग में खेल रही भारतीय टीम अब 05 दिसंबर को बेल्जियम से मुकाबला करेगी।



**मैच की दमदार शुरुआत: मनमीत सिंह और शारदानंद तिवारी की चमक**

भारत ने मैच की शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। मुकाबले का पहला गोल दूसरे ही मिनट में जन्मदिन मना रहे मनमीत सिंह ने दागा। उन्होंने 11वें मिनट में एक और शानदार फील्ड गोल कर भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। इसके तुरंत बाद, 13वें मिनट में शारदानंद तिवारी ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 3-0 कर दिया। साइक्लोन के बावजूद बड़ी संख्या में पहुंचे दर्शकों को भारतीय खिलाड़ियों के तेजतर्रार खेल ने रोमांचित कर दिया। पिछले मैच में ओमान के खिलाफ हैट्रिक लगाने वाले अर्शदीप सिंह ने 28वें मिनट में भारत का चौथा गोल दागा। उधर, गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने स्विट्जरलैंड के कई हमलों को शानदार बचाव से नाकाम किया।

**चौथे क्वार्टर में भी नहीं रुका भारत का आक्रमण**

भारत ने आखिरी क्वार्टर में भी अपना दबदबा बनाए रखा। 54वें मिनट में शारदानंद तिवारी ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए न सिर्फ टीम का पांचवां गोल दागा, बल्कि प्लेयर ऑफ द मैच भी बने। इससे मैच पूरी तरह भारत के पक्ष में मुहर लग गई और स्विट्जरलैंड वापसी की कोशिश भी नहीं कर सका। भारत इससे पहले चिली को 7-0 और ओमान को 17-0 से हराकर नॉकआउट चरण में प्रवेश कर चुका है। स्विट्जरलैंड पर 5-0 की बड़ी जीत ने टीम के आत्मविश्वास को और मजबूत किया है। अब असली अग्निपरीक्षा ह्र क्वार्टरफाइनल में बेल्जियम से भिड़ंत भारत 05 दिसंबर को चेन्नई में क्वार्टरफाइनल में उतरेगा जहां उसका सामना मजबूत टीम बेल्जियम से होगा। टीम की लगातार फॉर्म और आक्रामक खेल को देखते हुए भारतीय दर्शकों को एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।

## भारतीय क्रिकेट में अभी सबकुछ नहीं चल रहा है ठीक

# विराट-रोहित ने कोच गौतम गंभीर को किया नजरअंदाज

एजेंसी



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट में अभी लगता है सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। वहीं ये भी अंदाजा हो रहा है कि टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर से सीनियर खिलाड़ी खुश नहीं है। इसी कारण दूसरे एकदिवसीय से पहले हुए अभ्यास सत्र में विराट कोहली और रोहित शर्मा ने गंभीर को नजरअंदाज किया। अभ्यास सत्र में बल्लेबाज विराट और रोहित ने काफी पसीना बहाया। विराट अभ्यास के बाद जब लौट रहे थे तब वह गंभीर के पास से गुजरे पर उन्हें अनदेखा करते हुए निकल गये। वहीं रोहित कोच के पास कुछ ही समय रुके और दोनों में ज्यादा बातचीत नहीं हुई। वहीं ये भी कहा जा रहा है कि विराट और गंभीर की बातचीत पूरी तरह बंद है। इसी प्रकार रोहित और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के बीच भी बातचीत नहीं है। इससे साफ है कि विराट और रोहित के गंभीर और अगरकर के साथ संबंध ठीक नहीं हैं। विराट ने गंभीर की जिस प्रकार से अनदेखी की उससे भी ड्रेसिंग रूम का माहौल ठीक नहीं लगता। कोहली और रोहित जब नेट में बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे थे तब मुख्य कोच गौतम गंभीर दोनों नेट के सेंटर में इस तरह बैठे थे कि दोनों दिग्गजों पर करीबी नजर रख सकें। उन्होंने दोनों के अभ्यास को बहुत ही बारीकी से देखा। इस दौरान विराट और रोहित अच्छी लय में दिखें। नेट सत्र के बाद विराट बल्ले को अपने कंधे पर रखकर कोच गंभीर के एकदम पास से गुजरे। इस दौरान दोनों में कोई बातचीत नहीं हुई। कुछ देर बाद ही रोहित भी नेट सत्र के बाद गंभीर के पास से गुजरे और और उनसे कुछ ही देर बात की।

### केकेआर को खलेगी रसेल की कमी

**जैमेका।** वेस्टइंडीज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल अब आईपीएल में खेलते नजर नहीं आयेंगे। रसेल आईपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की ओर से खेलते थे और उनके आंकड़े काफी प्रभावी रहे हैं। ऐसे में उनके नहीं होने की कमी टीम को खलेगी। इसी कारण टीम के मालिक शाहरुख खान ने सोशल मीडिया पर लंबा और भावुक संदेश लिखकर उनकी सेवाओं को सलाम किया है। रसेल ने आईपीएल के 140 मुकाबलों की 115 पारियों में कुल 2651 रन बनाये हैं। इनका स्ट्राइक रेट 174.17 रहा है। उन्होंने 186 चौके, 223 छक्के लगाये हैं और गेंदबाजी के दौरान 123 विकेट लिए हैं। रसेल साल 2014 से ही केकेआर में शामिल रहे और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी व कसी हुई गेंदबाजी से मैच विजेता साबित हुए।

## बेहतर ऑलराउंडर बन कर उभरे हैं मार्को यानसन

**नई दिल्ली।** ऑलराउंड मार्को यानसन अपने प्रदर्शन से अब दक्षिण अफ्रीका के एक प्रमुख खिलाड़ी बनकर उभरे हैं। कुछ समय पहले वह एक गेंदबाज के तौर पर टीम में आये थे पर अब वह टीम के लिए जरुरत के अनुसार रन भी बना रहे हैं। यानसन अपनी तेज उछाल वाली गेंदों से विरोधी बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर देते हैं। फुल लेंथ गेंद और बेहतर नियंत्रण से उनकी गेंदों की धार और बढ़ती है। यानसन अब केवल निचले क्रम के बल्लेबाज नहीं रहे। अब वह बेहतर बल्लेबाजी करके टीम को कठिन हालात से बाहर निकालने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। यानसन ने कहा, जब शीर्ष पांच बल्लेबाज अच्छी फॉर्म में हों तब मैदान पर उतरना अच्छा लगता है। मेरी नजर केवल गेंद पर होती है और मैं उसी के अनुसार बल्लेबाजी करता हूं। अभी मेरी यह रणनीति कारगर साबित हो रही है। उन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था। उसमें उन्होंनेनौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 91 गेंदों में 93 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को संकट से बाहर निकाला था। यानसन ने इस तरह की आक्रामक पारी पहले भी खेली है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में 59 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को संभाला था। ऐसे समय में जबकि सीमित ओवरों के क्रिकेट में छोटी-छोटी पारियों का महत्व बढ़ता जा रहा है तब उन्होंने दिखाया कि वह दक्षिण अफ्रीका के लिए कितने उपयोगी हैं।

# चयनकर्ता भविष्य की योजना के तहत राणा को दे रहे हैं अवसर : संदीप



एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर हर्षित राणा को लेकर भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर पिछले काफी समय से निशाने पर रहे हैं। कई पूर्व क्रिकेटरों का कहना है कि गंभीर के कारण ही हर्षित को टीम में जगह मिल रही है जबकि उनसे बेहतर प्रदर्शन वाले खिलाड़ी बाहर है। हर्षित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रांची में हुए पहले एकदिवसीय में तीन विकेट लिए थे। वहीं अब पूर्व तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने बताया है कि हर्षित जैसे खिलाड़ियों को क्यों इतने अधिक अवसर मिलते हैं। संदीप ने कहा कि हर्षित का चयन वर्तमान प्रदर्शन पर नहीं, बल्कि भविष्य की योजनाओं को देखते हुए हुआ है। उन्होंने कहा कि एक बार जब चयनकर्ता किसी खिलाड़ी में कोई विशेष खूबी को पहचान लेते हैं तो उस खिलाड़ी में उस कला का परिपक्व होने के लिए प्रयाप्त समय देने के साथ ही खिलाड़ी को अवसर देते हैं। यही अभी हर्षित के साथ हो रहा है।

संदीप ने कहा था, ह्रआप या तो एक कौशल या प्रतिभा को पहचानते हैं या एक बार जब आप उसे पहचान लेते हैं, तो आप उसे परिपक्व होने के लिए काफी समय देते हैं। उसके साथ यही हुआ है। वह 140 से ज्यादा की गति से गेंदबाजी करता है, उसकी लंबाई अच्छी है और वह काफी मजबूत है। ऐसे में अगर आप उसके साथ कुछ साल काम करें, तो वह बहुत अच्छा गेंदबाज बन सकता है।

संदीप ने कहा कि तेज गेंदबाजों को तैयार करना हमेशा एक जुए की तरह होता है और चयनकर्ता जानबूझकर यह खतरा उठाते हैं। उन्होंने बताया था, अगर आप ऐसे पांच खिलाड़ी चुनते हैं, तो सिर्फ एक या दो ही अच्छा करते हैं। तीन या चार बार आप गलत होंगे। इसीलिए, चयनकर्ताओं के लिए यह मुश्किल है, क्योंकि उन्हें अवसर लेने पड़ते हैं। वह 23 से 24 साल का है और उसे खेलना होगा, कुछ हिट्स लेने होंगे और आगे बढ़ना होगा।वहीं कप्तान शुभमन गिल और उपकप्तान श्रेयस अय्यर के चोटिल होने की वजह से कप्तानी कर रहे केएल राहुल ने भी राणा की गेंदबाजी की तारीफ की थी और कहा था कि उसमें कुछ विषेष है। हमें उसमें काफी संभावनाएं नजर आती हैं।

## प्रीमियर लीग 2025-26: एर्लिंग हॉलैंड ने रचा इतिहास

# मैनचेस्टर सिटी ने फुलहम को 5-4 से हराया

एजेंसी



**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी के स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड ने मंगलवार को प्रीमियर लीग में सबसे तेज 100 गोल पूरे कर नया इतिहास रच दिया। उनकी इस उपलब्धि के बाद सिटी ने फुलहम के जबरदस्त दूसरे हाफ के संघर्ष को पीछे छोड़ते हुए रोमांचक मुकाबले में 5-4 से जीत दर्ज की। सिटी की ओर से फिल फोडेन ने दो गोल दागे, तिज्जानी रेजिंडर्स ने एक गोल किया, जबकि सैंडर बर्ज का आत्मघाती गोल टीम के लिए मददगार रहा। इस जीत के साथ सिटी 28 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई है। शीर्ष पर मौजूद आर्सेनल के 30 अंक हैं, जो बुधवार को ब्रेंटफोर्ड से भिड़ेगी। क्रेवन कॉटेज में सिटी 5-1 की बढ़त बना चुकी थी, लेकिन फुलहम ने दूसरे हाफ में जबरदस्त वापसी करते हुए तीन गोल दागे। सैमुएल चुकवुएजे ने दो गोल किए, जबकि अलेक्स इवोबी ने एक गोल किया। इंजरी टाइम में जोस्को ग्वार्डिओल ने गोल लाइन पर शानदार बचाव कर सिटी को जीत दिलाई। हॉलैंड ने 17वें मिनट में बाएँ पैर से जोरदार शॉट लगाकर स्कोरिंग शुरू की। इसके बाद 37वें मिनट में रीजेंडर्स ने बढ़त दोगुनी कर दी। फोडेन ने 44वें मिनट में बॉक्स के बाहर से खूबसूरत शॉट लगाते हुए गोल किया। हाफ टाइम से ठीक पहले फुलहम के एमिल स्मिथ रोवे ने डाइविंग हेडर से गोल कर अंतर कम कर दिया। दूसरे हाफ में फोडेन ने 48वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया और 54वें मिनट में बर्ज के आत्मघाती गोल ने सिटी को 5-1 की बड़ी बढ़त दिला दी। इसके बाद फुलहम ने 57वें, 72वें और 78वें मिनट में गोल कर मैच में रोमांच भर दिया, लेकिन सिटी ने अंतिम समय में बढ़त बचाए रखी। ग्रीलिश के गोल से एवर्टन की 1-0 से जीत, बोर्नमाउथ का घरेलू अपराजित रिकॉर्ड टूटा एवर्टन को जैक ग्रीलिश के दूसरे प्रीमियर लीग गोल की बदौलत मंगलवार को बोर्नमाउथ के खिलाफ 1-0 से जीत मिली। यह जीत बोर्नमाउथ के इस सीजन के घरेलू अपराजित रिकॉर्ड को भी तोड़ गई। एवर्टन की चार मैचों में यह तीसरी जीत है। टीम अब 14 मैचों में 21 अंकों के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गई है, जबकि बोर्नमाउथ 19 अंकों के साथ 14वें स्थान पर है। मैच में दोनों टीमों ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन अंतिम तिहाई में गुणवत्ता की कमी दिखी। 78वें मिनट में कार्लोस अल्काराज ने मिडफील्ड में गेंद छीनकर ग्रीलिश को पास दिया। ग्रीलिश के बॉक्स के बाहर से लगाए गए शॉट को डिफेंडर बाफोडे डियाकिटे ने डिफ्लेक्ट कर दिया, जिससे गेंद नेट में चली गई और एवर्टन को जीत मिली।

## मैक्सवेल आईपीएल 2026 सत्र में नजर नहीं आयेंगे

**मिनी नीलामी में भी शामिल नहीं होंगे**



**सिडनी।** वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल और दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसिस के बाद अब ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल भी आईपीएल 2026 सत्र में नहीं खेलेंगे। मैक्सवेल के अनुसार वह मिनी नीलामी में भी शामिल नहीं होंगे। इस प्रकार इस बार तीन दिग्गज खिलाड़ी आईपीएल में नहीं दिखेंगे। इन तीनों ने ही 16 दिसंबर को आबू धाबी में होने वाले मिनी नीलामी से दूर रहने की बात कही है। मैक्सवेल ने सोशल मीडिया पर अपने फैसले की जानकारी देते हुए कहा है कि वह 37 साल के हो गये हैं और उन्होंने काफी सोच विचार के बाद नीलामी में शामिल नहीं होने का फैसला किया। उन्होंने कहा, आईपीएल में कई बार के अच्छे सत्र के बाद मैंने फैसला किया है कि इस साल नीलामी के लिए अपना नाम नहीं दूंगा। ये एक बड़ा फैसला है। इस लीग ने मुझे जो कुछ भी दिया, उसका आभार।

उन्होंने साथ ही कहा, आईपीएल ने मुझे एक क्रिकेटर और शख्स के तौर पर आगे बढ़ने में सहायता की है। मैं खुशकिस्मत हूं कि विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के साथ खेला, शानदार फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया और बेहद उत्साही प्रशंसकों के सामने खेला। भारत की सुनहरी यादें, चुनौतियां और ऊर्जा मेरे साथ हमेशा रहेंगी। इतने सालों में मुझे समर्थन देने के लिए धन्यवाद। उम्मीद करते हैं कि जल्द मिलेंगे। गौरतलब है कि आक्रामक बल्लेबाजी के लिए लोकप्रिय मैक्सवेल को पिछली साल पंजाब किंग्स ने 4.2 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस ऑलराउंडर ने आईपीएल 2025 के 7 मैचों में खेला था पर वह उम्मी के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये थे। वह पिछले सत्र में केवल 48 रन बनाने के साथ ही 4 विकेट ही ले पाये थे।

# एमएलसी: सिएटल ऑर्काज के नए कोच बने एडम वोगेस

एजेंसी



**नई दिल्ली।** वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच एडम वोगेस अगले सीजन से मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में सिएटल ऑर्काज की कमान संभालेंगे। ऑर्काज ने लगातार पाँच मैच हारने के बाद ऑस्ट्रेलियाई कोच मैथ्यू मोट को बर्खास्त किया था, जिसके बाद वोगेस को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। वोगेस ने हाल ही में घोषणा की थी कि वह मौजूदा घरेलू सीजन के बाद वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच पद से हट जाएंगे। ऐसे में उनके एमएलसी की किसी टीम के साथ जुड़ने की संभावना पहले से ही जताई जा रही थी। वोगेस ने फ्रेंजाइजी के हवाले से कहा, मैं सिएटल ऑर्काज के साथ जुड़कर काफी उत्साहित हूं। एमएलसी लगातार आगे बढ़ रहा है और मैं टीम को मैदान के अंदर और बाहर सफलता दिलाने की कोशिश करूंगा। 2018 में जस्टिन लैंगर की जगह लेने के बाद से वोगेस ने वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया को अभूतपूर्व सफलता दिलाई। उनकी कोचिंग में टीम ने कई खिताब अपने नाम किए और उन्हें भविष्य में ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड के उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। मैकडॉनल्ड का वर्तमान अनुबंध 2027 तक है, लेकिन वह इसके आगे बढ़ाने के इच्छुक नहीं माने जा रहे। वोगेस ऑस्ट्रेलिया ए और राष्ट्रीय टीम के साथ भी कोचिंग का अनुभव रख चुके हैं। साथ ही, उन्होंने अपनी टी20 फ्रेंचाइजी कोचिंग यात्रा की शुरूआत द हंड्रेड में ट्रेंट रॉकेट्स के सहायक कोच के रूप में की है। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट वोगेस को अपने बीबीएल फ्रेंचाइजी पर्थ स्कॉर्चर्स के कोच के रूप में बनाए रखने पर भी बातचीत कर रहा है। उनके नेतृत्व में स्कॉर्चर्स ने बीबीएल 11 और बीबीएल 12 के खिताब जीते थे। एक खिलाड़ी के तौर पर भी वोगेस दो बार टीम को चैंपियन बना चुके हैं। वोगेस के हटने के बाद ब्यू कैसन और टिम मैकडोनाल्ड वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के नए मुख्य कोच के दावेदार हो सकते हैं। टेस्ट क्रिकेट में 61.87 की औसत से 20 मैच खेलने वाले वोगेस का मुख्य लक्ष्य ऑर्काज को फिर से शीर्ष पर पहुंचाना होगा। 2023 में फाइनल खेलने वाली यह टीम 2024ह्र25 में सिर्फ 17 में से 4 मैच जीत सकी थी। सिएटल ऑर्काज के प्रमुख हेमंत दुआ ने कहा, हम एडम वोगेस का स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं।

## कर्ज रिपोर्टों में गलतियां, क्रेडिट सूचना कंपनियों के खिलाफ बढ़ीं शिकायतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्ज रिपोर्टों में भारी गलतियां पाई गई हैं। इससे उधारकर्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है। इसका पता इस बात से चलता है कि क्रेडिट सूचना कंपनियों के खिलाफ तीन वर्षों में शिकायतें चार गुना




बढ़ गई हैं। यह तेज उछाल ऐसे समय में आया है जब भारत के वित्तीय लोकपाल की ओर से निपटाई जाने वाली शिकायतों में बैंकों, एनबीएफसी और डिजिटल भुगतान कंपनियों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओंबुड्समैन पर सालाना रिपोर्ट सोमवार को जारी की गई। इसके अनुसार, क्रेडिट सूचना कंपनियों के खिलाफ शिकायतें 2022-23 में 1,039 से बढ़कर 2023-24 में 3,847 और 2024-25 में 4,585 हो गईं। यह सभी विनियमित संस्थाओं में सबसे तेज वृद्धि है। इनमें से कई शिकायतें ऋण और अग्रिमों से संबंधित हैं। यह क्रेडिट सूचना कंपनियों से जुड़ी सभी शिकायतों का 84 फीसदी से अधिक हिस्सा हैं। लोकपाल के पास दर्ज कुल शिकायतें 2024-25 में बढ़कर 2.95 लाख तक पहुंच गईं। ये आंकड़े वित्तीय क्षेत्र को बढ़ते ग्राहक आधार, अधिक रिफाइंड उत्पादों और सेवा सटीकता की बढ़ती अपेक्षाओं से जूझते हुए दर्शाते हैं। बैंकों के खिलाफ सबसे ज्यादा शिकायतें मिलने का क्रम जारी है। वित्त वर्ष 2024-25 में इनके खिलाफ 2,41,601 शिकायतें मिलीं। इसी तरह, जमा खातों से संबंधित मामले सभी शिकायतों में 20.63 फीसदी तक पहुंच गए। क्रडिट कार्ड संबंधी शिकायतें दो वर्षों में पांच प्रतिशत से अधिक बढ़कर 17.16 फीसदी तक पहुंच गईं। एटीएम और डेबिट कार्ड में आई भारी कमी हालांकि, कुछ श्रेणियों में थोड़ी राहत देखी गई। एटीएम और डेबिट कार्ड से जुड़ी शिकायतें 14.56 फीसदी से घटकर 7.47 फीसदी हो गईं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह गिरावट व्यवहार में बदलाव का संकेत दे सकती है क्योंकि अधिक उपभोक्ता कार्ड आधारित लेनदेन से डिजिटल भुगतान प्रणालियों की ओर रुख कर रहे हैं। इससे उन क्षेत्रों में टकराव कम हो रहा है जो कभी ग्राहकों के असंतोष के लिए जाने जाते थे। सरकारी बैंकों के खिलाफ 1,03,117 व निजी बैंकों के खिलाफ 1,11,199 शिकायतें मिली हैं।

## संगठित क्षेत्र की नौकरियों में 23 फीसदी की बढ़त, गैर-आईटी क्षेत्रों में बढ़ी मांग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिक्षा, रियल एस्टेट, आतिथ्य और यात्रा व बीमा जैसे गैर-आईटी क्षेत्रों में मांग बढ़ने से नवंबर में संगठित क्षेत्र की नौकरियों में 23 फीसदी की तेजी देखी गई है। नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स के अनुसार, दिवाली के आगे बढ़ने से अक्तूबर में नियुक्तियों में 9 फीसदी गिरावट दर्ज की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर में आईटी नियुक्तियां स्थिर रहीं। गैर-आईटी क्षेत्रों में नियुक्तियों में ठोस वृद्धि रही। उच्च मूल्य वाली भूमिकाओं (20 लाख रुपये सालाना) व यूनिकॉर्न की नियुक्तियों में क्रमशः 38 और 35 फीसदी की वृद्धि हुई। यूनिकॉर्न में ई-कॉमर्स कंपनियों की संख्या 27 फीसदी रही। आईटी यूनिकॉर्न में 16 फीसदी की तेजी रही। प्रवेश स्तर पर नियुक्तियों में 30 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसमें छोटे शहरों की प्रमुख भूमिका रही। 13-16 वर्ष के अनुभव वाले वरिष्ठ समूहों में यूनिकॉर्न की नियुक्तियों में 50 फीसदी वृद्धि रही। कुल भर्तियों में जयपुर में 31 फीसदी की तेजी रही।

# इतिहास में पहली बार भारतीय मुद्रा ने डॉलर के मुकाबले 90 रुपये के स्तर को पार किया

### लगातार तीसरे दिन भारतीय मुद्रा ने बनाया ऑल टाइम लो का नया रिकॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मुद्रा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन रुपये ने डॉलर की तुलना में ऑल टाइम लो का नया रिकॉर्ड बनाया। मुद्रा बाजार के इतिहास में पहली बार भारतीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले 90 रुपये के स्तर को पार कर गई। दिन के कारोबार में भारतीय मुद्रा लुढ़क कर 90.29 रुपये प्रति डॉलर के अभी तक सबसे निचले स्तर तक पहुंची। हालांकि, बाद में डॉलर की मांग घटने पर रुपये की स्थिति में मामूली सुधार भी हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद रुपया डॉलर के मुकाबले 30 पैसे की कमजोरी के साथ 90.18 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुआ। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगवार को भारतीय मुद्रा 89.88 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ था। रुपये ने आज के कारोबार की शुरूआत भी गिरावट के साथ ही की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 8 पैसे की कमजोरी के साथ 89.96 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरूआत की थी। आज का कारोबार शुरू होने के बाद रुपये पर लगातार दबाव बढ़ता चला गया, जिसकी वजह से भारतीय मुद्रा 41 पैसे की कमजोरी के साथ अभी तक के सबसे निचले स्तर 90.29 रुपये प्रति डॉलर तक गिर गई। हालांकि दिन के दूसरे सत्र में डॉलर की मांग में कमी आने पर रुपये की स्थिति में कुछ सुधार हुआ, जिससे इसने 90.18 (अनंतिम) के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। मुद्रा बाजार के आज के कारोबार में रुपये ने डॉलर के साथ ही ज्यादातर दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले भी कमजोर प्रदर्शन किया। आज के कारोबार के बाद ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में रुपया 102.45 पैसे की कमजोरी के साथ 119.76 (अनंतिम) के स्तर पर पहुंच गया।



## सरकार ने सभी पान मसाला पैक पर खुदरा बिक्री मूल्य प्रदर्शित करना अनिवार्य किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सभी पान मसाला पैक पर खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) प्रदर्शित करना अनिवार्य कर दिया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने लीगल मेट्रोलॉजी (पैकेज्ड कमोडिटीज) दूसरा (संशोधन) नियम, 2025 को अधिसूचित कर दिया है। ये नए नियम एक फरवरी, 2026 से प्रभावी होंगे। एक बयान में बताया कि उपभोक्ता मामलों के विभाग ने लीगल मेट्रोलॉजी (पैकेज्ड कमोडिटीज) दूसरा (संशोधन) नियम, 2025 को अधिसूचित किया है। मंत्रालय के मुताबिक सभी साइज और वजन के पान मसाला के पैक पर खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) और लीगल मेट्रोलॉजी (पैकेज्ड कमोडिटीज) रूल्स, 2011 के तहत जरूरी सभी दूसरी जानकारी दिखाना अनिवार्य कर दिया गया है, जो एक फरवरी, 2026 से लागू होगा। अधिसूचना के मुताबिक 10 ग्राम या उससे कम के छोटे पैक पर भी खुदरा बिक्री मूल्य प्रिंट करना होगा। इस नियम के तहत सभी पान मसाला पैकेज पर लीगल मेट्रोलॉजी (पैकेज्ड कमोडिटीज) रूल्स, 2011 के तहत जरूरी हर घोषणा दिखानी होगी।

## तेजी के दौर में भी खुदरा निवेशकों ने बेचे 25000 करोड़ के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अक्तूबर-नवंबर में सेंसेक्स और निफ्टी में मजबूत तेजी के बावजूद खुदरा निवेशकों ने 25,000 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेच दिए। सोना-चांदी की ऐतिहासिक बढ़त और बाजार की अस्थिरता इस बिकवाली की बड़ी वजह बनी।

घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी में भी खुदरा निवेशक इस तेजी से पूरी तरह गायब रहे। शेयरों की बढ़ती कीमतों के बीच इन्होंने अक्तूबर और नवंबर में 25,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के शेयर बेच दिए हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आंकड़ों के मुताबिक, अक्तूबर में 13,776 करोड़ रुपये और नवंबर में 11,544 करोड़ के शेयर बेचे गए हैं। यह विसंगति इसलिए भी चौंकाने वाली है, क्योंकि



इस दौरान शेयर बाजार में अच्छी तेजी दर्ज की गई। अक्तूबर में सेंसेक्स और निफ्टी चार फीसदी से ज्यादा चढ़े और नवंबर में 2 प्रतिशत बढ़े। अक्तूबर में बीएसई मिडकैप सूचकांक 4.7 फीसदी और बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 3.22 प्रतिशत चढ़ा। हालांकि, नवंबर में बाजार में भारी उतार-चढ़ाव रहा। मिडकैप सूचकांक 0.4 व स्मॉलकैप सूचकांक 3.4 प्रतिशत गिर गए। विश्लेषकों का कहना है कि साल की शुरुआत से ही खुदरा निवेशकों को शेयर बाजार में अस्थिरता का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि अक्तूबर और नवंबर में बाजार में सुधार शुरू हुआ, फिर भी कई छोटे निवेशकों ने बाजार के इस मौके का फायदा उठाकर मुनाफा वसूली की। इस साल जनवरी से सितंबर तक सूचकांकों में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, लेकिन बीएसई मिडकैप सूचकांक 3 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 5 प्रतिशत गिर गया। इससे खुदरा निवेशक दुखी हो गए।

## टैरिफ का फायदा उठाकर चीन बढ़ा रहा दबदबा

### भारत के निर्यात में 12.6 प्रतिशत गिरावट, कई सेटर हुए प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय वस्तुओं के निर्यात पर अमेरिका में लगे टैरिफ का फायदा चीन उठा रहा है। इससे देश के कई प्रमुख बाजारों में चीनी वस्तुओं का दबदबा बढ़ रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में 19 फीसदी की वृद्धि जरूर हुई लेकिन इसकी अगुवाई स्मार्टफोन ने की, जिसके निर्यात मूल्य में 2.4 अरब डॉलर की तेजी आई है। अधिकांश अन्य प्रमुख निर्यात श्रेणियों में तेजी से गिरावट आई है।

विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका के टैरिफ दबाव और आक्रामक चीनी प्रतिस्पर्धा का



यह मेल भारत की निर्यात क्षमता को कमजोर कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स ही एकमात्र बेहतर क्षेत्र है। स्मार्टफोन ने इस क्षेत्र के निर्यात में 60 फीसदी का भारी योगदान दिया। इसमें अक्तूबर में आईफोन का योगदान 1.6 अरब डॉलर था। लेकिन विशेषज्ञ कहते हैं कि यह वास्तविक वृद्धि नहीं है। आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि अक्तूबर में भारत के व्यापारिक निर्यात में भारी कमी देखी गई। अधिकांश प्रमुख क्षेत्रों में भी इसी तरह की गिरावट दर्ज की गई।

### इलेट्रॉनिस क्षेत्र : 19.05 प्रतिशत तेजी

इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र एकमात्र रहा है जिसमें सबसे ज्यादा 19.5 फीसदी की तेजी आई और यह 4.08 अरब डॉलर पर पहुंच गया। शीर्ष दस निर्यात श्रेणियां अक्तूबर, 2024 के 31.8 अरब डॉलर से घटकर 27.8 अरब डॉलर पर आ गईं। यानी 12.6 फीसदी की गिरावट। व्यापारिक निर्यात 38.98 अरब डॉलर से घटकर 34.38 अरब डॉलर रह गया। सेवाओं सहित कुल निर्यात गिरावट के साथ 72.89 अरब डॉलर रह गया।वैश्विक मांग में मंदी और लॉजिस्टिक संबंधी चुनौतियों के साथ अक्तूबर के आंकड़े निर्यातकों के लिए संकट को दर्शाते हैं। इसका मतलब जहां इलेक्ट्रॉनिक्स में अब भी आशा की किरण दिख रही है, वहीं निर्यात इंजन लड़खड़ा रहे हैं।

### इंजीनियरिंग वस्तुओं में आई 17 फीसदी की कमी

**निर्यात** पोर्टफोलियो की रीढ़ इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 16.7 फीसदी गिरकर अक्तूबर में 9.37 अरब डॉलर पर आ गया। पेट्रोलियम उत्पाद 10.5 फीसदी घटकर 3.95 अरब डॉलर रह गया। दवाओं एवं फार्मा निर्यात में 5.2 फीसदी की कमी आई और यह 2.49 अरब डॉलर रह गया।यह कई वर्षों में पहली बार हुआ है। भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, लंबे समय में पहली बार भारत की शीर्ष दस निर्यात श्रेणियों में सामूहिक रूप से गिरावट आई है। यह व्यापार के मोर्चे पर वैश्विक और घरेलू दोनों दबावों को उजागर करता है। विश्लेषकों ने कहा, इसके पीछे कई कारक हैं। अमेरिकी टैरिफ ने प्रमुख क्षेत्रों को प्रभावित किया।

# अमीर और गरीब के बीच की खाई को और गहरा करेगा एआई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एआई का बढ़ता प्रभाव दुनिया में अमीर और गरीब के बीच की खाई को और गहरा कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की नई रिपोर्ट में यह चेतावनी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार एआई के लाभ केवल अमीर देशों तक ही सीमित रहेंगे। दुनिया भर में लाखों लोग जिनके पास डिजिटल कौशल, बिजली और इंटरनेट जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं, वे पीछे छूट जाएंगे। संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में एआई की तुलना औद्योगिक क्रांति के दौर से की गई है। यह दावा किया गया है कि औद्योगिक क्रांति के दौरान जिस तरह से पश्चिमी देश तेजी से आगे बढ़ गए थे, और बाकी देश पीछे रह गए थे। वैसा ही एआई के दौर में भी होगा। रिपोर्ट यह भी कहती है कि गरीब और विस्थापित लोग अदृश्य हो सकते हैं, जिससे एआई सिस्टम उनकी जरूरतों को ध्यान में नहीं रखेगा।

***एआई का ध्यान उत्पादकता पर:*** *संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि कंपनियां और दूसरे संस्थान एआई का इस्तेमाल कैसे करेंगे, यह सवाल चिंता का विषय है। एआई पर ज्यादातर ध्यान उत्पादकता, प्रतिस्पर्धा और ग्रोथ पर है। सवाल यह है कि इसका इंसानी जिंदगी पर क्या असर होगा।*

### अमीर देशों में चिंताएं भी

एआई डाटा सेंटर बहुत ज्यादा बिजली और पानी खाते हैं। इसने अमेरिका जैसे अमीर देशों की चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए जीवाश्म ईंधन का ज्यादा इस्तेमाल ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के प्रयासों को धीमा कर सकता है। इसके अलावा एआई से साइबर हमले, डीपफेक और निगरानी जैसे खतरे पैदा होते हैं जो गोपनीयता के अधिकारों का उल्लंघन कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार एआई नए उद्योग शुरू करने की क्षमता है। यह तकनीक खेती के लिए बेहतर सलाह, एक्स-रे का तेजी से विश्लेषण, जल्द मेडिकल निदान, और मौसम पूर्वानुमान जैसी चीजों में ग्रामीण समुदायों और आपदा वाले इलाकों में मदद कर सकती है।

## टर्किश एयरलाइंस ने लॉन्च की स्मार्ट टैग्ड बैगेज सर्विस, यात्रियों के लिए आसान ट्रैकिंग



एजेंसी

**मुंबई।** टर्किश एयरलाइंस ने स्मार्ट टैग्ड बैगेज सर्विस शुरू की है, जिससे यात्री अपने सामान को वास्तविक समय में ट्रैक कर पाएंगे। इस सेवा में यात्री स्मार्टथिंग्स फाइंड और गैलेक्सी स्मार्टटैग का उपयोग कर सकते हैं, जिससे गलत जगह पहुँचने या देर से मिलने वाले सामान की पहचान तेज और आसान हो जाएगी। यह पहल टर्किश एयरलाइंस को दुनिया भर में बैगेज ट्रैकिंग में अग्रणी बनाती है। यात्री ऐप में अपने बैग की तस्वीर भी अपलोड कर सकते हैं, जिससे पहचान और सुविधाजनक हो जाती है। टर्किश एयरलाइंस के सीआईटीओ केरेम किज़िलतुंच ने इसे डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की दिशा में बड़ा कदम बताया और कहा कि एयरलाइन हमेशा यात्रियों की सुविधा और अनुभव को प्राथमिकता देती है। छोटे से सहयोग के तहत सैमसंग की तकनीक इस सेवा में उपयोग की गई है, जिससे यात्रियों को और अधिक सहज अनुभव मिलेगा।

# अडानी-अंबानी की जीवनभर की कमाई पर भारी 2 अरबपतियों की 11 महीने की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेक्नोलॉजी सेक्टर के दिग्गजों ने इस साल निवेशकों को अरबों की कमाई से चौंका दिया है, जिसमें विशेष रूप से गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन ने अपने नेटवर्थ में अद्भुत बढ़ोतरी दर्ज की है। इन दोनों अरबपतियों की केवल इस साल की अबतक की कमाई ही एशिया के पहले और दूसरे सबसे रईस व्यक्तियों की जीवनभर की कमाई से अधिक है। इस साल लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन ने अपने नेटवर्थ में कुल 195 अरब डॉलर जोड़े। इनमें सबसे अधिक 102 अरब डॉलर लैरी पेज के हैं और 93 अरब डॉलर सर्गेई ब्रिन के। दोनों की एक साल की संयुक्त कमाई मुकेश अंबानी के कुल नेटवर्थ 106 अरब डॉलर और अडानी के 85.6 अरब डॉलर से अधिक है। बता दें 2025 की शुरुआत से अब तक, लैरी पेज की कुल संपत्ति में .102 अरब की भारी वृद्धि हुई है, जो उन्हें दुनिया के सबसे अमीर टेक्नोलॉजी उद्यमियों में एक टॉप पोजीशन देता है।

उनके सहयोगी और गूगल के सह-संस्थापक सर्गेई ब्रिन ने भी 93 अरब की वृद्धि के साथ ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में मजबूती दिखाई है। टेक्नोलॉजी सेक्टर से बाहर, मेक्सिको के कार्लोस स्लिम ने भी 34.8 अरब डॉलर का सालाना लाभ कमाया है, जबकि फ्रांस के बर्नार्ड आर्नाल्ट ने चीन की कमोडिटी बाजार में भारी बढ़त के दम पर 25.5 अरब कमाए हैं। एनविडिया के प्रमुख जेनसेन हुआंग भी इस साल अबतक 43.3 अरब डॉलर पीटकर कमाई के माामले में चौथे स्थान पर हैं। इनके अलावा रिटेल सेक्टर से जिम वॉल्टन (24.4 अरब डॉलर), एलिस वाल्टन (24.2 अरब डॉलर)और रॉब वॉल्टन (24.2 अरब डॉलर) भी कमाई की टॉप-10 लिस्ट में शामिल हैं। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि तकनीकी और वित्तीय बाजार में इस वर्ष जबरदस्त उछाल रहा है, जबकि विविध क्षेत्रों में भी निवेशकों को भारी मुनाफा हुआ है। यह साल टेक्नोलॉजी इनोवेशन और बाजार के व्यापक विस्तार का प्रतीक साबित हो रहा है।



## यूपीआई से नवंबर में 24.58 लाख करोड़ रुपये के 19 अरब से अधिक हुए लेनदेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूपीआई से लेनदेन की रफ्तार जारी है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के मुताबिक, 28 नवंबर तक यूपीआई से 24.58 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 19 अरब से अधिक लेनदेन हुए। पिछले वर्ष की इसी अवधि में 21.55 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 15.48 अरब लेनदेन दर्ज किए गए थे। आंकड़ों के मुताबिक, इस साल नवंबर में यूपीआई लेनदेन की संख्या 2024 के समान माह की तुलना में लगभग 23 प्रतिशत बढ़ी। इस दौरान लेनदेन मूल्य में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। नवंबर 2023 की तुलना में यह वृद्धि 70 प्रतिशत और 41 प्रतिशत से भी अधिक रही। एनपीसीआई के आंकड़े पिछले पांच वर्षों में लगातार वृद्धि दर्शाते हैं। नवंबर 2021 में, यूपीआई से 7.68 लाख करोड़ के केवल 4.18 अरब लेनदेन हुए। नवंबर, 2022 तक यह संख्या लगभग दोगुनी हो गई। पांच वर्षों का रुझान इस परिवर्तन की स्पष्ट तस्वीर प्रस्तुत करता है। 2021 से 2025 तक यूपीआई के लेनदेन की संख्या चार गुना से अधिक बढ़ गई है। कुल मूल्य तीन गुना से अधिक बढ़ गया है। यह उल्लेखनीय वृद्धि डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ के रूप में इस प्लेटफॉर्म की भूमिका को रेखांकित करती है।

# भारतीय तटरछक पोत आईसीजीएस विग्रह जकार्ता कर दौरा में

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**नई दिल्ली।** आसियान देस में आपन बिदेसी तैनाती कर तहत भारतीय तटरक्षक पोत (आईसीजीएस) विग्रह 2 से 5 दिसंबर, 2025 तक इंडोनेशिया में जकार्ता कर जात्रा में आहे ई तीन दिनक दौरा कर दौरान भारतीय तटरक्षक आउर इंडोनेशियाई तटरक्षक बल (बाकमला) कर कर्मी पेसेवर बातचीत, टेबलटॉप अभ्यास, जहाज-आधारित ड्रिल और संजुक्त परसिछ्न सत्र संगे गतिबिधिमन कर बिस्तृत कार्जकरम में भाग लेवत हयं।

ई जात्रा छेत्रीय समुद्री सुरछा, संरछा आउर पर्याबरन संरछन के सुदृढ़ करेक में तटरछक-से-तटरछक सहजोग कर बढ़त महत के रेखांकित करेला। संगे, ई दुईयों बल कर बीच परिचालन तालमेल, आपसी बिसवास आउर सहजोग कर निरंतर प्रतिबद्धता के आउर मजबूत बनायेला। ई गतिबिधिमन कर केंद्र बिंदु समुद्री कानून प्रवर्तन, समुद्री परदूसन रोधी कार्रवाई आउर समुद्री खोज आउर बचाव जैसन प्रमुख छेतर में आहे, जहां दुईयों संगठन आपन बिस्तृत बिसिस्ट आर्थिक छेतर आउर भारी समुद्री यातायात कर चलते महतपूर्न परिचालन जिम्मेदारी साझा करयंना। संजुक्त अभ्यास अबैध, अप्रतिबंधित आउर अनियमित मछरी धरेक, समुद्री डकैती, तस्करी, समुद्री दुर्घटना आउर पर्याबरनीय खतरा से संबंधित परिस्थिति में आपसी सहभागिता के आउर सुदृढ़ करबयं।

परिचालन सामंजस्य, संचार प्रक्रिया आउर नाविक कौसल कर समन्वय के आउर बेहतर बनायेक ले दुईयों तटरछक सेवा कर बीच एगो मार्ग अभ्यास (पासेक्स) भी आयोजित करल जाई। ई अभ्यास समुद्री संचालन में समन्वय, प्रतिक्रिया छमता आउर सहजोग के नवा मजबूती प्रदान करी।





# लोक भवन में मनाल गेलक असम आउर नागालैंड कर स्थापना दिवस

## दुईयों राइज पूर्वोत्तर भारत कर सुंदर आउर सांस्कृतिक रूप से समृद्ध : राज्यपाल





प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार लोक भवन में आयोजित नागालैंड आउर असम राइज कर स्थापना दिवस समारोह के आइज संबोधित करलयं। ऊ कहलयं कि नागालैंड कर स्थापना दिवस 1 दिसंबर आउर असम कर स्थापना दिवस 2 दिसंबर के रहे। ऊ कहलयं कि राइज से बाहर रहेक कर चलते ई दिन के कार्जकरम आयोजित नी होवे सकलक। सेले आइज लोक भवन द्वारा दुईयो राइज कर स्थापना दिवस संजुक्त रूप से मनाल जात हे। राज्यपाल झारखंड में निवासरत नागालैंड आउर असम कर नागरिकमन से कहलयं कि आपने सउब आपन कठिन परिश्रम, समरपन आउर प्रतिभा से झारखंड कर बिकास में निरंतर जोगदान देवत हयं। ऊ कहलयं कि दुईयों राइज पूर्वोत्तर भारत कर एकदम सुंदर आउर सांस्कृतिक रूप से समृद्ध प्रदेस हयं, जिनकर पहचान खली प्राकृतिक सौंदर्य से नई, बल्कि कला, संस्कृति, परंपरा आउर अदमीमन कर सरलता से भी होवेला।

राज्यपाल कहलयं कि असम के लाल नदी आउर नीली पहाड़ी कर भूमि कहल जायेला। ऊ आपन बिबिध जनजाति, लोककला, संगीत, साहित आउर वैभवसाली इतिहास ले परसिद्ध आहे। इकर सुंदर भौगोलिक संरचना मन मोइह लेवेला। हियां इस्थित बिस्वपरसिद्ध "कामाख्या मंदिर" देस-बिदेस कर सरधालुमन ले आस्था कर महतपूर्न केंद्र हयं। ऊ कहलयं कि ब्रह्मपुत्र कर बिसाल धारा, चाय बागान कर हरियाली आउर बिहू कर उल्लासभरल नृत्य, असम कर बिसिस्ट पहचान के आउर भी अद्वितीय बनायेला।

राज्यपाल कहलयं कि नागालैंड के "त्योहारों की भूमि" कहल जायेला। ऊ आपन पारंपरिक लोकनृत्य, रंगीन परिधान, हस्तसिल्प आउर बीरता कर सांस्कृतिक परंपरा ले जानल जायेला। नागालैंड कर परसिद्ध हॉर्नबिल महोत्सव न खली हुवां कर सांस्कृतिक बिबिधता कर उत्सव आहे, बलकि ई भारत के समृद्ध करेक वाला बहुरंगी सांस्कृतिक धारा कर एगो उज्ज्वल प्रतीक भी आहे।

उक्त अवसर में राज्यपाल कर अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी कहलयं कि दुईयों राइज कर आपन जुदा-जुदा बिसिस्टता आहे। ऊ असम कर सुपरसिद्ध गायक भूपेन हजारिका आउर जुबिन गर्ग कर संगीत जगत में अमूल्य जोगदान कर स्मरन करते कहलयं कि उनकर काम भारतीय संगीत के नवा दिसा आउर ऊंचाई प्रदान कइर हे।







# काशी तमिल संगमम् देलक आस्था, आध्यात्मिकता आउर एकता कर संदेस

## काशी-तमिल संस्कृति से छउवामन के जोड़ेक कर सृजनात्मक पहल

प्रातः नागपुरी संवाददाता






**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर परिकल्पना एक भारत, श्रेष्ठ भारत ले साकार करेक कर दिसा में आयोजित काशी तमिल संगमम् 4.0 कर अंतर्गत आइज कर दिन आध्यात्मिकता, संस्कृति आउर सिछा-तीनों स्तर में अत्यंत सार्थक आउर प्रेरक रहे। तमिलनाडु से आवल प्रतिनिधिमंडल हनुमान घाट में पवित्र स्नान कइर भारत कर प्राचीन आध्यात्मिक परंपरा कर प्रति आपन आस्था प्रकट करलयं, हुवें संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नमो घाट इस्थित "बाल मंडप" में आयोजित बिसेस पाठसाला छउवामन के काशी आउर तमिलनाडु कर समृद्ध सांस्कृतिक बिरासत सेजोड़ेक कर महतपूर्न काम करलक।

आइज प्रातः काशी तमिल संगमम् 4.0 कर प्रतिभागीमन हनुमान घाट में बिधिवत पवित्र स्नान करलयं। ई अनुष्ठान न खली धरम आउर परंपरा कर अनुभव रहे, बलकि तमिलनाडु आउर काशी कर सदियों पुराना आध्यात्मिक संबंध कर पुनर्पुष्टि भी रहे। प्रतिभागीमन गंगा कर पावन धारा में स्नान कइर भक्ति, साधना आउर संस्कृति कर ऊ निरंतर धारा के आत्मसात करलयं, जे तमिल आउर काशी– दुईयों के समान रूप से ऊर्जा प्रदान कइर हे।





# झारखंड बिधानसभा अध्यछ आउर बिधायक से मिललक प्रतिनिधिमंडल

### थैलेसीमिया पीड़ित आउर रक्तदान कर मांग उपरे कार्रवाई कर भरोसा दिलालयं

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** विश्व दिव्यांता दिवस उपरे रक्तदान संगठन "लहू बोलेगा" आउर "झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन" कर संजुक्त प्रतिनिधिमंडल बिधानसभा अध्यछ रविंद्रनाथ महतो से झारखंड बिधानसभा में मिललक। उनके 14 सूत्री मांग थैलेसीमिया पीड़ितमन/परिजनमन के लिखित आवेदन, 19 सूत्री रक्तदान कर मुद्दा आउर 3 सूत्री दिव्यंगता उपरे स्मार-पत्र देलयं। प्रतिनिधिमंडल के श्री महतो गंभीरता से सुनलयं आउर समझलयं। अध्यछ कहलयं कि झारखंड थैलेसीमिया आउर रक्तदान कर मांग उपइ आवसयक कार्रवाई सुनिश्चित करल जाई। मोयं भी आपन छेतर में थैलेसीमिया पीड़ित आउर परिजनमन कर दर्द देइख हों। दिल्ली बॉन मैरो ट्रांसप्लांट ले दिल्ली भेइज रही। सचिव से भी बात करब।







प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस कर बिधायक दल कर नेता प्रदीप यादव से उनकर रांची इस्थित आवास में भेंटालक। उनकर से स्मार-पत्र उपरे बातचीत भी करलयं। प्रतिनिधिमंडल में नदीम खान, पॉवेल कुमार, बरोयान सुरंजन बाड़ा, रीना सुचित्रा टोप्पो, अजित कुमार मिश्रा, जयनाथ महतो, बिमला कच्छप, विनोद बैठा, जिलानी अंसारी, नईमउल्लाह खान, अकरम, बुलंद आदि सामिल रहयं।

## प्रेम से बोलू सभे



– डॉ.लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक, तपकरा।

धईन है अवध माटी
आलंय प्रभु राम।
धईन है भारत भूमि
कण कण में राम।
जीयत जीनगी भरी
करू शुभ काम।
प्रेम से तो बोलू सभे
जय सिया राम।। ध्रु0।।
उगते डुबते सूरज
होवे सुबह शाम।
रामकृपा बिनु कईसे
होवी कोनो काम।
राम ही हैं आदि अंत
आउर न कोई धाम।
प्रेम से तो बोलू सभे
जय सिया राम।

पाली मनुख तन
भुलली निज काम।
मझधारे फंसल हामर
तरणि हे राम।
जब छुटी प्राण चली
राम जी कर नाम ।
प्रेम से तो बोलू सभे
जय सिया राम।
विहरत नारायण
कही राम राम।

आय के उद्धार करू
बईठों आठो जाम।
आखिरी अभिलाषा हामर
पूरा करबंय राम।
प्रेम से तो बोलू सभे
जय सिया राम।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए शयाम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोरी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com